

11 दुल्हन जैसी सजीं शनाया कपूर, मानसून...


दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...




प्रतापगढ़ से सीएम योगी का हमलावर रुख... 12


गाजियाबाद, बुधवार 08 जुलाई 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 13 अंक: 121, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12


## केजरीवाल ने केंद्र को घेरा: 'एक मंत्री कुछ कहता है, तो दूसरा मंत्री कुछ और', ई20 ईंधन पर सरकार बोल रही झूठ

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ई20 ईंधन को लेकर जनता में भारी विरोध है। इसके बावजूद केंद्र सरकार अपने रुख पर अड़ी हुई है। केजरीवाल ने कहा कि उन्हें सरकार की इस जिद का कारण नहीं पता। सरकार अपनी बात से पीछे हटने को तैयार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लगातार एक के बाद एक झूठे दावे कर रही है। एक मंत्री कुछ कहता है, तो दूसरा मंत्री कुछ और।



केजरीवाल के अनुसार, केंद्र सरकार लोगों को ई20 ईंधन स्वीकार करने और उपयोग करने के लिए राजी करने के लिए नई रणनीतियां अपना रही है। सरकार भ्रामक दावे कर रही है। 3 जुलाई को केंद्र सरकार ने छह वाहन निमार्ताओं के प्रतिनिधियों को बुलाया था।

**● केजरीवाल के अनुसार, केंद्र सरकार लोगों को ई20 ईंधन स्वीकार करने और उपयोग करने के लिए राजी करने के लिए नई रणनीतियां अपना रही है**

**वाहन निमार्ताओं से अपील**

सरकार ने इन कंपनियों से एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित करने को कहा। उन्हें जनता को यह बताना था कि ई20 ईंधन पूरी तरह से ठीक है। इन कंपनियों में मारुति सुजुकी, टोयोटा किर्लोस्कर, हीरो मोटोकॉर्प, हुंडई मोटर, बजाज ऑटो और टीवीएस मोटर कंपनी शामिल हैं।

## अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट पर गुजरात हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

## 38 आतंकियों की फांसी और 11 की उम्रकैद बरकरार

**अहमदाबाद (आरएनएस)।** साल 2008 में अहमदाबाद को दहलाने वाले सीरियल ब्लास्ट मामले में गुजरात हाईकोर्ट ने आज अपना ऐतिहासिक फैसला सुना दिया है। हाईकोर्ट ने स्पेशल कोर्ट के फैसले पर मुहर लगाते हुए इस दिल दहला देने वाले हमले के 38 आतंकियों की फांसी की सजा को बरकरार रखा है। इसके साथ ही 11 अन्य दोषियों की उम्रकैद की सजा भी जारी रहेगी। अदालत ने पीड़ितों के हक में अहम निर्देश देते हुए इस हमले में जान गंवाने वाले 56 मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और 200 से अधिक घायलों को एक-एक लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है।



निचली अदालत के फैसले पर हाईकोर्ट की मुहर कानून के मुताबिक, किसी भी अपराधी की फांसी की सजा पर अमल के लिए हाईकोर्ट की मंजूरी अनिवार्य होती है। इसी के चलते मौत की सजा पाए दोषियों ने निचली अदालत के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जबकि राज्य सरकार ने भी सजा की पुष्टि के लिए याचिका दायर की थी।

गौरतलब है कि साल 2022 में सेशन कोर्ट ने 14 साल की लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद इस मामले को 'दुर्लभ से दुर्लभतमङ (रेयरेस्ट ऑफ रेयर) मानते हुए 38 आतंकियों को मौत की सजा और 11 को उम्रकैद सुनाई थी। भारतीय न्यायिक इतिहास में यह पहला मौका था जब किसी एक मामले में एक साथ 38 दोषियों को फांसी की सजा दी गई थी।

70 मिनट में 21 धमाकों से दहल उठा था शहर 26 जुलाई 2008 का वह काला दिन आज भी लोगों के जेहन में ताजा है, जब अहमदाबाद शहर महज 70 मिनट के भीतर एक के बाद एक हुए 21 बम धमाकों से कांप उठा था। इस बर्बर आतंकी हमले में 56 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी और 200 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। आतंकियों ने एक सुनियोजित साजिश के तहत नरोदा, बापू नगर, सरखेज और हटकेश्वर जैसे अत्यधिक भीड़भाड़ वाले इलाकों को अपना निशाना बनाया था।

**अस्पतालों और सिटी बसों में रचा गया था मौत का खेल**

हमलावरों ने इस क्रूर वारदात को अंजाम देने के लिए साइकिलों पर रखे टिफिन बॉक्स में बम छिपाए थे। आतंकियों ने सार्वजनिक स्थानों और बाजारों के साथ-साथ अहमदाबाद म्युनिसिपल ट्रांसपोर्ट सर्विस की सिटी बसों को भी निशाना बनाया, जिससे विस्फोट की तीव्रता से बसों के परखच्चे उड़ गए। क्रूरता की हद तब पार हो गई जब शुरूआती धमाकों के करीब 40 मिनट बाद दो अलग-अलग अस्पतालों के परिसरों के भीतर भी बम विस्फोट किए गए। इनमें से एक अस्पताल में धमाका ठीक उस वक्त हुआ, जब शुरूआती धमाकों में लहूलुहान और घायल हुए पीड़ितों को इलाज के लिए वहां भर्ती कराया जा रहा था।

## न्यूज डायरी

### जम्मू-कश्मीर में बारिश का कहर, डोडा में बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**जम्मू (आरएनएस)।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले से कुदरत के कहर की एक बड़ी खबर सामने आई है। क्षेत्र में जारी मूसलाधार बारिश के चलते मंगलवार को थथरी शहर के ऊंचाई वाले इलाकों में अचानक भीषण बाढ़ (फ्लैश फ्लड) आ गई। इस प्राकृतिक आपदा के कारण पहाड़ी से आए मलबे और पानी के तेज बहाव की चपेट में कई घर, दुकानें और वाहन आ



गए, जिससे उन्हें आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा है। हालांकि, राहत की बात यह है कि इस पूरी घटना में किसी भी तरह के जानी नुकसान या किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

**बादल फटने जैसी स्थिति से मची तबाही**

स्थानीय प्रशासन और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, थथरी के ऊपरी पहाड़ी क्षेत्रों में सुबह अचानक मूसलाधार बारिश शुरू हुई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। पहाड़ों से कंकड़-पत्थर और भारी मात्रा में कीचड़ नीचे रिहायशी इलाकों की तरफ बहकर आने लगा। अचानक आई इस बाढ़ के कारण थथरी बाजार और आसपास की सड़कों पर पानी भर गया, जिससे वहां खड़ी गाड़ियां मलबे में दब गईं और कई दुकानों व मकानों के निचले हिस्सों में पानी घुस गया। अचानक हुए इस जलप्रपात से स्थानीय निवासियों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई।

## मूसलाधार बारिश से महाराष्ट्र बेहाल

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के कई हिस्सों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने आम जनजीवन की रफ्तार पर पूरी तरह से ब्रेक लगा दिया है। सूबे के विभिन्न अंचलों में भारी जलभराव, सड़कों पर थमी गाड़ियों और उफान

**मुंबई-ठाणे सहित छह जिलों में छुट्टी**

मारते नदी-नालों के चलते जनजीवन बेपटरी हो गया है। इस बीच, मौसम विभाग द्वारा आगामी 24 घंटों के लिए मूसलाधार बारिश का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किए जाने के बाद प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। एहतियात के तौर पर राज्य के छह प्रमुख जिलों में स्कूल और कॉलेजों को बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए शैक्षणिक संस्थान बंद

लगातार बिगड़ते मौसम और बच्चों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए स्थानीय प्रशासन ने मुंबई शहर, मुंबई उपनगर, ठाणे, पालघर, नासिक और रायगढ़ जिलों के सभी स्कूलों और कॉलेजों में आज भी अवकाश घोषित किया है। संबंधित जिलाधिकारियों और नगर निगमों द्वारा जारी आधिकारिक आदेशों के अनुसार, यह फैसला सरकारी, निजी, एडेड और अनएडेड सभी तरह के शैक्षणिक संस्थानों पर समान रूप से लागू रहेगा। बीते कुछ दिनों से जारी मानसूनी बारिश के कारण मुंबई महानगर क्षेत्र , कोंकण और उत्तर महाराष्ट्र के मैदानी इलाकों में पानी भर गया है। निचले इलाकों में भारी जलजमाव के चलते सड़कों पर लंबा ट्रैफिक जाम लग रहा है। इसके साथ ही पटरियों पर पानी आ जाने की वजह से लोकल और लंबी दूरी की रेल सेवाओं के संचालन पर भी बुरा असर पड़ा है, जिससे दैनिक यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।




### सुरक्षा में कटौती पर लालू प्रसाद यादव की दो टूक, कहा-मैं बिहार का शेर हूं, मुझे सुरक्षा की कोई चिंता नहीं

**पटना (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने मंगलवार को अपनी सुरक्षा को लेकर जताई जा रही चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि उन्हें इससे कोई समस्या नहीं है और उन्होंने खुद को "बिहार का शेर" बताया। सुरक्षा स्तर में कमी को लेकर आईएएनएस से विशेष बातचीत में लालू यादव ने कहा, "मैं बिहार का शेर हूं और मुझे इससे कोई समस्या नहीं है।" मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा कथित रूप से राजनीतिक निशाना बनाए जाने के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, "उन्हें निशाना बनाने दो।"

इस मुद्दे पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की चुप्पी के बारे में पूछे जाने पर लालू यादव ने जवाब दिया, "हां, हर कोई चुप है।"

विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव द्वारा पार्टी का प्रभावी



नेतृत्व करने के सवाल पर आरजेडी सुप्रीमो ने कहा, "हां, वह पार्टी को अच्छी तरह से आगे ले जा रहे हैं। इसमें कोई समस्या नहीं है।"

उनकी ये टिप्पणी 2 जुलाई को बिहार की राजनीति के सबसे प्रतिष्ठित पतों में से एक, पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित बंगले के एक नए अध्याय में प्रवेश करने के कुछ दिनों बाद आई है क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने लगभग 20 वर्षों तक वहां रहने के बाद सरकारी बंगले को खाली कर दिया था। राबड़ी देवी अपने पति लालू यादव के साथ कौटिल्य नगर स्थित परिवार के निजी आवास में स्थानांतरित हो गईं। राबड़ी देवी 2 फरवरी, 2006 से सरकारी बंगले में रह रही थीं। यह आवास उन्हें विपक्ष की नेता के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान आवंटित किया गया था।

## कॉकरोच जनता पार्टी का एक्स अकाउंट बहाल होगा, केंद्र सरकार ने नहीं जताई आपत्ति

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के एक्स अकाउंट को बहाल करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने यह आदेश तब दिया, जब केंद्र सरकार ने स्वीकार किया कि उसे इस पर कोई आपत्ति नहीं है और खाते को बहाल किया जा सकता है। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता कोर्ट में पेश हुए थे। उन्होंने कहा कि खाता अनब्लॉक किया जा सकता है।




कोर्ट में पेश मेहता ने कहा कि यह अकाउंट राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) को ध्यान में रखते हुए प्रतिबंधित किया गया था। मेहता ने कहा, इसे उस समय ब्लॉक किया गया जब नीट परीक्षा होने वाली थी। लाखों छात्र परीक्षा में बैठने वाले थे। कई पोस्ट थीं, जिनसे छात्रों और अभिभावकों के बीच अफरा-तफरी मच सकती थी। अब परीक्षा समाप्त हो चुकी है। मेहता ने कहा, मुझे कोई दिक्कत नहीं है। मैं कहना चाहता हूं सभी लोग सतर्क रहें। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने सोशल मीडिया पर अकाउंट बनाया था, जिसे जबरदस्त कामयाबी मिली।

## सोलोमन द्वीपसमूह की स्वतंत्रता के 48 साल, विदेश मंत्री ने दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को सोलोमन द्वीपसमूह को उनकी स्वतंत्रता की 48वीं वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दीं। वहां की सरकार और जनता को बधाई देते हुए एक तस्वीर साझा की जो प्रगाढ़ द्विपक्षीय संबंधों का उदाहरण है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से एस जयशंकर ने अपने समकक्ष, सोलोमन द्वीपसमूह के विदेश मंत्री रिकी नेल्सन होएनिपवेला, को भी बधाई दी। जयशंकर ने लिखा, विदेश मंत्री रिकी नेल्सन होएनिपवेला, सोलोमन द्वीपसमूह की सरकार और वहां की जनता को स्वतंत्रता की 48वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं। उनकी पोस्ट के साथ साझा की गई तस्वीर फरवरी 2025 की है। तब भारत ने सोलोमन द्वीपसमूह के नेशनल रेफरल हॉस्पिटल को एक डायलिसिस मशीन उपहार स्वरूप प्रदान की थी। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, भारत और सोलोमन द्वीपसमूह के बीच राजनयिक संबंध मई 1987 में स्थापित हुए थे। सोलोमन द्वीपसमूह ने 2003 में नई दिल्ली में अपना मानद वाणिज्य दूतावास स्थापित किया था।



16 मार्च 2023 को सोलोमन द्वीपसमूह का एक प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली में अपना स्थायी राजनयिक मिशन स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए भारत पहुंचा था। दोनों देशों के संबंध मैत्रीपूर्ण हैं, और बहुपक्षीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर राजनीतिक सहयोग निरंतर बना हुआ है। पोर्ट मोरेस्बी स्थित भारतीय मिशन को सोलोमन द्वीपसमूह के लिए भी मान्यता प्राप्त है।

भारत की प्रशांत द्वीपीय देशों (पैसिफिक आइलैंड कंट्रीज-पीआईसी) के साथ साझेदारी 'एक्ट ईस्ट नीतिङ के तहत और मजबूत हुई है। इसी के तहत भारत-प्रशांत द्वीप सहयोग मंच (एफआईपीआईसी) की स्थापना की गई। एफआईपीआईसी की बैठकों के दौरान द्विपक्षीय साझेदारी और क्षेत्रीय स्थिरता पर जोर दिया गया है। 2025 के शिखर सम्मेलन में भारत की एजुकेशन से लेकर हेल्थ सेक्टर तक में मदद के लिए आभार जताया गया था। तत्कालीन विदेश मंत्री शेनेल अगोवाका ने बैठक में भारत का मदद के लिए आभार जताया था। उन्होंने डायलिसिस यूनिट उपलब्ध कराना, कोविड-19 महामारी के दौरान सहयोग और पैसिफिक गेम्स (2023) के आयोजन के लिए लॉजिस्टिक (रसद) सहायता के लिए धन्यवाद दिया था। 2023 में आधिकारिक रूप से स्थापित नई दिल्ली स्थित सोलोमन द्वीपसमूह के उच्चायोग (हाई कमीशन) के संचालन में भी भारत ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करने का उल्लेख किया था।

**ऐतिहासिक समझौते** | **मोदी की इंडोनेशिया यात्रा**

## रक्षा, खनिज, डिजिटल भुगतान और शिक्षा समेत कई क्षेत्रों में हुए ऐतिहासिक समझौते

**जकार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीन दिवसीय आधिकारिक इंडोनेशिया यात्रा के दौरान मंगलवार को राजधानी जकार्ता में भारत और इंडोनेशिया के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय वार्ता हुई। प्रधानमंत्री मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांटो की मौजूदगी में रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज, समुद्री सुरक्षा, डिजिटल भुगतान, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, अंतरिक्ष तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित अनेक रणनीतिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इन समझौतों से दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

**● राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांटो ने प्रधानमंत्री मोदी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान बिंतांग आदिपूर्णा से किया सम्मानित**

बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल तथा विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी उपस्थित रहे। वार्ता के बाद राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांटो ने प्रधानमंत्री मोदी को इंडोनेशिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान बिंतांग आदिपूर्णा से सम्मानित किया। यह प्रधानमंत्री मोदी को मिला 34वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।



**रक्षा सहयोग को मिली नई दिशा**

दोनों देशों ने बहुप्रतीक्षित ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल और तटीय रक्षा प्रणाली की आपूर्ति से जुड़े ऐतिहासिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत भारत इंडोनेशिया को मिसाइलों के साथ मोबाइल प्रक्षेपण प्रणाली, राडार, प्रशिक्षण तथा रखरखाव संबंधी सहायता भी उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और इंडोनेशिया की रिपब्लिकॉर्प के बीच अस्त्र हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की आपूर्ति को लेकर भी महत्वपूर्ण समझौता हुआ।

**सबंग बंदरगाह का संयुक्त विकास**

भारत और इंडोनेशिया ने मलक्का जलडमरूमध्य के निकट स्थित रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सबंग बंदरगाह के संयुक्त विकास पर सहमति जताई। इस परियोजना से हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और संपर्क व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## चढ़ावा चोरी विवाद पर विहिप का बड़ा बयान, ट्रस्ट की कार्रवाई को बताया पूरी तरह सही

**दिल्ली (आरएनएस)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने अयोध्या के राम मंदिर चढ़ावा घोटाले की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग उठाई है। विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने 'अमर उजाला डॉट कॉम' के विशेष कार्यक्रम 'खरी बात' में दोटूक कहा कि इस पूरे प्रकरण की ऐसी गंभीर जांच होनी चाहिए, जिसके दायरे से कोई भी रसूखदार व्यक्ति या पहलू बाहर न छूट पाए। हालांकि, उन्होंने मंदिर के प्रबंधन को सरकारी हाथों में सौंपने के विचार का कड़ा विरोध किया है। उनका मानना है कि सरकारी व्यवस्थाओं में भी अनियमितताओं की आशंका बनी रहती है। विहिप के अनुसार, राम मंदिर तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट की ओर से इस मामले में कोई कोताही नहीं बरती गई है, क्योंकि ट्रस्ट ने खुद ही तत्परता दिखाते हुए पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई और जांच में सहयोग कर रहा है।

**चंपत राय और जमीन खरीद विवाद पर विहिप का रुख**

ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय पर लग रहे आरोपों को लेकर आलोक कुमार ने कहा कि अभी यह प्रमाणित होना बाकी है कि उन पर उठाए जा रहे सवाल कितने सही हैं। जमीन खरीद में सामने आई कथित गड़बड़ियों पर उन्होंने साफ किया कि यह पूरा विषय एसआईटी की एफआईआर और जांच के दायरे में है, इसलिए अंतिम रिपोर्ट आने से पहले कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि इस विषय में उनके पास कुछ तथ्यात्मक जवाब मौजूद हैं, लेकिन उन्हें सार्वजनिक करने का यह सही समय नहीं है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# पुलिस ने जून माह में 176 गुम मोबाइल किए बरामद, 45 लाख रुपये के फोन मालिकों को लौटाए

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**बुलन्दशहर।** पुलिस ने गुम एवं खोए हुए मोबाइल फोन बरामद करने के अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। जून माह के दौरान जनपदीय पुलिस ने विभिन्न राज्यों और जनपदों से 176 गुम/खोए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द कर दिए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 45 लाख रुपये बताई गई है।

पुलिस के अनुसार, भारत सरकार द्वारा गुम, खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन की रिकवरी और उनके दुरुपयोग को रोकने के लिए CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल संचालित किया जा रहा है। इसी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर अभियान चलाकर मोबाइल फोन बरामद किए गए।

यह अभियान अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन के आदेश, पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र के निर्देशन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध नरेश कुमार के पर्यवेक्षण में संचालित किया गया।

अपने खोए हुए मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने बुलन्दशहर पुलिस का आभार व्यक्त किया। आमजन ने भी पुलिस के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण पहल बताया।

# भीषण गर्मी के चलते स्कूलों का समय बदला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कक्षा 1 से 8 तक के सभी परिषदीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त और सीबीएसई/आईसीएसई बोर्ड से संबद्ध स्कूलों के समय में बदलाव के आदेश जारी किए हैं।



जारी आदेश के अनुसार जनपद के सभी कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालय अब सुबह 8:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक संचालित होंगे। यह निर्णय छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। आदेश 8 जुलाई 2026 से लागू होगा और अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी विद्यालयों को निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए अभिभावकों से भी अपील की गई है कि बच्चों को पर्याप्त पानी पिलाकर ही स्कूल भेजें और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

# गैंगस्टर एक्ट के तहत 1.60 करोड़ की संपत्ति कुर्क, तीन मंजिला मकान और बाइक जब्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** गैंगस्टर एक्ट के तहत पुलिस और जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गौवध सहित अन्य अपराधों से अर्जित लगभग 1 करोड़ 60 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति कुर्क की है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी के आदेश तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सिकंद्राबाद क्षेत्र में की गई पुलिस के अनुसार थाना सिकंद्राबाद में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में आरोपी अय्यूब पुत्र अफलातून और उमर पुत्र इलियास, निवासी ग्राम तिलबेगमपुर, के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कुर्की की कार्रवाई की गई। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस की मौजूदगी में अय्यूब का लगभग 1 करोड़ रुपये मूल्य का तीन मंजिला मकान तथा उमर की करीब 60 हजार रुपये कीमत की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल कुर्क कर ली गई।





पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट, गौवध अधिनियम तथा शस्त्र अधिनियम के तहत पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। प्रशासन का कहना है कि अपराध से अर्जित अवैध संपत्ति के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# एसपी देहात द्वारा पुलिस लाइन स्थित मंगलवार परेड की सलामी ली

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**बुलन्दशहर।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अंतरिक्ष जैन ने मंगलवार को पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस कर्मियों के टर्नआउट की जांच की गई तथा शस्त्र संचालन, अग्निशामक यंत्रों के उपयोग और येलो टेप के माध्यम से घटनास्थल को सुरक्षित करने का अभ्यास कराया गया एसपी ग्रामीण ने विभिन्न थानों की सरकारी गाड़ियों एवं पीआरवी/डायल-112 वाहनों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नाइट चेकिंग रजिस्टर की समीक्षा करते हुए पीआरवी वाहनों में मेडिकल किट, येलो टेप सहित आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और रिस्पांस टाइम कम करने के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने आदेश कक्ष में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही पुलिस लाइन स्थित गैस एजेंसी, कैंटीन, एमटी शाखा, स्टोर रूम समेत विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सरकारी संपत्ति की देखभाल तथा सरकारी वाहनों की नियमित मेंटेनेंस एवं समय-समय पर जांच सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# मानसून की पहली बारिश में खुर्जा नगर पालिका के दावों की खुली पोल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**खुर्जा ।** मानसून की पहली ही बारिश ने खुर्जा नगर पालिका के जलनिकासी संबंधी दावों की पोल खोल दी। नगर के कई इलाकों में जलभराव होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़कों पर पानी भर जाने से राहगीरों, वाहन चालकों और छात्रों की आवाजाही प्रभावित रही।





कॉलेज रोड पर जलभराव के कारण छात्रों और आम नागरिकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान यही स्थिति बनती है, लेकिन नगर पालिका अब तक स्थायी समाधान नहीं कर सकी है। कई शिकायतों और पूर्व में हुए हादसों के बावजूद व्यवस्था में कोई खास सुधार देखने को नहीं मिला। बारिश से जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं जलभराव ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। कबाड़ी बाजार, पदम सिंह गेट, डीसीएम रोड समेत नगर के कई क्षेत्रों में सड़कों पर पानी भर गया, जिससे आवागमन बाधित रहा।

वहीं ककराला स्थित भार्गव गली में नाले का गंदा पानी बैक होकर गलियों में भर जाने से स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज लोगों ने हंगामा करते हुए आरोप लगाया कि वे कई महीनों से इस समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे सड़क जाम कर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

फिलहाल नगरवासियों की मांग है कि नगर पालिका जलनिकासी व्यवस्था को दुरुस्त कर बारिश के मौसम में होने वाले जलभराव से स्थायी राहत दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाए।

# पर्यावरण की रक्षा किसी एक सरकार या राजनीतिक दल की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का सामाजिक दायित्व है

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**बुलंदशहर।** अपना दल (एस) बुलंदशहर की मासिक समीक्षा बैठक जिला कार्यालय पर आयोजित की गई।ल बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा किसी एक सरकार या राजनीतिक दल की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का सामाजिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि अपना दल (एस) हमेशा से वंचित और दबे-कुचले समाज के उत्थान के साथ-साथ प्रकृति के संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्ध रहा है।

बैठक में "एक कार्यकर्ता, पाँच पेड़" अभियान को जन आंदोलन का रूप देने का संकल्प लिया गया। जिला अध्यक्ष ने सभी कार्यकताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में कम से कम पाँच पौधे लगाने तथा उनकी एक वर्ष तक देखरेख, सिंचाई और सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि "धरती को बचाना है तो पेड़ लगाना ही होगा, केवल पौधे लगाना नहीं बल्कि उन्हें जीवित रखना भी हमारी जिम्मेदारी है।"

इसके साथ ही बैठक में आगामी "हर घर झंडा" अभियान को ऐतिहासिक बनाने का भी आह्वान किया गया। कार्यकताओं से प्रत्येक घर पर राष्ट्रीय ध्वज सम्मानपूर्वक फहराने के लिए लोगों को जागरूक करने की अपील की गई।

बैठक में जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी के अलावा खालिक अंसारी, नीरज शर्मा, पुरुषोत्तम सैन, हाजी सबील अंसारी, मोहम्मद असलम, प्रतीक भारद्वाज, राजेश कुमार, अंकुर पाल, हाजी नईम, हामिद अली सैफी, ठाकुर सुशील राजपूत, अरुण सैन, पंडित उमेश शास्त्री, नसीम अहमद, प्रेम शर्मा, मोहम्मद जाहिद, राजेश बाबू सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिम व डिजिटल लाइब्रेरी की सीलिंग के विरोध में व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जिम (हेल्थ क्लब) और डिजिटल लाइब्रेरी पर की जा रही सीलिंग कार्रवाई के विरोध में सोमवार को उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और संचालकों ने सदर विधायक के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने कार्रवाई को एकतरफा और अव्यावहारिक बताते हुए इसे तत्काल रोकने तथा नियमों के सरलीकरण की मांग की।

उद्योग व्यापार मंडल के चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल (नरेंद्र) ने कहा कि सुरक्षा के नाम पर छोटे व्यापारियों का उत्पीड़न उचित नहीं है। उनका कहना था कि जिम युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करते हैं, जबकि डिजिटल लाइब्रेरी आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए शिक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐसे संस्थानों को केवल व्यावसायिक गतिविधि मानकर कार्रवाई करना उचित नहीं है।




हेल्थ क्लब विंग के अध्यक्ष मोहन सिंह ने कहा कि अधिकांश पुराने भवन वर्तमान मास्टर प्लान के अनुरूप नहीं हैं। ऐसे में केवल नक्शा पास न होने के आधार पर संस्थानों को सील करना व्यावहारिक नहीं है सचिव कपिल कपासिया ने आरोप लगाया कि सरकारी भवनों में भी कई आधुनिक मानकों का पूर्ण पालन नहीं हो रहा है, फिर केवल छोटे निजी व्यापारियों पर ही कार्रवाई क्यों की जा रही है। वहीं कोषाध्यक्ष सलमान खान ने पुराने भवनों के लिए अग्निशमन विभाग के एनओसी नियमों को व्यावहारिक बनाने तथा आधुनिक अग्निशमन उपकरणों को मान्यता देने की मांग की।

ज्ञापन में प्रदेशभर में जिम और डिजिटल लाइब्रेरी की सीलिंग पर रोक लगाने, संचालकों को फायर सेफ्टी मानक पूरे करने के लिए 3 से 6 माह का समय देने तथा छोटे व्यापारियों के लिए नियमों का सरलीकरण करने की मांग की गई।

इस दौरान अमित सिंघल, धरमराज, तेजवीर लोधी, मोहसिन कुरैशी, आदित्य गिरी, फरमान, गौरव, रवि लोधी, मुकेश अरोड़ा, सचिन बबलू सहित उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी, सदस्य और बड़ी संख्या में जिम एवं डिजिटल लाइब्रेरी संचालक मौजूद रहे।

# अहमदगढ़ में अवैध खनन पर बड़ी कार्यवाही, डंपर सीज

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**शिकारपुर।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक डंपर को पकड़कर सीज कर दिया। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सक्रिय खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, खनन अधिकारी को अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के रहमापुर गांव के पास मेरठ-बदायूं हाईवे किनारे अवैध मिट्टी खनन की सूचना मिली थी। सूचना पर मौके पर पहुंची टीम ने कार्रवाई करते हुए खनन में लगे एक डंपर को पकड़ लिया और उसे सीज कर दिया। इसके बाद सीज किए गए डंपर को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए अहमदगढ़ थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। बताया जा रहा है कि विभाग द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है और अवैध खनन में संलिप्त अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। खनन विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों में हड़कंप का माहौल है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**भूमि पूजन** | कार्यक्रम के अंत में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि और उपस्थित जनप्रतिनिधियों को स्मृति चिह्न भेंट कर आभार व्यक्त किया गया

# मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का भव्य भूमि पूजन संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** मुमरेजपुर में मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का भव्य भूमि पूजन संपन्न सांसद डॉ. भोला सिंह ने किया शिलान्यास, शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा नया विद्यालय जिलाधिकारी कुमार हर्ष और बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ गरिमामयी कार्यक्रम उत्तर प्रदेश शासन के बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के क्रम में आज जनपद बुलंदशहर के विकास क्षेत्र डिबाई के ग्राम मुमरेजपुर में एक ऐतिहासिक शुरूआत हुई ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक और उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से यहाँ 'मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय' के निर्माण हेतु भव्य भूमि पूजन और शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सांसद डॉ. भोला सिंह ने किया भूमि पूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बुलंदशहर के माननीय सांसद डॉ. भोला सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत भूमि पूजन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डिबाई विधायक चंद्र पाल सिंह जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए माननीय सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र के नौनिहालों के भविष्य को संवारने में मील का पत्थर साबित होगा। उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने और हर बच्चे तक आधुनिक सुविधाएं पहुँचाने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय विकास क्षेत्र डिबाई व दानपुर की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।





प्रशासनिक नेतृत्व और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। पूरा कार्यक्रम जिलाधिकारी कुमार हर्ष के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में जनपद के विधानसभाओं के माननीय विधायकगण एवं अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी जनप्रतिनिधियों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस मॉडल स्कूल के बनने से क्षेत्र के बच्चों को कॉन्वेंट स्कूलों जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं और शिक्षा मिल सकेगी।

विभाग की ओर से तैयारियों का जायजा बेसिक शिक्षा विभाग के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (BSA) वीरेंद्र कुमार सिंह ने कार्यक्रम की कमान संभाली। उन्होंने मुख्य अतिथि और सभी गणमान्य नागरिकों का स्वागत करते हुए विद्यालय की कार्य योजना पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि इस मॉडल कम्पोजिट विद्यालय में स्मार्ट क्लास, आधुनिक प्रयोगशालाएं, खेल का मैदान और सर्वसुविधायुक्त बुनियादी ढांचा तैयार किया जाएगा, ताकि ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। विकास क्षेत्र डिबाई की खंड शिक्षा अधिकारी हेमलता व विकास क्षेत्र दानपुर के खंड शिक्षा अधिकारी यशपाल, तथा विभाग के शिक्षक/शिक्षिका और विद्यालय के छात्र छात्राएं आदि सम्मानित अतिथिगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि और उपस्थित जनप्रतिनिधियों को स्मृति चिह्न भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, शिक्षक, शिक्षा विभाग के कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में माननीय सांसद जी व माननीय विधायक जी द्वारा वृक्षारोपण कर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती पर उनको याद किया

# फैमिली आईडी पंजीकरण की समीक्षा, सभी विभागों को दैनिक लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** मुख्य विकास अधिकार द्वारा बी0सी0 के माध्यम से फैमिली आई0डी0 की प्रगति की समीक्षा की गयी। जिसमें समस्त विकास खण्ड अधिकारियों को सभी ग्राम पंचायतों में प्रतिदिन 5 फैमिली आई0डी0 बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें विकास खण्ड भोजपुर 71, लोनी 46, मुरादनगर 54 तथा रजापुर 53 जो लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति पायी गयी। जिसमें निर्देश दिये गये कि प्रतिदिन का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम को निर्देश दिये गये कि प्रतिदिन 160 फैमिली आई0डी0 बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नगर निगम क्षेत्र के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रगति की समीक्षा की जायें और कल दिनांक 08-07-2026 तक लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति बढाना सुनिनिश्चित की जायें।

डी.सी. बेसिक शिक्षा विभाग, द्वारा अवगत कराया गया कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आज 122 फैमिली आई0डी0 पंजीकृत करायी गयी है। निर्देशित किया गया है कि जनपद में लगभग 446 विद्यालय है। अतः प्रति विद्यालय प्रतिदिन कम से कम 1 फैमिली आई0डी0 बनाना सुनिश्चित करें। खण्ड शिक्षा अधिकारीवार फैमिली आई0टी0 का लक्ष्य निर्धारित करके सत्त समीक्षा की जायें। इस कार्य में कोई लापरवाही न बरती जायें।उप निदेशक, कृषि द्वारा अवगत कराया गया कि किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों की सूची विकास खण्डवार तैयार कर सभी विकास खण्डों को उपलब्ध करा दी गयी है।

# गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी की लिफ्ट सुरक्षा और रखरखाव पर जीडीए सख्त, तीन दिन में कार्रवाई रिपोर्ट तलब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी में लिफ्टों के खराब एवं असुरक्षित संचालन, रखरखाव में लापरवाही तथा सुरक्षा मानकों की अनदेखी की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने प्रवर्तन जोन-4 को तत्काल संयुक्त निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

जीडीए के संयुक्त सचिव/सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी पत्र में शिकायतकर्ता गौरव बंसल की शिकायत का संज्ञान लेते हुए कहा गया है कि इससे पहले भी सोसायटी के रखरखाव एवं लिफ्ट संचालन से संबंधित कई शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक अपेक्षित निरीक्षण एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि लिफ्टों




का सुरक्षित संचालन जनसुरक्षा से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है।

अग्निशमन सुरक्षा उपायों एवं लिफ्टों के मानकों के अनुरूप संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही भविष्य में किसी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी।

जीडीए ने प्रवर्तन टीम को निर्देश दिए हैं कि वे मौके पर पहुंचकर सोसायटी का निरीक्षण करें, आरडब्ल्यूए एवं शिकायतकर्ता के साथ संयुक्त बैठक आयोजित करें तथा सभी लिफ्टों का संचालन उत्तर प्रदेश अपार्टमेंट एक्ट-2010, उत्तर प्रदेश लिफ्ट एक्ट-2023, राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम-2023, उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 तथा उत्तर प्रदेश लिफ्ट एवं एस्केलेटर अधिनियम-2024 के प्रावधानों के अनुरूप सुनिश्चित कराएं।

प्राधिकरण ने यह भी निर्देश दिया है कि की गई कार्रवाई एवं निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट अधिकतम तीन दिवस के भीतर जीडीए मुख्यालय को उपलब्ध कराई जाए।

इस कार्रवाई से सोसायटी के निवासियों में उम्मीद जगी है कि लंबे समय से लंबित लिफ्ट सुरक्षा एवं रखरखाव संबंधी समस्याओं का अब प्रभावी समाधान होगा और निवासियों को सुरक्षित एवं मानक अनुरूप सुविधाएं मिल सकेंगी।

# वसुंधरा के महाराजा अग्रसेन गोलचक्कर से महावीर चौक शिफ्ट होगा लेबर अड्डा, श्रमिकों के लिए लगेंगे विशेष शिविर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** कृष्ण अवतार सहायक श्रम आयुक्त ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि वसुंधरा सेक्टर-19 स्थित महाराजा अग्रसेन गोलचक्कर के आसपास दिहाड़ी मजदूरों के अनाधिकृत जमावड़े और उससे उत्पन्न हो रही समस्याओं को लेकर सत्यम खंड रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (रफ्हअ) द्वारा जिला प्रशासन से शिकायत की गई थी। स्थानीय निवासियों, विशेषकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा, यातायात में बाधा और ग्रीन बेल्ट को हो रहे नुकसान का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी महोदय के निदेर्शानुसार सहायक श्रम आयुक्त, गाजियाबाद द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों की शिकायतें सही पाई गई।

इस समस्या के स्थाई समाधान और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था व स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए जा रहे हैं। महाराजा अग्रसेन गोलचक्कर पर जुटने वाली लेबर को यहाँ से लगभग 2 किलोमीटर दूर महावीर चौक पर लेबर अड्डा स्थानांतरित किया जा रहा है, जहाँ खाली जमीन उपलब्ध है, यह प्रक्रिया कल से प्रभावी होगी। पुराने स्थल (गोलचक्कर) पर एक सार्वजनिक सूचना बोर्ड लगाया जाएगा, जिससे सभी श्रमिकों और आम जनता को इस स्थानांतरण की जानकारी मिल सके। नए स्थान (महावीर चौक) पर श्रमिकों की सुविधा के लिए श्रम विभाग द्वारा विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन कैंपों के माध्यम से श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और उनका मौके पर ही श्रमिक पंजीकरण भी कराया जाएगा।

जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा और सुविधाओं को बनाए रखने के साथ-साथ श्रमिकों के कल्याण के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# आरटीई के तहत शत-प्रतिशत दाखिले सुनिश्चित किए जाएं: जिलाधिकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में प्रत्येक कार्यदिवस की भांति मंगलवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ ने जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं

**प्राप्त प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो: रविन्द्र कुमार मॉदड़**

सुनीं। जनसुनवाई के दौरान फरियादियों ने राजस्व, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए), पुलिस, नगर निकाय, सामाजिक कल्याण सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया तथा उनके निस्तारण की



मांग की। इस दौरान शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के अंतर्गत दाखिलों से संबंधित प्रकरण भी सामने आए। इस पर जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि आरटीई के तहत पात्र बच्चों के शत-प्रतिशत दाखिले सुनिश्चित किए जाएं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

जनसुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर जिलाधिकारी (भूमि अध्याप्ति), सिटी मजिस्ट्रेट सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजपा (सत्य) ने प्रारंभ किया प्रभु श्री राम रक्षा आरती अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) ने राम मंदिर से जुड़े कथित चढ़ावा अनियमितता प्रकरण को लेकर की गई पूर्व घोषणा के मुताबिक 7 जुलाई यानी मंगलवार से देशव्यापी जनजागरण अभियान शुरू कर सनातन धर्मावलंबी अपने-अपने क्षेत्रों के श्रीराम एवं हनुमान मंदिरों में पहुंचकर आरती कार्यक्रमों में भाग लेंगे। सत्यपाल सिंह सिसोदिया ने आरोप लगाया कि राम मंदिर से जुड़े चंढ़ावे में कथित अनियमितताओं के कारण करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने मामले की



दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यपाल सिंह सिसोदिया द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पार्टी ने 7 जुलाई से पूरे देश में ह्यप्रभु श्री राम रक्षा आरती अभियानह्न प्रारंभ कर दिया है। अभियान का संचालन पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक शेरसिंह राणा के नेतृत्व में राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर किया जा रहा है। घोषणा केमुताबिक। अभियान के तहत पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। साथ ही कहा कि पार्टी इस मुद्दे को जनहित और आस्था से जुड़ा विषय मानते हुए देशभर में जागरूकता अभियान चलाएगी।

प्रेस विज्ञप्ति में चेतावनी दी गई है कि यदि कथित प्रकरण में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो पार्टी सितंबर के प्रथम सप्ताह में अयोध्या में बड़ा आंदोलन शुरू करेगी। पार्टी नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं से अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया है।

# जी0टी रोड स्थित श्री शनि मंदिर से महावीर धर्म कांटा तक लगभग 500 मीटर सड़क निर्माण सरकार को चेताया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** ए आई एम आई एम पार्टी के महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में सांकेतिक विरोध दर्ज करा गाजियाबाद जिलाधिकारी महोदय एवं लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का ध्यान आकर्षित करने हेतु विरोध दर्ज कराया पंडित मनमोहन झा गाना ने कहा कि जी टी रोड स्थित श्री शनि मंदिर से महावीर धर्म कांटा तक



लगभग 500 मीटर सड़क निर्माण करने में पीडब्ल्यूडी को लगभग 2 महीना हो गया परंतु अबतक अर्ध निर्मित है जिसकी वजह से रोजाना हजारों लोग जाम से जूझ रहे है,ठेकेदार मस्त ,जनता पस्त है जिससे कोई फर्क नहीं पड़ रहा भ्रष्ट सिस्टम पर, पीडब्ल्यूडी से ए आई एम आई एम पार्टी यथा शीघ्र निर्माण पूर्ण कराने की मांग करता है, सैल्यूट है यातत विभाग को की इस भीषण परस्थिति में अपने कार्य को ईमानदारी से निभा रहे है,'प्रदर्शन करने वाले में पंडित मनमोहन झा गाना , एड अदीब कमाल,वसीम राज,चंद्रमोहन झा, कपिल प्रजापति, शाहिद सैफी, अमिल खान, रोहित, नासिर अल्वी, खुर्शीद ,अमित आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नगर के दो स्थानों पर अवैध ई-रिक्शा चार्जिंग प्वाइंट पर विजिलेंस टीम के साथ विद्युत विभाग का छापा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** सोमवार की देर शाम को कस्बा क्षेत्र के कोट मोहल्ला और इंदिरापुरी कॉलोनी में बिजली चोरी का एक बेहद चौंकाने वाला और बड़ा मामला सामने आया है। इन दोनों ही घनी आबादी वाले क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से बिजली की चोरी की जा रही थी। मामले का खुलासा तब हुआ जब बिजली विभाग के आला अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली कि इन दोनों जगहों पर अवैध तरीके से ई-रिक्शा चार्जिंग प्वाइंट संचालित किए जा रहे हैं। जहां रोजाना दर्जनों ई-रिक्शा बिना किसी वैध कनेक्शन के चार्ज किए जा रहे थे। सूचना मिलते ही बिजली विभाग पूरी तरह से एक्शन मोड में आ गया। विभाग ने बिना वक्त गंवाए तत्काल विजिलेंस टीम को साथ लिया और स्थानीय विद्युत अधिकारियों के साथ मिलकर बताए गए ठिकानों पर अचानक छापेमारी कर दी। छापे के दौरान टीम ने मौके पर सीधे एलटी लाइन से कटिया डालकर बड़े पैमाने पर हो रही बिजली चोरी को रंगे हाथों पकड़ा। इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में मुख्य रूप से शामिल रहेः विजिलेंस टीम के विशेष अधिकारी. एसडीओ सत्य प्रकाश यादव,जेई संदीप चौहान, जेई विपिन प्यासी, विद्युत विभाग के लाइनमैन समेत समस्त स्टाफ आदि मौजूद रहा। मुरादनगर कस्बे के बीचों-



बीच स्थित कोट मोहल्ला और इंदिरापुरी में हुई इस अचानक छापेमारी से अवैध रूप से बिजली चोरी का धंधा करने वालों में हड़कंप मच गया है। बिजली विभाग की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई को नगर में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाइयों में से एक माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि बिजली चोरी करने वाले इन अवैध चार्जिंग प्वाइंट संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। और भारी जुमार्ना लगाने के साथ-साथ मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। विभाग ने चेतावनी दी है कि क्षेत्र में कहीं भी बिजली चोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### 21, 22 और 23 अगस्त को होगा विशेष लोक अदालत का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** सर्वोच्च न्यायालय में लंबित वादों के सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "समाधान समारोह-2026" अभियान का शुभारंभ 21 अप्रैल 2026 को किया गया है। इसी क्रम में 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत का आयोजन होगा। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद, सचिव द्वारा दी गयी। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य न्याय को सरल, सुलभ और जनसामान्य तक पहुंचाना है। विशेष लोक अदालत में सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का आपसी सहमति से निस्तारण किया जाएगा।

### कुचेसर चौपला पर डिवाइडर से टकराई बाइक, मां-बेटा गंभीर, मेरठ मेडिकल रेफर

बुलन्द सदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में कुचेसर चौपला के पास मंगलवार दोपहर एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिखेड़ा में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार हापुड़ निवासी अनुज अपनी मां राजेश के साथ बाइक



से सिंभावली दवाई लेने आ रहे थे। जैसे ही वे कुचेसर चौपला के पास पहुंचे, उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**लापरवाही**

## इस क्षेत्र में एक सप्ताह से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है

# नगर पालिका मुरादनगर की घोर लापरवाही, लोग पानी पानी की एक एक बूंद को तरसे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** एक तरफ जहां भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है, वहीं दूसरी तरफ मुरादनगर नगर पालिका की घोर लापरवाही के कारण शहर के लोग पानी की एक एक बूंद को तरस रहे हैं। नगर की सरना वाली गली में तकिये वाली मस्जिद से लेकर सरना चौपला तक नगर पालिका मुरादनगर के जल विभाग की लापरवाही के कारण इस क्षेत्र के लोग से पानी को लेकर परेशान हैं। इस क्षेत्र में एक सप्ताह से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। प्रभावित लोगों का कहना है कि पानी की आपूर्ति क्यों नहीं हो रही है, इसकी नगरपालिका की तरफ से कोई सूचना भी नहीं दी गई है। पानी नहीं आने से परेशान क्षेत्र वासी एक महिला फूल मिजरा ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है, जिस कारण लोग





पानी की एक एक बूंद को तरस गए हैं, बच्चे स्कूल भी बगैर नहाये जाने पर मजबूर हैं। क्षेत्र वासी योगेश कश्यप ने बताया कि इस सरना वाली गली के क्षेत्र में तकिया वाली मस्जिद, आढ़त वाली गली, छितरा बस्ती, सरना चौपला, पाइपलाइन रोड, व अन्य गलियों में भी पिछले एक सप्ताह से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। नगरपालिका के अधिकारियों से इस बारे में जानकारी चाहते हैं तो वह टाल मटोल कर देते हैं। जब इस क्षेत्र के लोग एकत्र हो कर नगरपालिका गए तब कहीं जाकर एक पानी का टैंकर आया जिससे लोगों की परेशानी थोड़ी कम हुई, इनके अलावा गुलफाम, अनिता, बबली, फूल बानो, शमा, व राजकुमारी से भी बात की गई तो इन सबका भी यही कहना है कि इतनी भीषण गर्मी पड़ रही है, इसके बावजूद नगरपालिका के अधिकारी क्षेत्र की जनता को परेशान करने पर तुले हुए हैं, भीषण गर्मी होने के बावजूद क्षेत्र के करीब ढाई हजार लोग सात दिन से पानी की एक एक बूंद को तरस रहे हैं, लेकिन नगरपालिका के अधिकारियों के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। पानी की भारी किल्लत के कारण नगर पालिका के प्रति लोगों में आक्रोश है।

वहीं जब इस बारे में नगरपालिका मुरादनगर के अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि पाइप लाइन रोड पानी की पाइप लाइन डेमेज हो हो गई थी जिसको जोड़ा जारहा था। आज वह पाइप लाइन ठीक हो गई है, जल्द ही पानी की सप्लाई शुरू करदी जाएगी।

**Name change**

I July khan Begum w/o Zahid Ali Resident of H.no-351,Vill-Maman Kalan Post-Dhamrawali Distt-Bulandshahr (u.p) Have changed my Name from July khan Begum to Jule Khan Henceforth I would be Known by the name of Jule Khan For All Future Purpose.

**Name change**

I Yasmeen w/o Estkar Ahmad Resident of Vill-Maman Kalan Post-Dhamrawali Distt-Bulandshahr (u.p) Have changed my Name from Yasmeen to Yasmeen Begum Henceforth I would be Known by the name of Yasmeen Begum For All Future Purpose.

# शहर के सौंदर्यीकरण को पलीता लगा रहे हैं, सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं के बैनर पोस्टर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** जिस जनता के टैक्स से बसूले गये पैसों से शहर को विकास कराया जा रहा है, उसी सौंदर्यीकरण और विकास को पलीता लगा रहे हैं, रामघाट रोड़ पर एसएसएमबी इंटर कॉलेज और महाजन होटल तक लगे डिवाडरों और फैंसी लाइट के खंबों पर लगे सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं और महापौर की फोटो लगे बैनर, फ्लैक्स, नगर निगम नतमस्तक बना हुआ। क्यों कि नियम कानून को नगर निगम ने आमजन के लिए बना रखा है। लेकिन आमजनता को नियम कानून बताने वाले नगर निगम अधिकारी, स्वंय नगर आयुक्त का जोर सत्ता के नेताओं पर नहीं चल रहा है।




# उम्र बढ़ने के साथ बढ़ता है ब्रेस्ट कैंसर का खतरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़** । ब्रेस्ट कैंसर महिलाओं में होने वाले सबसे आम कैंसरों में से एक है। बढ़ती उम्र के साथ इसका खतरा भी बढ़ जाता है। लेकिन आज भी कई लोग मानते हैं कि अधिक उम्र की महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर कम होता है या फिर उनका इलाज संभव नहीं है। ऐसी गलत धारणाओं के कारण कई बार बीमारी की पहचान देर से होती है और इलाज में भी देरी हो जाती है।

**लेकिन सही समय पर जांच और इलाज से मिल सकती है बेहतर जिंदगी**

मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी (ब्रेस्ट) विभाग कि सीनियर डायरेक्टर , डॉ. राजिंदर कौर सग्गू ने बताया, "अक्सर लोग सोचते हैं कि ब्रेस्ट कैंसर सिर्फ कम उम्र की महिलाओं को होता है, जबकि सच्चाई यह है कि 65 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं में इसका खतरा सबसे ज्यादा होता है। इसलिए बढ़ती उम्र के साथ भी नियमित जांच और डॉक्टर की सलाह लेना बहुत जरूरी है।" कई महिलाएं 70 वर्ष की उम्र के बाद मैमोग्राफी कराना बंद कर देती हैं। यदि महिला की सेहत अच्छी है, तो डॉक्टर की सलाह के अनुसार नियमित मैमोग्राफी करानी चाहिए। साथ ही स्तन में किसी भी नई गांठ, सूजन, त्वचा में बदलाव या निप्पल से किसी तरह का असामान्य स्राव दिखाई दे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।



डॉ. सग्गू ने कहा, "यह धारणा भी गलत है कि अधिक उम्र की महिलाओं का इलाज नहीं किया जा सकता। इलाज का फैसला केवल उम्र देखकर नहीं, बल्कि मरीज की कुल स्वास्थ्य स्थिति और शारीरिक क्षमता को ध्यान में रखकर किया जाता है। आज सर्जरी, रेडिएशन, हार्मोन थेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी जैसे कई सुरक्षित और प्रभावी विकल्प उपलब्ध हैं।"

कीमोथेरेपी को लेकर भी लोगों में कई तरह की गलतफहमियां हैं। पहले की तुलना में अब इलाज काफी बेहतर और सुरक्षित हो गया है। आज मरीज की जरूरत के अनुसार दवाइयों और इलाज का चयन किया जाता है। हार्मोन रिसेप्टर पॉजिटिव कैंसर में सीडीके 4/6 इनहिबिटर्स , एचईआर2 पॉजिटिव कैंसर में टार्गेटेड थेरेपी और नई एंटीबॉडी-ड्रग कॉन्जुगेट जैसी आधुनिक दवाइयों से अच्छे परिणाम मिल रहे हैं और इनके दुष्प्रभाव भी पहले की तुलना में कम हैं।

# महर्षि वाल्मीकि सेना ने नगर आयुक्त के नेतृत्व में किए जा रहे कार्यों की सराहना की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** महर्षि वाल्मीकि सेना कोल विधानसभा अध्यक्ष श्याम कुमार वाल्मीकि व महामंत्री विकास वाल्मीकि के द्वारा लोको वाल्मीकि बस्ती की समस्याओं को लेकर के भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष व महर्षि वाल्मीकि सेना के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम जीनवाल वाल्मीकि के नेतृत्व में अलीगढ़ महानगर के सबसे लोकप्रिय नगर आयुक्त श्री प्रेम प्रकाश मीणा जी के कार्यालय नगर निगम सेवा भवन पहुंचे जहां विक्रम जीनवाल एवं वाल्मीक समाज की ओर से श्रीमान नगर आयुक्त महोदय को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत अभिनंदन किया गया साथी भाजपा नेता विक्रम जीनवाल वाल्मीकि ने बताया कि आपके नेतृत्व में युद्ध स्तर पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं उसका महर्षि वाल्मीकि सेना की ओर से हम आपका स्वागत अभिनंदन करते हैं साथ ही लोको वाल्मीकि बस्ती गली नंबर 10 में बलबीर सिंह के मकान से अनिल के मकान तक की गली हैं जहां जल भराव की समस्या बनी रहती है इसके लिए आपसे प्रार्थना करते हैं की आप इस गली को जल्द से जल्द बनाए जाने की आदेश पारित करने की कृपा करें जिस पर नगर आयुक्त महोदय ने तत्काल उस जगह को देखने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया जिस पर पूरे महर्षि वाल्मीकि सेना के कार्यकताओं ने नगर आयुक्त महोदय का आभार प्रकट किया इस मौके पर रमेश प्रधान वाल्मीकि अनिल कुमार वाल्मीकि विक्टर वाल्मीकि विनोद कुमार वाल्मीकि नरेश कुमार वाल्मीकि रूपेश वाल्मीकि पिंटी वाल्मीकि सनी भदोरिया राहत भाई विकास आदि लोग उपस्थित रहे।




# जूनियर बालक बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए अलीगढ़ मण्डल की टीम घोषित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** आगामी 10 से 13 जुलाई 2026 तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय, चित्रकूट में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए अलीगढ़ मण्डल की टीम का चयन कर लिया गया है। क्षेत्रीय खेल कार्यालय, अलीगढ़ (महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्पोर्ट्स स्टेडियम) में आयोजित हुई मण्डल स्तरीय चयन प्रतियोगिता के बाद इस टीम की घोषणा की गई। इस मण्डल स्तरीय चयन प्रतियोगिता के सफल आयोजन में स्टेडियम के सभी प्रशिक्षक एवं कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही और सभी का पूर्ण सहयोग रहा। टीम की रवानगी से पूर्व क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती पूनम लता राज ने चयनित मुक्केबाजों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनका हौसला बढ़ाया। अलीगढ़ मण्डल की इस टीम में चयनित मुक्केबाजों में अलीगढ़ के राम वार्ष्णेय 44-46 किग्रा, हाथरस के तौफीक 46-48 किग्रा, अलीगढ़ के इरफान 50-52 किग्रा, अलीगढ़ के अमन कुमार 52-54 किग्रा, हाथरस के अनुज चौधरी 54-57 किग्रा, अलीगढ़ के शिव कुमार अत्री 57-60 किग्रा, अलीगढ़ के आकाश सिंह 60-63 किग्रा, अलीगढ़ के मयंक सारस्वत 63-66 किग्रा और अलीगढ़ के हिमांशु कुमार 66-70 किग्रा भार वर्ग में अपना दमखम दिखाएंगे।



इस जूनियर बॉक्सिंग टीम के साथ बॉक्सिंग कोच श्री अथक पटेल टीम के साथ चित्रकूट जाएंगे, जिन्हें प्रतियोगिता में टीम का बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। टीम के चयन और तैयारियों में जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव श्री सोम प्रकाश शर्मा और रेफरी व जज श्री प्रांशु चौधरी का भी विशेष योगदान रहा। सभी खेल पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि अलीगढ़ मण्डल के ये खिलाड़ी प्रदेश स्तर पर पदक जीतकर मण्डल और अपने जिले का नाम रोशन करेंगे।

# नवविवाहिता की दहेज प्रताड़ना से मौत के मामले में पति को 7 साल की सजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** जिला अदालत ने दहेज मृत्यु के एक मामले में नवविवाहिता सीमा के पति मुकेश कुमार को दोषी ठहराया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रवीश कुमार अत्री की अदालत ने मुकेश को सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। वहीं, सास विद्यादेवी और ससुर चंद्रपाल को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया।



इस मामले की रिपोर्ट थाना जवां में मृतका सीमा के भाई अशोक कुमारी दिर्ज कराई थी। उनकी बहन सीमा का विवाह 21 अप्रैल 2022 को बहादुरपुर निवासी मुकेश कुमार से हुआ था। आरोप था कि शादी के कुछ समय बाद ही अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर सीमा को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। 15 सितंबर 2022 को सीमा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पुलिस जांच के बाद पति मुकेश कुमार, ससुर चंद्रपाल और सास विद्यादेवी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण फांसी लगने से दम घुटना बताया गया।

सुनवाई के दौरान अदालत ने गवाहों के बयान और अन्य साक्ष्यों का परीक्षण किया। न्यायालय ने माना कि विवाह के कुछ ही महीनों के भीतर सीमा को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया और मृत्यु से पहले उसके साथ क्रूरता की गई। इसी आधार पर अदालत ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 113-बी के तहत कानूनी उपधारणा लागू करते हुए इसे दहेज मृत्यु का मामला माना।

न्यायालय ने मुकेश कुमार को भारतीय दंड संहिता की धारा 304-बी (दहेज मृत्यु) के तहत सात वर्ष का सश्रम कारावास, धारा 498-ए के तहत दो वर्ष का कारावास तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4 के तहत एक वर्ष की सजा सुनाई है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। वहीं, सास और ससुर को पर्याप्त साक्ष्य न मिलने के कारण दोषमुक्त कर दिया गया।

# नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,अलीगढ़ महोदय के निर्देशन में जनपद में गठित एण्टी रोमियो टीमों/मिशन शक्ति टीमों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-5" के द्वितीय चरण के तहत सशक्तीकरण/ विश्वास का वातावरण बनाने नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन हेतु जनपद में महिला सुरक्षा एवं मनचलों, शोहदों द्वारा छेडछाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत बाजारों, कोचिंग सेन्टर, पार्क, बस स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन आदि भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों के आसपास भ्रमणशील रहकर सतत निगरानी रखी जा रही है। महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन की दिशा में चलाई जा रही महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न वूमेन पावर हेल्प लाइन 1090, यूपी-112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181 व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर ,फेसबुक इंस्टाग्राम) आदि का सतर्कतापूर्ण उपयोग करने संबंधी जानकारियां देते हुए जागरूक किया जा रहा है तथा किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल उक्त दिए गए हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल करने हेतु बताया जा रहा है । मिशन शक्ति फेज-5 के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा गाँवों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड/ बाजार/ गांव/ कस्बा/ स्कूल/ कालेज/सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए महिलाओं/बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है ।



# ब्रेक लगते ही वाहन से गिरा पशु, घसीटकर दोबारा चढ़ाने का वीडियो वायरल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के खेरेश्वर चौराहे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दावा किया जा रहा है कि वाहन के अचानक ब्रेक लगाने पर ऊपर लदा एक पशु नीचे गिर गया। इसके बाद एक युवक पशु को घसीटकर दोबारा वाहन में चढ़ाता हुआ दिखाई देता है वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने इसे पशु क्रूरता का मामला बताते हुए संबंधित अधिकारियों से जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, सोशल मीडिया पर यह दावा भी किया जा रहा है कि वाहन में ले जाए जा रहे पशुओं की सप्लाई अलीगढ़ की मीट फैक्ट्री में की जा रही थी। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है यदि जांच में पशुओं के परिवहन के दौरान नियमों के उल्लंघन या पशु क्रूरता की पुष्टि होती है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जा सकती है। फिलहाल प्रशासन की ओर से मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। अब देखना होगा कि जांच के बाद पुलिस और संबंधित विभाग क्या कार्रवाई करते हैं।



# नाइजीरिया का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल को 8 जुलाई को टप्पल में

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में 08 जुलाई को विकास खंड टप्पल में नाइजीरिया के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के लिए समावेशी एवं सतत अनुकूलनशील सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों विषय पर विशेष सत्र एवं क्षेत्र भ्रमण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों द्वारा विकसित सफल आजीविका मॉडलों, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा एवं रोजगार सृजन की अभिनव पहलों से प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराना है। मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्वान्ह 11:30 बजे से जीवन ज्योति एमसीएलएफ द्वारा प्रतिनिधिमंडल का स्वागत एवं संवाद सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्वयं सहायता समूहों की उपलब्धियों एवं मिशन की कार्यप्रणाली का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। इसके उपरांत प्रतिनिधिमंडल को क्षेत्र भ्रमण के दौरान विभिन्न सफल आजीविका इकाइयों एवं सामुदायिक संस्थाओं का अवलोकन कराया जाएगा।



क्षेत्र भ्रमण के दौरान अपरान्ह 02 बजे से प्रतिनिधिमंडल भरतपुर ग्राम में स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित एलसीबी फर्टिलाइजर एवं अन्य आजीविका गतिविधियों का निरीक्षण करेगा। इसके बाद अपरान्ह 03:15 बजे से जट्टारी में समूहों द्वारा संचालित बैग निर्माण इकाई, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र, उन्नति एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट एवं जीआरसी सेंटर का भ्रमण कर वहां संचालित नवाचारों, उद्यमिता मॉडल और सामुदायिक सहभागिता की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अवलोकन करेगा।

# ऑनलाइन शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य के लिए मंगलायतन विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए मंगलायतन विश्वविद्यालय ने एक और राष्ट्रीय उपलब्धि अपने नाम की है। विश्वविद्यालय को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), कानपुर में आयोजित स्वयं-एनपीटीईएल समन्वयक सम्मान कार्यशाला में प्रतिष्ठित संभावना सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विश्वविद्यालय को स्वयंझएनपीटीईएल के मूक ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के प्रभावी संचालन, विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता तथा ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। कार्यशाला में उत्तर भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों के स्वयं-एनपीटीईएल समन्वयक, ऑनलाइन पाठ्यक्रम समन्वयक तथा शिक्षाविदों ने भाग लिया।




**प्रदर्शन** | आलू, मक्का की माला डालकर और बुग्गी मे बिजली के तार और बल्ब लगाकर पहुंचे डीएम कार्यालय

# किसान मजदूर संगठन का अनोखा प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मंगलवार को डीएम कार्यालय पर किसान मजदूर संगठन का एक अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला। आलू, मक्का की माला डालकर और बुग्गी मे बिजली के तार और बल्ब लगाकर पहुंचे

किसान मजदूर संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह के आवाहन पर किसान मजदूर संगठन अलीगढ़ के जिला अध्यक्ष बंटी जादौन के नेतृत्व में एक दिवसीय किसान मजदूर अधिकार मार्च निकालकर धरना प्रदर्शन किया गया। जिलाधिकारी के सामने किसानो की समस्याओं को रखते हुए कहाकि किसानों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि किसानों को न तो समय पर संसाधन उपलब्ध हो रहे हैं और न ही उनकी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है। धान की रोपाई के मौसम में किसानों को प्रतिदिन 15 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए जबकि किसानो को मात्र 6 घंटे ही बिजली मिल पा रही है ट्रांसफार्मर के जल जाने पर 24 घंटे में बदला जाए जिससे अपनी फसल की रोपाई समय पर कर सके। सभी सहकारी समितियों एवं बिक्री केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए तथा किसान को एक दिन कम से कम 10 बैग खाद दिया जाए निजी विक्री केंद्रो से खाद लेने पर साथ दो हजार का लगेज को बंद कराया जाए एवम कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।




बृज प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह राघव ने बताया की अलीगढ़ की ऐतिहासिक साथा चीनी मिल का शीघ्र निर्माण एवं संचालन प्रारंभ किया जाए, जिससे गन्ना किसानों को लाभ और युवाओं को रोजगार मिल सके एवं गन्ने का क्षेत्रफल बढ़ाने के प्रयास विभाग को करने चाहिए। इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से कौशल सिंह, जिलाध्यक्ष अधिवक्ता प्रकोष्ठ अमित सारस्वत, सहित सेकड़ो किसान उपस्थित हैं।

# डयूटी पर जा रही प्रधानाचार्य की सड़क हादसे में मौत, कार की टक्कर के बाद अस्पताल में तोड़ा दम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** थाना रोरावर क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में ड्यूटी पर जा रही प्रधानाचार्य श्रीमती रेखा लवानिया की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं।

बताया जा रहा है कि हादसे के बाद कार चालक ही घायल प्रधानाचार्य को तत्काल उपचार के लिए दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय लेकर पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। प्रधानाचार्य की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है तथा कार चालक के संबंध में भी आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# मानव सेवा मिशन की नई कार्यकारिणी घोषित, विनोद गुप्ता अध्यक्ष,दिनेश माहेश्वरी महामंत्री बने

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मानव सेवा मिशन, हापुड़ (रजि0) की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से कर दिया गया। रेवतीकुंज स्थित गुष्णा फूड लेबोरेटरी में हुई बैठक में सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध चुना गया।



चुनाव अधिकारी एड0 राजकुमार त्यागी ने बताया कि किसी पद पर एक से अधिक दावेदार न होने के कारण चुनाव की जरूरत नहीं पड़ी।

बैठक में विनोद कुमार गुप्ता को अध्यक्ष, दिनेश कुमार माहेश्वरी को महामंत्री और राकेश कुमार महेश कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा उप महामंत्री, ऑडिटर, प्रचार मंत्री, कानूनी सलाहकार, आर्थिक सलाहकार और संगठन मंत्री के पदों पर भी नाम तय किए गए। अनुशासनात्मक कमेटी में गिरीश अग्रवाल, रविंद्र गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, अरुण अग्रवाल, सत्यप्रकाश गुप्ता, सुरेश सिंघल, राजेश अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, सचिन गुप्ता, नरेन्द्र शर्मा और मुकेश माहेश्वरी सहित 16 सदस्य शामिल किए गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज सेवा के कार्यों को गति देने का संकल्प दिलाया गया।

# कांग्रेस की सद्बुद्धि पदयात्रा को प्रशासन ने रोका, तीखी नोक झोंक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मंगलवार को जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरों के विरोध में निकाली जाने वाली सद्बुद्धि पद यात्रा की परमिशन नहीं मिलने के कारण कांग्रेसजनों को जिला कांग्रेस मुख्यालय पर सदर एसडीएम इला प्रकाश की मौजूदगी में पुलिस क्षेत्राधिकारी अनीता चौहान व कोतवाल मनीष चौहान द्वारा भारी पुलिस बल की तैनाती के चलते रोक लिया गया। इसके चलते कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी की अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई।

- अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरों के विरोध में निकाली जा रही थी पदयात्रा
- भाजपा चढ़ावा चोरों को बचाने का काम कर रही है, राकेश, इरफान






कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि सरकार भले ही पदयात्रा को रोक सकती हैं,लेकिन उनकी आवाज को नहीं दबा सकती। कांग्रेस जनों ने प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सद्भाव यात्रा को रोकने पर भाजपा सरकार की कड़ी निंदा की हैं।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी और शहर अध्यक्ष इरफान अहमद के संयुक्त नेतृत्व में एकत्रित हुए कांग्रेस जनों ने अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी करने वाले चोरों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उन्हें सद्बुद्धि देने की ईश्वर से कामना की हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में सनातन धर्म में आस्था रखने वाले हिंदुओं की आस्था पर भाजपा सरकार प्रहार कर रही है। जब चढ़ावा चोरी करने वाले लोगों का पता लग गया,तो भाजपा सरकार ने उन लोगों पर क्या कार्यवाही की,आखिर उन लोगों पर एफआईआर दर्ज करने में भाजपा सरकार क्यों कतरा रही है? शहर अध्यक्ष इरफान अहमद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी भी अच्छी तरह से जानती है,कि अगर उन्होंने चढ़ावा चोरों के खिलाफ कोई कड़ी कार्यवाही की तो चढ़ावा चोरी में लिप्त बड़े बड़े नेताओं के नाम उजागर होंगे। इसलिए सरकार हल्की-फुल्की कार्यवाही कर चढ़ावा चोरों को बचाने का काम कर रही है।

इस अवसर पिलखुआ नगर अध्यक्ष रजनीश त्यागी,गढ़मुक्तेश्वर नगर अध्यक्ष मुकेश कौशिक, पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी मानवी सिंह,एससी,एसटी कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक मोघे,एड. रघुवीर सिंह,आई सी शर्मा, डॉक्टर फराहीम, रामलाल आर्य,पंकज चौधरी,प्रवीण शर्मा, यशपाल ढीलोर,इकबाल प्रधान, मजहर खान, सुखपाल गौतम,पवन कौशिक,सौरभ शर्मा,हर्ष कुमार सिरोही, गुलफाम कुरैशी,कुसुम लता,नरेश भाटी, गौरव गर्ग, नफीस,मनोज शर्मा, देवीराम, डालचंद शर्मा,बिजेंद्र त्यागी, जितेंद्र नागर,पदम सिंह साहनी,खुशनूद अली, अरुण वर्मा, सुशील कश्यप, रामू चौधरी, संजय छाबड़ा,कपिल शर्मा, आदि मौजूद रहे।

# रॉयल वाल्मीकि आर्मी ने की कांग्रेस प्रवक्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** एक डिबेट के दौरान भगवान वाल्मीकि और वाल्मीकि समाज के विधायक पर अमर्यादित टिप्पणी करने के आरोप में रॉयल वाल्मीकि आर्मी ने कांग्रेस प्रवक्ता दीपक झा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है। संगठन ने इसे पूरे समाज का अपमान बताते हुए कड़ी नाराजगी जताई है।

**भगवान वाल्मीकि पर अमर्यादित टिप्पणी का आरोप, आंदोलन की चेतावनी, थाना धौलाना में दी तहरीर**



रॉयल वाल्मीकि आर्मी के पदाधिकारियों के अनुसार, डिबेट के दौरान राम मंदिर चंदा चोरी के मुद्दे पर चर्चा हो रही थी। इसी दौरान कांग्रेस प्रवक्ता दीपक झा ने वाल्मीकि समाज के विधायक को निशाना बनाते हुए भगवान वाल्मीकि के लिए "चोर, डाकू और लुटेरा" जैसे शब्दों का प्रयोग किया। संगठन का कहना है कि इससे पूरे वाल्मीकि समाज में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि हमारे भगवान के बारे में इस तरह की टिप्पणी हमें बर्दाश्त नहीं है।

हापुड़ जिले की रॉयल वाल्मीकि आर्मी की टीम ने थाना धौलाना में कांग्रेस प्रवक्ता दीपक झा के खिलाफ थाने में तहरीर दी।

रॉयल वाल्मीकि आर्मी के हापुड़ जिला अध्यक्ष सन्नी जीनवाल ने कहा कि इस बयान ने पूरे वाल्मीकि समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। संगठन ने अपने जिला अध्यक्षों के माध्यम से पूरे प्रदेश के प्रत्येक जिले में कांग्रेस प्रवक्ता के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराने का आह्वान किया है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन इस प्रकरण में लापरवाही बरतता है तो रॉयल वाल्मीकि आर्मी सड़कों पर उतरकर कांग्रेस के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेगी। साथ ही संगठन ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से मांग की है कि ऐसी जातिवादी मानसिकता रखने वाले लोगों को पार्टी से निष्कासित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। तहरीर देने के दौरान जिला अध्यक्ष सन्नी जीनवाल, महानगर अध्यक्ष अनुज, सोनी पर्चा, कृष्ण पर्चा, अक्षय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्कूल चलो अभियान : पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय के बच्चों व शिक्षकों ने निकाली जागरूकता रैली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,धौलाना।** मंगलवार को धौलाना ब्लाक क्षेत्र में संचालित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय हिम्मतनगर के बच्चों वे शिक्षकों ने स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकालकर अभिभावकों को अपने बच्चों का स्कूल में प्रवेश दिलाने के प्रति जागरूक किया। विद्यालय प्रांगण से जागरूता रैली का शुभारंभ आरंभ होकर ग्राम कमालपुर बस स्टैंड, ईदगाह रोड,बड़ी मस्जिद मार्ग से होते हुए विद्यालय में पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में बच्चे स्लोगन लिखी तख्तियां हाथों में लिए नारे लगाते हुए मार्ग पर चल रहे थे। 1-घर-घर अलख जगाएंगे बच्चे सभी पढ़ाएंगे,2- पढ़ी-लिखी लड़की रोशनी है घर की,3- एक भी बच्चा छूटा संकल्प हमारा टूटा,4-स्कूल चलो स्कूल चलो,पढ़ेगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया,5- बेटा- बेटी एक समान सबको दो शिक्षा का ज्ञान। रैली को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक मोहम्मद असलम खान ने कहा रैली स्थानीय लोगों को शिक्षा के प्रति

- घर-घर अलख जगाएंगे बच्चे सभी पढ़ाएंगे:सूरजपाल
- कलम की ताकत से ही देश का भविष्य बदल जा सकता है:असलम




जागरूकता बढ़ाने एवं शत- प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज ग्राम हिम्मतनगर और कमालपुर में निकल गयी। सभी अभिभावकों का बेटा- बेटी दोनों को बराबर पढ? का अवसर देना चाहिए। उनका सभी माता-पिता से अपील है,कि बच्चों को स्कूल अवश्य भेजेंद्घघर के छोटे- छोटे काम में बच्चों को न लगाए और बीच में पढ़ाई न छुड़वाएं,एक कलम की ताकत से ही देश का भविष्य बदल जा सकता है इस अवसर पर डॉक्टर सूरजपाल सिंह, फिरोज अहमद,मुर्शीद अली,आंचल शर्मा,नीरज भारद्वाज,ईशा मलिक,रविता चौधरी,जावेद आलम, रुबीना बेगम, सुशीला रानी,अंजूलता,कुसुम रानी,मनीषा,सीमा रानी आदि अध्यापकगण मौजूद रहे।

# जिले में बाल श्रम व बंधुआ श्रम की रोकथाम को नियमित छापेमारी की जाएं:कविता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी कविता मीना ने श्रम विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक कर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, निर्माण श्रमिकों एवं बाल श्रम निषेध से जुड़े कार्यों की प्रगति की जानकारी की गई। जिलाधिकारी कविता मीना ने संबंधित सहायक श्रमायुक्त आरएल स्वर्णकार को निर्देश दिए कि ई-श्रम पोर्टल,भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में श्रमिकों का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराना सुनिश्चित की जाए। जिन श्रमिकों का पंजीकरण नहीं हुआ है,उनके लिए कैंप लगाकर श्रमिकों को चिन्हित कर पंजीकृत किया जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि पंजीकृत श्रमिकों को सौर ऊर्जा सहायता,कन्या विवाह सहायता, शिक्षा सहायता,मृत्यु एवं विकलांगता सहायता योजना का लाभ समय से दिलाया जाए। लंबित प्रकरणों का निस्तारण 7 दिन में करने के निर्देश दिए। जनपद में बाल श्रम एवं बंधुआ श्रम की रोकथाम हेतु नियमित छापेमारी की जाए। पकड़े जाने पर नियोजकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। निर्माण स्थलों, फैक्ट्रियों एवं उद्योगों में श्रमिकों के लिए सुरक्षा उपकरण, पेयजल,प्राथमिक उपचार एवं शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**सरकार की योजनाओं का पंजीकृत श्रमिकों को लाभ दिलाये:डीएम**




# शिक्षक पर छात्रा से छेड़छाड़ करने का आरोप, इंस्टाग्राम पर भेजता था अश्लील मैसेज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** दिल्ली रोड स्थित एक इंटर कालेज में तैनात अर्थशास्त्र शिक्षक पर कक्षा 12 की छात्रा ने छेड़छाड़, धमकी और अश्लील मैसेज भेजने का आरोप लगाया है। पीड़ित छात्रा की तहरीर पर शिक्षक के कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं कालेज प्रबंधन द्वारा मामले की जांच करने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है।

- पीड़ित छात्रा की तहरीर पर शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज
- कालेज प्रबन्धन ने पांच सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया
- मामले की जांच कराई जायेगी,रिपोर्ट आने पर कार्यवाही की जायेगी:श्वेता

पीड़ित छात्रा का आरोप है कि शिक्षक पिछले दो साल से कक्षा में अभद्र टिप्पणी करता था,गले मिलने से शक्ति मिलेगी कहता था और घर पर अकेली होने पर बुलाता था। विरोध करने पर फेल करने की धमकी भी देता था। पीड़ित छात्रा ने पुलिस को बताया कि आरोपी पिछले दो साल से क्लास में अश्लील बातें करता था। इंस्टाग्राम पर गलत संदेश भेजता था। छात्रा से कहा मैं तुम्हें पसंद करता हूं और गले मिलने से मेरी शक्ति तुम्हें मिलेगी। आरोपी ने घर पर अकेली होने पर भी बुलाया और शिकायत करने पर करियर खराब करने की धमकी दी। परेशान छात्राओं ने पहले प्रिंसिपल को लिखित शिकायत दी,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित छात्रा द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं कालेज प्रबंधन द्वारा मामले की जांच करने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी द्वारा जांच की जा रही है। जिसकी रिपोर्ट 9 जुलाई को कालेज प्रबंधन कमेटी की बैठक में प्रस्तुत की जायेगी।



कालेज प्रधानाचार्य ने बताया कि उनके व कालेज के वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा उक्त मामले को लेकर छात्रा की कक्षा में जाकर अन्य छात्राओं से जानकारी की,लेकिन शिक्षक द्वारा छात्राओं से छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में नहीं आया। इस सम्बंध में जिला विद्यालय निरीक्षक श्वेता पूठिया ने बताया कि उक्त मामला उनके संज्ञान में आ गया है। मामले की जांच कराई जायेगी। जांच रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

**सम्मानित** 465 अंक होने से एसएसवी कालेज का छात्र प्रियांशु इंटरमीडिएट में बना जिला टॉपर


# यूपी बोर्ड की लापरवाही से टॉपर छात्र हुआ सम्मान से वंचित, स्क्रूटनी में बढ़े 45 अंक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की अंक देने में हुई घोर लापरवाही के कारण जनपद का एक मेधावी छात्र सम्मान स ा वंचित र ह गया। जनपद के प्रसिद्ध एसएसवी इंटर कालेज के छात्र प्रियांशु स्क्रूटनी में 45 अंक आने के वह बाद जनपद का इंटरमीडिएट टॉपर बन गया है। जिला टॉपर बनने पर कालेज प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने छात्र को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

- जिला टॉपर बनने पर प्रधानाचार्य, शिक्षकों ने छात्र को सम्मानित किया
- एसएसवी इंटर कालेज के प्रबंधक ने डीएम को सौंपा ज्ञापन
- छात्र प्रियांशु ने हाईस्कूल में भी जिला टॉप किया था






आपको बता दें,छात्र प्रियांशु वर्ष 2024 में हाईस्कूल में भी जनपद टॉपर रहा था। इंटरमीडिएट 2026 का परिणाम आने पर रसायन विज्ञान में उसे 53 अंक मिले थे। जिस कारण वह मेरिट में स्थान नहीं बना सका। संदेह होने पर छात्र ने उत्तर पुस्तिका की स्क्रूटनी के लिए आवेदन किया। स्क्रूटनी के बाद रसायन में उसके 45 अंक बढ़कर 98 हो गए। कुल अंक भी 420 से बढ़कर 465 होने पर वह जनपद का इंटरमीडिएट का टॉपर छात्र बन गया। सबसे बड़ी बात यह रही कि स्क्रूटनी का परिणाम एक जून को हुए जनपद स्तरीय सम्मान समारोह से पहले नहीं आया। इस वजह से प्रियांशु को मिलने वाला सम्मान और पुरस्कार नहीं मिल सका। इस दौरान छात्र मानसिक तनाव से भी गुजरा। गत सोमवार को एसएसवी इंटर कॉलेज के प्रबंधक सुधीर अग्रवाल ने जिलाधिकारी कविता मीना को प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने अंक देने में हुई त्रुटि और स्क्रूटनी में देरी की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। साथ ही दोषियों पर कार्रवाई,छात्र को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने और भविष्य में ऐसी गलती न हो इसके लिए जवाबदेही तय करने की मांग की। मंगलवार को जिला टॉपर बनने पर छात्र प्रियांशु अपने परिजनों के साथ कालेज में पहुंचा,जहां कालेज प्रधानाचार्य विजय कुमार गर्ग,प्रवक्ता राजेश्वर सिंह,वरिष्ठ प्रवक्ता बीडी शर्मा,प्रवक्ता मयंक कुमार शुक्ला,वरिष्ठ लिपिक आलोक नेहरा आदि ने छात्र प्रियांशु को सम्मानित कर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस सम्बंध में जिला विद्यालय निरीक्षक डा.श्वेता पूठिया ने बताया कि कालेज की ओर से उक्त मामले में पत्र होने पर विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जायेगा। उस पर निर्णय विभाग के सचिव द्वारा लिया जायेगा।

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पूर्व में गजाला शाहीन (GIZALA SHAHIN)" था, जो मेरे कुछ अभिलेखों में अंकित है। वर्तमान में मेरा सही एवं वैध नाम "गजाला शाहीन (GHAZALA SHAHIN)" है, जो मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में दर्ज है। भविष्य में मुझे "गजाला शाहीन (GHAZA-LA SHAHIN)" नाम से ही जाना, पहचाना एवं संबोधित किया जाए।

**गजाला शाहीन (GHAZALA SHAHIN)**
**पत्नी - मो. शाहिद खान**
**मकान संख्या 1999, गली नंबर 4,**
**शिवदयालपुरा, जनपद हापुड़।**

## सम्पादकीय

# गैर-व्यापार बाधाएं



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

क्या अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के क्रम भारत अमेरिका को इस बात पर राजी कर पाएगा कि वह दोनों देशों के कारोबार में गैर-व्यापार बाधाएं खड़ी ना करे?

भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर भारत में हैं। उन्हें आशा है कि मंगलवार और बुधवार की वाताओं के दौरान ऐसा हो जाएगा। मगर मुद्दा है कि क्या बातचीत का आधार द्विपक्षीय समझौते का वही फ्रेमवर्क है, जिस पर पिछले फरवरी में सहमति बनी थी? या बदली परिस्थितियों के मद्देनजर भारत फिर से सौदेबाजी कर रहा है? फ्रेमवर्क के एलान के बाद अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन के लगाए टैरिफ को असंवैधानिक ठहरा दिया था। उससे भारत सरकार को नया मौका मिला। उसका लाभ उठाकर वह उन आलोचनाओं को दूर कर सकती है, जिनसे इस मामले में उस पर समर्पण करने के आरोप लगे हैं। इस बीच अमेरिका ने उत्पादन में जबरिया मजदूरी के इस्तेमाल का आरोप लगाकर भारत के कई नियातों पर 12.5 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगाया है। अनुचित व्यापार व्यवहार के इल्जाम में उसने भारत के खिलाफ जांच चला रखी है। इनमें अत्यधिक औद्योगिक क्षमता और अमेरिकी उद्योगों को नुकसान पहुंचाने वाली नीतियों के आरोप शामिल हैं। क्या समझौते को अंतिम रूप देने के क्रम भारत अमेरिका को इस बात पर राजी कर पाएगा कि वह दोनों देशों के कारोबार में ऐसी गैर-व्यापार बाधाएं खड़ी ना करे? भारत सरकार के रुख से इन मुद्दों पर दृढ़ रुख अपनाए जाने के संकेत नहीं मिले हैं। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने हाल में कहा कि भारत- अमेरिका ट्रेड डील को तब तक लागू नहीं किया जाएगा, जब तक भारत के लिए प्रतिस्पर्धात्मक लाभ सुनिश्चित नहीं हो जाता। इसका अर्थ है कि भारत पर लगने वाले शुल्क दरों को अमेरिका बांग्लादेश, वियतनाम और कुछ मामलों में चीन पर लगे टैरिफ से कुछ नीचे कर दे, तो डील भारत को स्वीकार्य हो जाएगा। स्पष्टतः यह अपने मानक को काफी नीचे रखना है। फ्रेमवर्क में शामिल अमेरिका से अनिवार्य खरीदारी, ऊर्जा खरीद पर उसकी अनुचित शर्तों को मानने, और अपने बाजार को उसके लिए पूरी तरह खोलने जैसी शर्तें शामिल हैं। उन्हें फिर वार्ता की मेज पर लाने के बजाय भारत का निम्न मानक को अपनाना दुर्भाग्यपूर्ण होगा।




# रिश्तों की नींव में दरार : जब विश्वास की जगह हिंसा ले लेती है, तब परिवार ही सबसे असुरक्षित हो जाता है

हाल ही में आगरा में सामने आए उस हृदयविदारक मामले ने पूरे देश को झकझोर दिया, जिसमें एक महिला पर अपने पति की हत्या कर शव को बाथरूम के फर्श के नीचे दफनाने का आरोप है। यह घटना केवल एक आपराधिक मामला नहीं है, बल्कि हमारे समाज के बदलते मनोविज्ञान, पारिवारिक मूल्यों के क्षरण और रिश्तों में बढ़ती कटुता का गंभीर संकेत भी है। जिस घर को सुरक्षा, स्नेह और विश्वास का प्रतीक माना जाता है, वही यदि भय और हिंसा का केंद्र बन जाए तो यह पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है।

आज का समय अभूतपूर्व तकनीकी प्रगति, आर्थिक अवसरों और आधुनिक जीवनशैली का दौर है, लेकिन दूसरी ओर मानवीय संवेदनाएं और रिश्तों की गर्माहट लगातार कमजोर होती दिखाई दे रही हैं। पति-पत्नी का संबंध भारतीय संस्कृति में सबसे पवित्र और विश्वासपूर्ण माना गया है। यह रिश्ता केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों और अनेक भावनाओं का संगम होता है। जब इसी रिश्ते में अविश्वास, क्रोध, स्वार्थ और हिंसा प्रवेश कर जाते हैं, तब उसका परिणाम केवल एक परिवार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समाज की आत्मा को भी घायल करता है।

पिछले कुछ महीनों में देश के विभिन्न हिस्सों से पति या पत्नी द्वारा अपने जीवनसाथी की हत्या के कई मामले सामने आए हैं। कहीं अवैध संबंधों के कारण हत्या हुई, कहीं संपत्ति के विवाद ने रिश्ते खत्म कर दिए, तो कहीं लंबे समय से चले आ रहे घरेलू विवाद हिंसक रूप ले बैठे। इन घटनाओं ने यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर ऐसा क्या बदल गया है कि जिन लोगों ने साथ जीने-मरने की कसमें खाईं, वे एक-दूसरे के प्राण लेने तक पहुंच रहे हैं।

यह भी सच है कि ऐसे अपराध समाज के अधिकांश परिवारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते। देश में करोड़ों परिवार आज भी प्रेम, विश्वास और परस्पर सम्मान के साथ जीवन जी रहे हैं। लेकिन जब इस प्रकार की घटनाएं बार-बार सामने आती हैं, तो वे समाज के सामने गंभीर प्रश्न अवश्य खड़े करती हैं। क्या हमारी सहनशीलता कम हो रही है? क्या संवाद की जगह आक्रोश ने ले ली है? क्या छोटी-छोटी बातों का समाधान बातचीत से निकालने की बजाय हिंसा को आसान रास्ता समझा जाने लगा है?

आधुनिक जीवन की भागदौड़, आर्थिक दबाव, बढ़ती अपेक्षाएं, मानसिक तनाव और सामाजिक प्रतिस्पर्धा ने पारिवारिक जीवन को प्रभावित किया है। पति-पत्नी दोनों कामकाजी हों या एक ही व्यक्ति परिवार की जिम्मेदारी निभा रहा हो, हर स्थिति में मानसिक दबाव पहले की तुलना में कहीं अधिक है।



कांतिलाल मांडोत

यदि इन परिस्थितियों में संवाद समाप्त हो जाए, एक-दूसरे को समझने का प्रयास खत्म हो जाए और अहंकार रिश्तों पर हावी हो जाए, तो विवाद गहराते चले जाते हैं। ऐसे विवादों का समाधान कानून, परिवार, परामर्श या आपसी बातचीत से निकल सकता है, लेकिन हिंसा कभी समाधान नहीं हो सकती।

आगरा की घटना में जिस तरह शव को छिपाने का प्रयास किया गया, उसने लोगों को स्तब्ध कर दिया। यह घटना केवल हत्या तक सीमित नहीं रही, बल्कि उसके बाद किए गए कथित प्रयासों ने भी समाज को विचलित किया। ऐसे मामलों में कानून अपना कार्य करता है और न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से दोषी या निर्दोष का निर्णय होता है। इसलिए किसी भी आरोपी को अंतिम रूप से दोषी मानना न्यायालय के निर्णय के बाद ही उचित होता है। फिर भी ऐसी घटनाएं यह अवश्य बताती हैं कि अपराध की मानसिकता कितनी भयावह हो सकती है।

आज परिवारों में रिश्ते कभी-कभी सूत के धागे जैसे नाजुक प्रतीत होते हैं। छोटी-सी गलतफहमी, आर्थिक विवाद, संदेह या अहंकार वर्षों पुराने संबंधों को तोड़ देता है। पहले परिवार के बड़े-बुजुर्ग विवादों को बैठकर सुलझाते थे। संयुक्त परिवारों में संवाद के अधिक अवसर होते थे। अब एकल परिवारों के बढ़ने, सामाजिक दूरी और व्यस्त जीवनशैली के कारण कई लोग अपनी मानसिक परेशानियां भीतर ही भीतर दबाए रहते हैं। जब भावनाएं लंबे समय तक दबती रहती हैं, तो कभी-कभी उनका विस्फोट अत्यंत दुखद रूप में सामने आता है।

यह भी आवश्यक है कि समाज किसी एक वर्ग या लिंग को दोषी ठहराने की प्रवृत्ति से बचे। अपराध करने वाला व्यक्ति पुरुष भी हो सकता है और महिला भी। कानून की दृष्टि में अपराधी केवल अपराधी होता है। इसलिए किसी एक घटना के आधार पर पूरे समाज, किसी पीढ़ी या किसी लिंग के बारे में व्यापक निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा। आवश्यकता इस बात की है कि हम अपराध के कारणों को समझें और उन्हें रोकने के उपाय खोजें।

आज मानसिक स्वास्थ्य पर भी गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। तनाव, अवसाद, गुस्सा और संबंधों में बढ़ती दूरी को समय रहते पहचानना और उनका समाधान करना अत्यंत आवश्यक है। यदि पति-पत्नी के बीच मतभेद हैं, तो परिवार, मित्र, विवाह परामर्शदाता या कानूनी प्रक्रिया की सहायता ली जा सकती है। अलग होना पड़े तो वह भी कानून के दायरे में और गरिमा के साथ होना चाहिए। तलाक एक वैधानिक प्रक्रिया है, जबकि हत्या मानवता और कानून–दोनों के विरुद्ध जघन्य अपराध है।

मीडिया और सोशल मीडिया की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। अपराधों की जानकारी समाज तक पहुंचाना आवश्यक है, लेकिन उनके सनसनीखेज चित्रण की बजाय यह भी बताया जाना चाहिए कि ऐसे अपराधों के पीछे कौन-से सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कारण काम करते हैं तथा उनसे बचाव कैसे किया जा सकता है। समाज को भय और सनसनी नहीं, बल्कि जागरूकता और संवेदनशीलता की आवश्यकता है।

बच्चों और युवाओं को बचपन से ही संवाद, सहनशीलता, नैतिकता और सम्मानजनक व्यवहार की शिक्षा देना समय की मांग है। परिवार केवल आर्थिक व्यवस्था नहीं, बल्कि भावनात्मक सुरक्षा का आधार होता है। यदि घरों में प्रेम, विश्वास और धैर्य का वातावरण बनेगा, तो समाज भी अधिक सुरक्षित और संवेदनशील बनेगा।

हर दिन दर्ज होने वाले हत्या, मारपीट, अपहरण और अन्य गंभीर अपराध निश्चित रूप से चिंता पैदा करते हैं। लेकिन इन घटनाओं के बीच यह याद रखना भी जरूरी है कि समाज में आज भी असंख्य लोग ईमानदारी, प्रेम और पारिवारिक मूल्यों के साथ जीवन जी रहे हैं। हमें उन्हीं सकारात्मक मूल्यों को मजबूत करना होगा, ताकि हिंसा की प्रवृत्ति को रोका जा सके। रिश्ते विश्वास से बनते हैं और विश्वास टूटने पर सबसे बड़ी क्षति केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज की होती है। यदि हम चाहते हैं कि आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित, संवेदनशील और संस्कारित वातावरण में जीवन जीएं, तो हमें संवाद, धैर्य, परस्पर सम्मान और नैतिक मूल्यों को फिर से अपने पारिवारिक जीवन का आधार बनाना होगा।

## वो मेहरबाँ, हम भी मेहरबाँ हो जाएं

चलो हम मौसम की जुबां हो जाएँ,
तुम जमीं और हम आसमाँ हो जाएँ।

दूरियों का न फिर कोई सिलसिला,
एक-दूजे का ही कारवाँ हो जाएँ।

ज़िंदगी को जब धूप सताये बहुत
घने बरगद की ठंडी छाँव हो जाएँ।

रंज-ओ-गम की न बाकी रहे दास्ताँ,
इश्क सा खूबसूरत जहाँ हो जाएँ।

नफरतों की हवा थम भी जाए कभी,
प्यार का फिर नया गुलिस्ताँ हो जाएँ।

तू दुआ बन के हर लब पे सजता रहे,
हम तेरी हर दुआ का निशाँ हो जाएँ।

इश्क में इम्तिहाँ भी जरूरी सही,
कामयाबी का फिर हम बयाँ हो जाएँ।

संजीव इतनी-सी रब से इल्तिजा,
वो मेहरबाँ, हम भी मेहरबाँ हो जाएं।



संजीव ठाकुर

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# सीमा पर अविश्वास, बाजार में विश्वास –कितना उचित?



प्रो. आरके जैन अरिजीत

इतिहास गवाह है कि किसी राष्ट्र की दिशा केवल युद्धक्षेत्रों से नहीं, बल्कि नीतिगत निर्णयों से भी तय होती है। भारत सरकार द्वारा चार चीनी-लिंक्ड पावर उपकरण कंपनियों (जिनकी भारत में विनिर्माण इकाइयाँ हैं) को बिजली क्षेत्र की महत्वपूर्ण सरकारी परियोजनाओं में दो वर्ष के लिए बोली लगाने की अनुमति ऐसा ही एक निर्णय है। इसे महज व्यापारिक उदारीकरण मानना भूल होगी। यह उस द्वंद्व का प्रतीक है, जहाँ एक ओर आर्थिक विकास की आवश्यकता है, तो दूसरी ओर राष्ट्रीय सुरक्षा का अटल दायित्व। गलवान की रक्तरंजित स्मृतियाँ आज भी राष्ट्रीय चेतना में अंकित हैं, पूर्वी लद्दाख की वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पूर्ण डी-एस्केलेशन अभी बाकी है और दोनों देशों के बीच विश्वास अब भी अधूरा है। फिर भी आर्थिक आवश्यकताओं ने संवाद के द्वार फिर खटखटाए हैं। प्रश्न केवल चीनी कंपनियों की वापसी का नहीं, बल्कि यह है कि क्या भारत इसे अपने रणनीतिक हितों के अनुरूप नियंत्रित कर पाएगा, या आर्थिक आवश्यकता धीरे-धीरे रणनीतिक निर्भरता में बदल जाएगी। हर बड़े राष्ट्रीय निर्णय के पीछे आर्थिक यथार्थ की कठोर परत होती है, जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। भारत ऊर्जा संक्रमण, उच्च गति रेल, स्मार्ट सिटी, हरित अवसंरचना और नवीकरणीय ऊर्जा जैसी महत्त्वाकांक्षी परियोजनाओं के निर्णायक दौर में है। इनके लिए भारी निवेश के साथ उन्नत तकनीक, तीव्र निष्पादन क्षमता और प्रतिस्पर्धी लागत आवश्यक है। वैश्विक स्तर पर कई चीनी कंपनियाँ कम समय और लागत में विशाल परियोजनाएँ पूरी करने में सक्षम हैं। दूसरी ओर, पश्चिमी कंपनियाँ अपेक्षाकृत महँगी हैं, जबकि भारतीय उद्योग अभी सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर नहीं हैं। ऐसे में सस्ता और सक्षम विकल्प आकर्षित करता है। किंतु इतिहास चेतावनी देता है कि आज का आर्थिक लाभ, यदि दूरदृष्टि न हो, तो कल रणनीतिक स्वतंत्रता पर बोझ बन सकता है। यहीं आर्थिक आवश्यकता और राष्ट्रीय सुरक्षा का सबसे कठिन टकराव सामने आता है। सुरक्षा एजेंसियों की आशंकाएँ पूर्वाग्रह नहीं, बल्कि वैश्विक अनुभवों पर आधारित हैं। अनेक चीनी कंपनियों और उनकी सरकार के निकट संबंधों को लेकर कई देश चिंता जता चुके हैं। यदि ऐसी कंपनियों की पहुँच बिजली ग्रिड, दूरसंचार नेटवर्क, रेलवे, बंदरगाह और डिजिटल अवसंरचना जैसे अत्यंत संवेदनशील क्षेत्रों तक होती है, तो डेटा संग्रह, साइबर निगरानी, संभावित बैकडोर और लॉजिस्टिक नियंत्रण के जोखिम बढ़ जाते हैं। आज युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं, बल्कि डेटा, डिजिटल नेटवर्क और महत्वपूर्ण अवसंरचनाओं पर भी लड़े जाते हैं।

## ग्रामीण भारत की शिक्षा और स्वास्थ्य को ऊर्जा दे सकते हैं सोलर प्लांट

भारत वर्ष 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल इंडिया, हरित ऊर्जा और आधुनिक शिक्षा जैसे अनेक महत्वाकांक्षी अभियान चलाए जा रहे हैं। लेकिन इन सभी योजनाओं की सफलता का आधार एक ही है निर्बाध बिजली आपूर्ति। देश के महानगरों और बड़े शहरों में बिजली की उपलब्धता अपेक्षाकृत बेहतर है, इसलिए वहां डिजिटल शिक्षा और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लोगों तक पहुँच रहा है। इसके विपरीत तहसील, कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूल, कॉलेज और अस्पताल आज भी बिजली की अनियमित आपूर्ति, कम वोल्टेज और बार-बार होने वाली तकनीकी खराबियों से जूझ रहे हैं। ऐसे में स्मार्ट क्लास, डिजिटल लैब, कंप्यूटर शिक्षा और आधुनिक चिकित्सा उपकरण केवल सरकारी योजनाओं की फाइलों तक सीमित होकर रह जाते हैं। विडंबना यह भी है कि एक ओर सरकार सरकारी संस्थानों को हाईटेक बनाने पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर इन संस्थानों के सुचारू संचालन के लिए सबसे आवश्यक संसाधन बिजली की स्थायी व्यवस्था अब तक नहीं हो सकी है। बिना बिजली के डिजिटल शिक्षा और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की कल्पना अधूरी है। ऐसी स्थिति में सरकार को एक दूरदर्शी निर्णय लेते हुए देश के सभी शासकीय स्कूलों, कॉलेजों और अस्पतालों में रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने की राष्ट्रीय योजना लागू करनी चाहिए। यह केवल वैकल्पिक ऊर्जा का उपाय नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और ऊर्जा आत्मनिर्भरता को एक साथ मजबूत करने वाला ऐतिहासिक कदम होगा। सोलर प्लांट स्थापित होने से इन संस्थानों को दिनभर निर्बाध बिजली मिलेगी। विद्यार्थियों की पढ़ाई बिना व्यवधान जारी रहेगी, स्मार्ट क्लास और कंप्यूटर लैब प्रभावी ढंग से संचालित हो सकेंगी तथा अस्पतालों में जीवन रक्षक उपकरण बिजली संकट से प्रभावित नहीं होंगे। इतना ही नहीं, सरकार का हर वर्ष बिजली बिलों पर होने वाला करोड़ों रुपये का व्यय भी काफी हद तक कम हो जाएगा।



अरविंद रावल

इससे पर्यावरण संरक्षण, कार्बन उत्सर्जन में कमी और स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को भी अभूतपूर्व बढ़ावा मिलेगा। आज आवश्यकता केवल योजनाएं बनाने की नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर टिकाऊ बनाने की है। यदि सरकार वास्तव में विकसित भारत का सपना साकार करना चाहती है, तो ग्रामीण शिक्षा और स्वास्थ्य संस्थानों को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाना होगा। शासकीय स्कूलों, कॉलेजों और अस्पतालों में सोलर प्लांट लगाने की पहल इसी दिशा में एक क्रांतिकारी कदम सिद्ध हो सकती है। विकसित भारत की मजबूत नींव तभी रखी जाएगी।

# सूखती धरती, बढ़ती प्यास : जल दिवालियापन की ओर बढ़ता भारत

जल केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन, सभ्यता, आर्थिक विकास, खाद्य सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन का आधार है। मानव इतिहास की अधिकांश महान सभ्यताएँ नदियों के किनारे विकसित हुईं, क्योंकि जल ही जीवन और समृद्धि का मूल स्रोत रहा है। किंतु इक्कीसवीं शताब्दी में जल संसाधनों पर बढ़ते दबाव ने विश्व के अनेक देशों के समक्ष गंभीर संकट उत्पन्न कर दिया है। भारत इस संकट का सबसे बड़ा उदाहरण बनकर उभर रहा है। विश्व की लगभग 18 प्रतिशत जनसंख्या का भार वहन करने वाला भारत विश्व के केवल लगभग 4 प्रतिशत मीठे जल संसाधनों का स्वामी है। बढ़ती जनसंख्या, तीव्र शहरीकरण, औद्योगिकीकरण, कृषि क्षेत्र में जल का अत्यधिक दोहन, जल प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन तथा जल प्रबंधन की संरचनात्मक कमियों ने देश को ऐसी स्थिति में पहुँचा दिया है जहाँ केवल जल संकट की बात करना पर्याप्त नहीं रह गया है। अनेक विशेषज्ञों का मत है कि यदि वर्तमान प्रवृत्तियाँ जारी रहीं तो भारत जल संकट से आगे बढ़कर जल दिवालियापन की स्थिति में पहुँच सकता है। जल दिवालियापन वह अवस्था है जब उपलब्ध जल संसाधन प्राकृतिक पुनर्भरण की क्षमता से अधिक दोहन के कारण समाप्तप्राय हो जाएँ, जल की गुणवत्ता इतनी खराब हो जाए कि उसका उपयोग कठिन हो जाए तथा समाज, कृषि, उद्योग और पारिस्थितिकी की आवश्यकताओं की पूर्ति संभव न रह जाए।

भारत में प्रति व्यक्ति वार्षिक जल उपलब्धता स्वतंत्रता के प्रारंभिक वर्षों में पाँच हजार घन मीटर से अधिक थी, जो लगातार घटते-घटते जल तनाव की सीमा के निकट पहुँच चुकी है। अनेक महानगर समय-समय पर पेयजल संकट का सामना कर चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल स्तर निरंतर नीचे जा रहा है। अनेक नदियाँ प्रदूषण के कारण जीवनदायिनी के बजाय प्रदूषण वाहक बनती जा रही हैं। वर्षा की अनिश्चितता और जलवायु परिवर्तन ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। यह संकट केवल प्राकृतिक कारणों से उत्पन्न नहीं हुआ, बल्कि जल प्रबंधन की दीर्घकालिक कमजोरियों, नीतिगत असंतुलनों और सामाजिक व्यवहारों का परिणाम भी है।

भारत की सबसे बड़ी समस्या भूजल पर अत्यधिक निर्भरता है। देश विश्व का सबसे बड़ा भूजल उपयोगकर्ता है। सिंचाई, पेयजल और औद्योगिक उपयोग के लिए लाखों की संख्या में ट्यूबवेल संचालित हैं। कई राज्यों में मुफ्त अथवा अत्यधिक सब्सिडी वाली बिजली ने भूजल दोहन को और प्रोत्साहित किया है। जल निकासी की तुलना में पुनर्भरण बहुत कम होने के कारण भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। अनेक क्षेत्रों में कुएँ और हैंडपंप सूख चुके हैं तथा किसानों को अधिक गहराई तक बोरिंग करनी पड़ रही है। इससे ऊर्जा लागत बढ़ रही है और छोटे किसान आर्थिक संकट



डॉ. सत्यवान सौरभ

में फँस रहे हैं। कई स्थानों पर भूजल में फ्लोराइड, आर्सेनिक तथा नाइट्रेट की मात्रा बढ़ने से सार्वजनिक स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है।

जल प्रबंधन की दूसरी बड़ी कमजोरी वर्षा जल के समुचित संचयन का अभाव है। भारत में अधिकांश वर्षा कुछ ही महीनों में होती है, किंतु उसका बड़ा भाग नदियों के माध्यम से समुद्र में चला जाता है। यदि इस जल का वैज्ञानिक ढंग से संग्रहण और पुनर्भरण किया जाए तो भूजल संकट को काफी हद तक कम किया जा सकता है। दुर्भाग्यवश पारंपरिक जल संरचनाएँ जैसे तालाब, बावड़ियाँ, जोहड़, कुएँ और झीलें उपेक्षा, अतिक्रमण और प्रदूषण का शिकार हो गई हैं। शहरी क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन को कानूनी रूप से अनिवार्य तो बनाया गया है, परंतु उसका प्रभावी क्रियान्वयन अभी भी सीमित है।

जल प्रदूषण भी जल संकट को जल दिवालियापन की दिशा में ले जाने वाला प्रमुख कारण है। देश की अधिकांश नदियाँ घरेलू सीवेज, औद्योगिक अपशिष्ट, प्लास्टिक कचरे तथा कृषि रसायनों से प्रभावित हैं। बड़ी मात्रा में बिना उपचारित सीवेज प्रतिदिन नदियों में छोड़ा जाता है। अनेक उद्योग पर्यावरणीय मानकों का पालन नहीं करते। परिणामस्वरूप उपलब्ध जल की गुणवत्ता निरंतर गिर रही है। जल की मात्रा चाहे जितनी हो, यदि वह उपयोग योग्य नहीं है तो वास्तविक जल उपलब्धता स्वतः कम हो जाती है। यह स्थिति स्वास्थ्य, कृषि, मत्स्य पालन और जैव विविधता सभी के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करती है।

कृषि क्षेत्र में जल का अत्यधिक और अल्पदक्ष उपयोग भी वर्तमान संकट का एक महत्त्वपूर्ण कारण है। भारत के कुल मीठे जल का लगभग अस्सी प्रतिशत भाग कृषि में प्रयुक्त होता है, किंतु सिंचाई की दक्षता अभी भी निम्न है। अधिकांश क्षेत्रों में पारंपरिक बाढ़ सिंचाई पद्धति अपनाई जाती है, जिसमें बड़ी मात्रा में जल व्यर्थ बह जाता है। न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा सरकारी खरीद की नीतियों ने कई राज्यों में धान और गन्ने जैसी अत्यधिक जल-आवश्यक फसलों की खेती को प्रोत्साहित किया है, जबकि उन क्षेत्रों की जल उपलब्धता इसके अनुकूल नहीं है। इससे भूजल पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है और दीर्घकाल में कृषि की स्थिरता भी प्रभावित होती है।

शहरी जल प्रबंधन भी गंभीर कमियों से ग्रस्त है। तेजी से बढ़ते शहरों में पाइपलाइन से जल की भारी हानि होती है। गैर-राजस्व जल की मात्रा कई नगरों में अत्यधिक है। उपचारित अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग बहुत कम किया जाता है। झीलों और तालाबों पर अतिक्रमण होने से वर्षा जल का प्राकृतिक संचयन समाप्त हो रहा है। विडंबना यह है कि एक ओर शहरों में वर्षा के समय जलभराव होता है और दूसरी ओर गर्मियों में वही शहर जल संकट से जूझते हैं। यह दशार्ता है कि हमारी जल प्रबंधन प्रणाली प्राकृतिक जल चक्र के अनुरूप विकसित नहीं हो सकी है।

जल प्रबंधन की एक अन्य संरचनात्मक कमजोरी संस्थागत विखंडन है। जल से संबंधित कार्य अनेक मंत्रालयों, विभागों और एजेंसियों में विभाजित हैं। सिंचाई, पेयजल, भूजल, नदी संरक्षण, शहरी जलापूर्ति और पर्यावरण संरक्षण अलग-अलग संस्थाओं के अधीन हैं। इनके बीच समन्वय का अभाव समेकित जल नीति के निर्माण और प्रभावी क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न करता है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# योगी सरकार की सद्बुद्धि के लिए यात्रा निकाल रहे कांग्रेसियों से पुलिस की झड़प, जमकर नारेबाजी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर ।** अयोध्या श्री राम मंदिर में दान चोरी के खिलाफ कांग्रेस ने मंगलवार को सरकार की सद्बुद्धि के लिए यात्रा निकाली जिसे डीएवी कॉलेज पर भारी पुलिस फोर्स ने बलपूर्वक रोक दिया । कांग्रेसियों और पुलिस की जमकर झड़प और धक्कामुक्की हुई। सीओ स्याना और सीओ खुर्जा के नेतृत्व में कांग्रेसियों को रोकने पहुंचे कई थानों के पुलिस फोर्स ने जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान के नेतृत्व में जैसे ही कांग्रेसी कार्यालय से सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निकले तो पुलिस ने डीएवी पहुंचने पर रोक दिया। इस दौरान



कांग्रेस जिलाध्यक्ष और पुलिस की जोरदार झड़प हुई और कार्यकताओं के बीच धक्कामुक्की हुई। कांग्रेसियों ने पुलिस की कार्यवाही को तानाशाही बताया और लोकतांत्रिक अधिकारों के खिलाफ बताया। जब पुलिस ने कांग्रेसियों को हनुमान मंदिर तक नहीं जाने दिया तो जिलाध्यक्ष ने सिटी मजिस्टे को ज्ञापन देने से मना कर दिया और वापिस कार्यालय चले गए । बाद में कार्यालय पहुंचकर सीओ और सिटी मजिस्ट्रेट ने जिलाध्यक्ष को मनाया और ज्ञापन लिया। कांग्रेस ने राष्ट्रपति से राममंदिर में हुई चोरी की जांच करोड़ों देशवासियों की आस्था को देखते हुए सीबीआई से कराने की मांग की। कांग्रेस ने ट्रस्ट के चंपत राय, अनिल मिश्रा और अन्य सभी जिम्मेदारों को गिरफ्तार करने की मांग की ।

साथ ही कांग्रेस ने अपने ज्ञापन में मांग की कि जांच पूरी होने तक मंदिर ट्रस्ट के सभी वित्तीय अभिलेख, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज सुरक्षित रखे जाएं। साथ ही जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाए, उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, दानदाताओं के विश्वास को भाजपा और योगी सरकार ने धोखा दिया है। सरकार को सीबीआई जांच कराकर लोगों का भरोसा जीतना चाहिए । पुलिस द्वारा सदबुद्धि यात्रा रोकना सरकार की कायरता है, तानाशाही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि राममंदिर चोरी के तार सीधे पीएम मोदी, भाजपा और आरएसएस से जुड़ है जिसे सरकार बचा रही है । कांग्रेस नेत्री अर्चना पांडा, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, नरेंद्र चौधरी, मनीष चतुवेर्दी ने कहा कि राममंदिर में भाजपा सरकार में चोरी और सरकार द्वारा जिम्मेदारों को बचाना आरएसएस और भाजपा की नीयत को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर देश और लोगों को लूट रही है। कांग्रेस नेता शिवकुमार शर्मा, गौरव जयराम, साजिद चौधरी, डॉ इरफान, सचिन पंडित और नईम मंसूरी ने कहा कि योगी, मोदी सरकार राममंदिर चोरी के आरोपियों को बचाकर धर्म विरोधी कार्य कर रही है। भाजपा और आरएसएस के नेताओं की राममंदिर चोरी पर चुप्पी शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि जो राममंदिर लूट सकते हैं वो देश और लोगों के सगे नहीं हो सकते। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, नरेंद्र चौधरी, अर्चना पांडा, मनीष चतुवेर्दी, गौरव जयराम, प्रशांत बाल्मिकी, वोइसराइल गहलोत, किशन चौधरी, आशु कुरैशी, अनुपम भारद्वाज, सचिन वशिष्ठ, कृष्ण सैनी, धर्मेंद्र महावर , डॉ इरफान, चंद्रपाल सिंह एडवोकेट, डॉ इरफान, साजिद चौधरी, प्रोफेसर टेकचंद, मजहर अली, फाजिल, नरेश बाल्मिकी, सादिक सैफी, गौरव जयराम, नवाब खान, नूर मौ, इशू शर्मा, वर्षा, रचना, प्रीति, वंदना आदि मौजूद रहे ।

# बारिश आई राहत आफत दोनों साथ लाई: एक घंटे की बारिश में बह गये नगर पालिका के दावे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मंगलवार की दोपहर हुई बारिश ने उमस भरी गर्मी से निजात दिला दी। वर्षा होने से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जल भराव होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। एक घंटे की वर्षा ने नगर पालिका परिषद किये

**बच्चे,बूढ़े और जवानों ने उठाया वर्षा का लुत्फ**

**वर्षा धान व गन्ने के फसल के लिए लाभाकारी:भवेन्द्र**

गये वादों की पोल खोल दी। वहीं वर्षा गन्ने,धान व दालों के लिए लाभकारी बताई जा रही है। आपको बता दें कि एक सप्ताह से उमस भरी गर्मी होने के कारण लोगों को दिन व रात में बहुत बुरा हाल हो रहा था। मंगलवार की सुबह से उमस भरी गर्मी से लोगों का जीना मुहाल हो









-शहर की गोल मार्केट में सड़क पर जल भराव का नजारा व भवेन्द्र सिंह शिशौदिया व ज्ञानेन्द्र त्यागी

रहा था। दोपहर एक बजे से ही आसमान में बादल छाने लगे,करीब दो बजे तेज वर्षा होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। वर्षा का बच्चे,बूढ़े और जवानों ने भरपूर आनन्द लिया। वर्षा होने से नगर पालिका परिषद,शहर के मौहल्ला छज्जूपुरा,अतरपुरा चौपला,स्वर्ग आश्रम रोड,शिवपुरी,मजीदपुरा,कोठी गेट,गोल मार्केट,गढ़ रोड,अतरपुरा चौपला सहित अन्य मोहल्लों में वर्षा का पानी भर गया। स्कूली बच्चों को गलियों में भरे पानी से होकर अपने घरों तक पहुंचना पड़ा।

आपको बता दें,कि नगर पालिका परिषद ने दावा किया था,कि बरसात में शहर में जल भराव की समस्या उत्पन्न नहीं होगी। मंगलवार की दोपहर हुई वर्षा में उनके दावे पानी के साथ बह गये। नगर पालिका परिषद द्वारा मुख्य नालों की सफाई कराने के लिए टेंडर भी छोड़ा गया,लेकिन सफाई ठीक प्रकार से नहीं होने के कारण शहर में जल भराव की समस्या से लोगों को जूझने के लिए मजबूर होना पड़ा।

किसान भवेन्द्र सिंह शिशौदिया का कहना है,कि वर्षा खेतों में खड़ी में गन्ने व धान की फसल के लिए बहुत लाभकारी है।

किसान ज्ञानेन्द्र त्यागी ने बताया कि वर्षा का पानी खेतों में भरने से हरी सब्जियां नष्टद हो जायेगी। इसके अलावा वर्षा विभिन्न प्रकार की दालों के लिए लाभकारी है।

# हुसैनपुर में आपसी विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान, दोनों पक्षों में हुआ समझौता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** मेवाती फार्म हाउस पर पिछले कुछ समय से चले आ रहे आपसी विवाद का मंगलवार को सौहार्दपूर्ण समाधान करा दिया गया। ग्राम हुसैनपुर के सुबराती की अध्यक्षता में दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर आपसी सहमति से समझौता कराया गया।

बैठक में उपस्थित गणमान्य लोगों ने दोनों पक्षों से आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा भविष्य में किसी भी विवाद को बातचीत के माध्यम से सुलझाने की अपील की। इस अवसर पर गफ्फार भाई, ठेकेदार सईजुद्दीन मेवाती, शहजाद मेवाती, रमीन मेवाती, इमरान मेवाती (डीलर), हाजी अली अहमद, उमर भाई, भूरे भाई, आबिद भाई, जावेद भाई, हाजी शेरदीन, यामीन भाई, कफील भाई, जमील भाई, ताहिर भाई, हाजी निसार, मोहसिन (बीडीसी),



जाकिर भाई, नवीन भाई, सोनिब (डीलर), हसमुद्दीन (चौकीदार), डॉ. फिरोज, मीनू मंत्री जी, आसिफ अध्यक्ष जी, शादाब, नसरत भाई सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

इस संबंध में पूर्व जिला पंचायत सदस्य फहीमुद्दीन मेवाती ने बताया कि आपसी संवाद और सामाजिक सहयोग से विवाद का शांतिपूर्ण समाधान संभव हो सका, जिससे क्षेत्र में भाईचारे और सौहार्द का संदेश गया।

# बारिश से मौसम हुआ खुशगवार बारिश से खेत जलमग्न, गर्मी से राहत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** शिकारपुर क्षेत्र में मौसम का मिजाज मंगलवार दोपहर बदल गया । झमाझम बारिश के बाद गर्मी का असर कम हुआ । बारिश से जगह-जगह जलभराव बना हुआ है जिससे स्थानीय

**बरसात होने से मौसम हुआ सुहावना, किसानों के खिले चेहरे, जगह-जगह जलभराव होने से लोगों को हुई परेशान**

लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश से मौसम सुहाना बना रहा। बारिश राहत के साथ किसानों के चेहरों पर मुस्कान भी लेकर आई है। किसानों को धान रोपाई के लिए बारिश का बेसब्री से इंतजार था, लेकिन नगरी इलाकों में नालों की साफ-सफाई ठीक न होने के कारण जगह-जगह जलभराव होने से लोगों को



परेशानी का सामना करना पड़ा। कई दिनों से पड रही चिलचिलाती धूप और उमस भरी भीषण गर्मी के बाद मंगलवार दोपहर झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मगर बारिश ने पालिका के सफाई दावों की पोल खोल दी। बारिश के कारण रास्तों में जलभराव हो गया। ऐसे में लोगों को परेशानी भी उठानी पड़ी। चिलचिलाती धूप और उमस भरी भीषण गर्मी के बाद झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया जिससे आमजन सहित किसानों ने भी राहत की सांस ली। भीषण गर्मी से फिलहाल राहत मिल रही है ।

झमाझम बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई । वही बारिश से पेड़ पौधों को भी नया जीवन मिला। इसके अलावा झुलसा देने वाली गर्मी से लोगों को राहत मिली है। अचानक सामने आए बादलों ने मौसम सुहाना कर दिया । बारिश के बाद नगर के निचले क्षेत्रों में पानी भर गया। उधर बारिश किसानों के लिए वरदान साबित हुई। बारिश से धान की फसलों को फायदा पहुंचा। वही कुछ किसानों ने बारिश के दौरान धान की रोपाई की । अच्छी बारिश के बाद किसानों के चेहरे खिल गए।

**आगामी 12 जुलाई को खुलेंगे सभी विद्यालय,होगा वृक्षारोपण कार्यक्रम**

# स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं व शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाये: डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी कविता मीना की अध्यक्षता में बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में जनपद के विद्यालयों में शैक्षिक

**विद्यालयों में वृक्षारोपण कार्यक्रम एक त्योहार की भांति मनाया जाएंगा:बीएसए**

गुणवत्ता,नामांकन, भौतिक सुविधाओं एवं सरकारी योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी कविता मीना ने बेसिक विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपरेशन कायाकल्प के 19 पैरामीटर



का पूर्ण किया जाये,उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि दिव्यांग शौचालयों,स्कूलों में कक्षाओं में टाइल्स लगवाने व विद्यालयों में रसोईघर का निर्माण कराने के लिए वर्ष 2026-27 की कार्य योजना में शामिल करने के निर्देश दिये। डीएम ने निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी 12 एक पेड़ मां के नाम प्रदेश में वृक्षारोपण वृहद कार्यक्रम का आयोजित किया जायेगा। जिसके मद्देनजर रविवार को सभी विद्यालय खुलेंगे और बच्चे भी आयेंगे। विद्यालयों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षक व बच्चे एक पेड़ मां के नाम लगायेंगे।

बीएसए दीपा भाटी ने कहा कि अभिभावकों विशेषकर माताएं व रसोईया को बुलाकर उनसे भी पेड़ लगवाये जाये,पेड़ रोपित करने का जीओ टैग फोटो शेयर करेंगे। जनप्रतिनिधि को बुलाकर भी विद्यालय में पौधारोपित कराया जाये। वृक्षारोपण कार्यक्रम त्योहार की भांति बनाया जाएगा। इस अवसर सीडीओ श्रुति शर्मा,पीडी अनवर शेख,डीपीआरओ शिव बिहारी शुक्ला,खंड शिक्षा अधिकारी देशराज वत्स,योगेश गुप्ता,पंकज चतुवेर्दी आदि मौजूद रहे।

# शीतला माता के मन्दिर पर जात करने वाले भक्तों का लगा तांता

बुलन्द संदेश यूरो

**शिकारपुर ।** शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव सैदगढ़ी में शीतला माता के मन्दिर पर जात लगाने वाले श्रद्धालुओं का लगा तांता। आषाढ़ मास के तीसरे मंगलवार



को शीतला माता के मन्दिर पर श्रद्धालुओं ने छोटे-छोटे बच्चों का मुंडन कराया तथा माता की जात लगाई गई ।वही श्रद्धालुओं ने मेला में चाट पकौड़ी इत्यादि का आनंद लिया। मेला की सुरक्षा व्यवस्था में अहमदगढ़ थाना पुलिस तैनात रही। मेला में पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं के वाहनों की लगी लम्बी कतारें लग गई। बताते चलें मेला हर मंगलवार को लगता है आषाढ़ मास में चार मंगलवार को लगाया जाता है इस मेले में शीतला माता के मन्दिर के पौराणिक मान्यता है कि बच्चों का मुंडन यही कराया जाता है जो की मन्दिर आस्था का केन्द्र बना हुआ है ।

# स्मार्ट मीटर का नियम सभी पर थोपना गलत: अवधेश वर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** पॉवर कॉर्पोरेशन ने भार बढ़ाने के मामले में स्मार्ट मीटर के नियमों को सभी उपभोक्ताओं पर लागू कर दिया है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष ने इस पर विधिक सवाल उठाया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि बिना मीटर वाले उपभोक्ताओं का गलत तरीके से भार बढ़ाने के मामले में जल्द ही याचिका दाखिल की जाएगी। प्रदेश में लगभग 47 लाख विद्युत उपभोक्ताओं का भार बढ़ा दिया गया है। इसमें करीब 50 फीसदी स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ता हैं 'पॉवर कॉर्पोरेशन ने तर्क दिया है कि उसने विद्युत नियामक आयोग के टैरिफ आदेश में दिए




गए कंज्यूमर राइट रूल 2020 (संशोधित 14 जून 2023) के प्रावधानों के तहत भार बढ़ाया है। इस पर उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने बताया कि कंज्यूमर राइट रूल 2020 की धारा 5ए और 5 बी में 14 जून 2023 में भारत सरकार ने संशोधन किया है। यह संशोधन सिर्फ स्मार्ट मीटर आधारित उपभोक्ताओं पर लागू होते हैं। प्रदेश में अव तक सिर्फ 90 लाख विद्युत उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगे हैं, जबकि प्रदेश में लगभग तीन करोड़ से अधिक के यहां स्मार्ट मीटर नहीं लगे हैं।

# 686 किलोग्राम टोमेटो कैचप सीज किया : चन्द्र शेखर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चीजी सोस,टोमेटो कैचप,मिक्सड फ्रूड जैम,कलोंजी टमाटर की चटनी का नमूना भरा**

**हापुड़,धौलाना।** खाद्य सुरक्षा एव औषधि प्रशासन के आयुक्त के आदेश एव जिलाधिकारी कविता मीना के निर्देश एवं सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय चन्द्र शेखर मिश्र के नेतृत्व में गठित सचल दल में शामिल अधिकारियों ने करीब 686 किलोग्राम टोमेटो कैचप सीज किया। इसके अलावाचीजी सोस,टोमेटो कैचप,मिक्सड फ्रूड जैम,कलोंजी टमाटर की चटनी का नमूना भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया।

सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय चन्द्र शेखर मिश्र ने बताया कि मंगलवार को विभाग के अधिकारियों की टीम ने प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए डेंगी एग्रो फूड इंडस्ट्रीज यूपीएसआईडी फेज-2 धौलाना में टोमेटो कैचप,चीज ड्रेसिंग का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया एव एक लाख सौ रुपए का लगभग 686 किग्रा टोमेटो कैचप सीज किया गया। गत सोमवार को





रिलाईन्स रिटेल लि0 (स्मार्ट पाईन्ट) निकट चमरी,दिल्ली रोड हापुड़ से चीजी सोस,टोमेटो कैचप,मिक्सड फ्रूड जैम,कलोंजी टमाटर की चटनी का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। उन्होंने बताया कि भरे गये नमूने जाँच खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी साथ ही उक्त अभियान निरन्तर चलता रहेगा । अभियान में पंकज कुमार मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी,मोहित कुमार,विपिन कुमार सिंह,राम प्रकाश गंगवार खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामिल रहे।

**संकल्प**

**कांग्रेस की मासिक बैठक में दमदारी से विधानसभा चुनाव लड़ने का संकल्प**

# मजबूती से विधानसभा चुनाव लड़ेगी कांग्रेस, प्रत्येक नगर और ब्लॉक में करेंगे पदयात्रा : जियाउर्रहमान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर ।** आगामी विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस ने दमदारी से मैदान में उतरने का ऐलान कर दिया है। जिला कार्यालय पर रविवार को जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान की अध्यक्षता में हुई मासिक बैठक में जिलेभर के कार्यकताओं ने एकजुट होकर ब्लॉक, नगर और बूथ कमेटियों को सक्रिय करने का संकल्प लिया । कांग्रेसियों ने भाजपा को हराने के लिए गांव- गांव, गली-गली जाने का आव्हान किया। कांग्रेस ने प्रत्येक विधानसभा पर विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे नेताओं को कार्यकताओं और लोगों के बीच में रहने के निर्देश दिए। बैठक में बूथ कमेटियों के प्रत्येक विधानसभा स्तर पर सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया।

जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान एडवोकेट ने कहा कि ब्लॉक और नगर कमेटियों को सक्रिय कर उनकी समीक्षा आगामी पंद्रह दिन में की जाएगी। उन्होंने कहा कि बूथ कमेटियों के विधानसभा स्तर पर सम्मेलन जुलाई माह में किए जाएंगे और मजबूती से प्रत्येक विधानसभा पर मिशन 2027 की तैयारी में जुटना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस सरकार ने आम आदमी का जीना बेहाल कर दिया है, सरकार के खिलाफ प्रत्येक नगर और ब्लॉक में पदयात्रा की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश और लोकतंत्र को बचाने के लिए राहुल गांधी और कांग्रेस के साथ चलना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।

पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, नरेंद्र चौधरी, किशन सिंह, नईम मंसूरी, डॉ इरफान और भजनलाल ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी ने लोगों का जनजीवन संकट में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि सभी को एकजुट होकर भाजपा को हराने के लिए काम करना होगा और संगठन को मजबूत करना होगा।




कांग्रेस नेत्री अर्चना पांडा, जितेंद्र शर्मा, नजमी चौधरी, राजकुमार बघेल, सचिन वशिष्ठ और रामपाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने पहले अंग्रेजों से देश आजाद कराया था और इस बार भाजपा की जनविरोधी नीतियों से देश को आजाद कराएंगे। अर्चना पांडा ने कहा कि वह राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के विचारों के साथ कांग्रेस से जुड़ी हैं, अन्याय और अत्याचार के खिलाफ मिलकर साथ लड़ेंगे। बैठक में कांग्रेसियों ने निष्क्रिय पदाधिकारियों को पदमुक्त करने और सक्रिय स्थितियों को जिम्मेदारी देने का प्रस्ताव पेश किया जिसको सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया ।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, नरेंद्र चौधरी, अर्चना पांडा, अनिल शर्मा, साजिद गाजी, मनीष चतुवेर्दी,शकील अहमद, किशन चौधरी, मुकेश रजक, आशु कुरैशी, नजमी चौधरी, गुरुबचन सिंह, अनुपम भारद्वाज, सचिन वशिष्ठ, डॉ इरफान, राजकुमार बघेल, शाकिब मुकदम, चंद्रपाल सिंह एडवोकेट, सगीर अहमद, नरेश बाल्मिकी, लुकमान चौहान, देशदीपक भारद्वाज, सादिक सैफी, मजहर अली पाशा, मोहन लाल शर्मा, भजनलाल विमल, अमित जाटव, गौरव जयराम, आदर्शदेव शर्मा, दिनेश शर्मा, प्रमोद गौड़, नितिन शर्मा, शेर खान, नवाब खान, कृष्ण कुमार सैनी, मनोज भारद्वाज, नूर मौ, नजमी चौधरी, इशू शर्मा, इरशाद पहलवान, आदिल जोझा, हरेन्द्र राघव, प्रमोद कुमार, जतिन स्वामी, शोएब चौधरी, अंश गोस्वामी, अनिल चौधरी, राजेंद्र कश्यप, मुनेंद्र जाटव, आसिफ खान, फिरोज खान, विजय जैनवाल, वर्षा, रचना, प्रीति, वंदना आदि मौजूद रहे ।

# केवल व्यापारिक नहीं सामाजिक संस्था भी है केमिस्ट एसोसिएशन : अजय शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (मौहम्मद अब्बास)।** केमिस्ट एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक चंदौसी रोड पर स्थित विवान अस्पताल में हुई, जिसमें सामाजिक सरोकारों से युक्त राष्ट्र कल्याण हेतु समर्पित कार्यक्रम संचालित करने पर विचार-विमर्श हुआ केमिस् एसोसिएशन के महामंत्री अजय कुमार शर्मा ने कहा कि केमिस्ट एसोसिएशन व्यापारिक संगठन के साथ-साथ सामाजिक और राष्ट्रवादी संगठन भी है। हमें सामाजिक सरोकारों को सदैव याद रखते हुए राष्ट्र कल्याण के लिए समर्पित रहना होगा उन्होंने वोकल फॉर लोकल की थीम पर चलकर निम्न बिंदुओं पर बल दिया:

1.वृक्षारोपण करना
2.नशीली चीजों से मुक्ति दिलाने के लिए अभियान चलाना
3.प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री न करना
4.अपनी मेडिकल के अंदर-बाहर तथा आसपास साफ-सफाई रखना इस अवसर पर केमिस्ट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष मोहम्मद शाहनवाज आलम*, उपाध्यक्ष मोहम्मद नसीम वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतवीर सिंह पाल ने 10 केमिस्टों को माल्यार्पण करके केमिस्ट एसोसिएशन की सदस्यता दिलाई।




नए सदस्य बने अवधेश यादव, प्रताप आर्य, राजपाल कश्यप, सुनील कश्यप, वाजिद, शाहरुख खान, जीवन प्रजापति, रजनीश यादव, मोहम्मद हसनैन, विनय यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यवीर सिंह पाल ने बताया कि अब तक 70 नए केमिस्ट बंधु केमिस्ट एसोसिएशन की विधिवत सदस्यता ले चुके हैं बैठक की अध्यक्षता अजय कुमार शर्मा ने की और संचालन दुर्वेश सैनी ने किया।

# संयुक्त चिकित्सालय पहुंचे सहकारिता मंत्री जयेंद्र प्रताप सिंह राठौड़, स्वास्थ्य सेवाओं का किया गहन निरीक्षण

**एनआरसी वार्ड का भी लिया जायजा, व्यवस्थाओं पर जताया संतोष, अधिकारियों को गुणवत्ता बनाए रखने के दिए निर्देश**

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश सरकार में सहकारिता विभाग के प्रभारी मंत्री जयेंद्र प्रताप सिंह राठौड़ ने चन्दौसी स्थित संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, ओपीडी, दवा वितरण केंद्र, आपातकालीन कक्ष, प्रसूति वार्ड, साफ-सफाई व्यवस्था तथा पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का बारीकी से निरीक्षण किया।






निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर उपचार, दवाओं की उपलब्धता तथा चिकित्सकीय सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि मरीजों को समय पर बेहतर उपचार और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपेक्षा की। पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) के निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कुपोषित बच्चों को दी जा रही चिकित्सा एवं पोषण संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य सुधार के लिए संचालित व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि कुपोषण के विरुद्ध अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए, ताकि प्रत्येक पात्र बच्चे को समय पर लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, दवा उपलब्धता, पेयजल, बिजली तथा अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। मंत्री ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि इसी प्रकार की गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर बनाए रखें और मरीजों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। साथ ही एनआरसी के निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने केंद्र प्रभारी गौरी वार्ष्णेय से कुपोषित बच्चों के उपचार, पोषण प्रबंधन एवं देखभाल संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने गौरी वार्ष्णेय द्वारा किए जा रहे समर्पित एवं सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे प्रयास कुपोषण मुक्त समाज के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी के साथ निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने नेत्र चिकित्सा इकाई का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ नेत्र चिकित्सा कर्मी एमपी सिंह से मरीजों की जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन, नेत्र परीक्षण शिविरों, उपलब्ध उपकरणों तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। एमपी सिंह ने विभाग द्वारा संचालित सेवाओं एवं उपलब्धियों से मंत्री को अवगत कराया। व्यवस्थाओं और कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त करते हुए मंत्री ने उनके कार्यों की सराहना की तथा कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मियों को सम्मानित किया जाना चाहिए। उन्होंने एमपी सिंह के बेहतर कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित किए जाने की बात भी कही। इस दौरान मौजूद रहे।जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल, पुलिस अधीक्षक के.के.विश्नोई, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट,साथ ही मौजूद रहे भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, भाजपा नेता परमेश्वर लाल सैनी,अंकित जैन, राजेश शंकर राजू, सुधीर मल्होत्रा भाजपा नेत्री मंजू दिलेर और अस्पताल प्रभारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों के अधिकारों और सशक्तिकरण का लिया संकल्प, सक्षम का स्थापना दिवस मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी/सम्भल।** समदृष्टि, क्षमताविकास एवं अनुसन्धान मंडल के तत्वावधान में दिव्यांगजनों के लिए कार्यरत राष्ट्रीय संगठन सक्षम की जिला इकाई सम्भल ने स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सक्षम के ध्येय गीत के साथ हुआ।



महिला प्रमुख प्रतिभा चौधरी ने संगठन के इतिहास एवं दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। वहीं जिला अध्यक्ष मंतेश वार्ष्णेय ने कहा कि दिव्यांगजनों को सहानुभूति नहीं, बल्कि समान अवसर और क्षमता विकास की आवश्यकता है। जिला सचिव अनुज वार्ष्णेय 'अन्नू' ने बताया कि शीघ्र ही मुरादाबाद में एक विशाल शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें दिव्यांगजनों को इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल सहित विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने दिव्यांग सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया तथा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मिठाई वितरित की गई।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मंतेश वार्ष्णेय, जिला सचिव अनुज वार्ष्णेय 'अन्नू', महिला प्रमुख प्रतिभा चौधरी, देवेंद्र मोनू, निशांत शर्मा, अतुल कश्यप, राहुल, आदित्य, शुभम अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मौसम का बदला मिजाज, छाते लेकर निकले लोग, अगले कुछ दिनों तक बारिश के आसार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** मंगलवार दोपहर हुई बारिश से भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को राहत मिली। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि कुछ देर बाद तेज धूप निकलने से उमस फिर बढ़ गई, जिससे लोग पसीने से परेशान नजर आए।

बारिश के दौरान बाजारों और प्रमुख मार्गों पर लोगों ने छातों का सहारा लिया। स्कूलों की छुट्टी होने पर छात्राएं भी छाते लेकर घर लौटती दिखाई दीं। मौसम में आए इस बदलाव से कुछ समय के लिए जनजीवन भी सामान्य रहा।

किसानों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार अच्छी बारिश होने पर खरीफ फसलों की बुवाई में तेजी आएगी। वहीं मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक बादल छाने और हल्की बारिश की संभावना जताई है। ऐसे में लोगों को भीषण गर्मी से और राहत मिलने की उम्मीद है।



# आसमान में अचानक काले बादल छाए तथा देखते ही देखते हुई झमाझम बारिश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा,महताब अमरोहवी )।** मंगलवार को लगभग ग्यारह बजे आसमान में अचानक काले बादल छाए तथा देखते ही देखते झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश होने से शहर में लोगों को भीषण गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन बारिश का पानी घरों में घुसने तथा सड़कों के जलमग्न होने से परेशानी का सामना भी करना पड़ा।बता दें कि बीते कई दिनों से लगातार पड़ रही भीषण गर्मी से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया था। लोगों की जुबान पर बस बारिश का लेकर ही चर्चा थी। लेकिन, मंगलवार को जब झमाझम बारिश ने मूसलाधार बारिश का रुख अपना लिया तथा पानी लोगों के घरों और दुकानों में घुसने लगा, तब परेशानी का भी सामना करना पड़ा। मूसलाधार बारिश से मंडीचौब चौराहा से लेकर अंबेडकर पार्क, कोट चौराहा से लेकर शफात पोता, बाजार कोट, बाजार बटवाल, मोहल्ला नल, कोतवाली से लेकर हिंदू इंटर कॉलेज तक, मोहल्ला मच्छरट्टा, मोहल्ला बसावन गंज तथा शहर के निचले इलाकों में बारिश का पानी भर गया। जिसके कारण लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। लोगों ने सोशल मीडिया पर बारिश के पानी से जलमग्न हुई सड़कों के वीडियो डालने शुरू कर दिए।




# मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**हिंदुस्तान प्लेस पार्क से सटी भूमि का नियमानुसार मुआवजा देने की मांग, प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप**

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति (अराजनैतिक) के बैनर तले सोमवार को किसानों ने अपनी पूर्व घोषित चेतावनी के अनुसार तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरने का नेतृत्व समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा ने किया। किसानों ने असालतपुर जारई स्थित हिंदुस्तान प्लेस पार्क के निकट फोरलेन सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि का नियमानुसार मुआवजा दिए जाने की मांग उठाई।




धरने को संबोधित करते हुए रामेश्वर दयाल शर्मा ने कहा कि एनएच-509 से बनियाठेर होते हुए चन्दौसी-शाहाबाद मार्ग के फोरलेन निर्माण में प्रभावित किसानों को शासन के आदेशों के अनुरूप मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार अधिकारियों के समक्ष समस्या रखने के बावजूद समाधान नहीं किया गया, जिससे किसानों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। किसानों ने स्पष्ट किया कि जब तक प्रभावित किसानों को सरकारी नियमों के अनुसार उचित मुआवजा नहीं मिल जाता, तब तक उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। धरने में जिला अध्यक्ष राहुल कश्यप, अमर सिंह तोमर, वीरेंद्र तोमर, रामपाल सिंह, उदयपाल सिंह, पप्पू तोमर, अवधेश तोमर, चीनू जैन, रिंकू, ओमवीर सिंह कठेरिया, दिनेश पाल सिंह, मुकेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# छंगा दरवाजा में विजिलेंस टीम की चेकिंग हड़कंप मचा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी) ।** अमरोहा शहर के मोहल्ला छंगा दरवाजा में मंगलवार सुबह विजिलेंस टीम की चेकिंग हड़कंप मच गया ,टीम को देखकर दहशत में अधेड़ की मौत हो गई जिस को लेकर काफी देर क्षेत्र में हंगामा होता रहा लोगों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग रात में बिजली चेकिंग करती है और दीवार फांद कर घरों में घुसते हैं।जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब विजिलेंस विभाग की टीम बिजली चेकिंग के लिए पहुंची। इस दौरान मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि टीम के आने से पैदा हुई दहशत के कारण अली जान (65 ) नामक अधेड़ व्यक्ति को हार्ट अटैक आ गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मृतक के बेटे मोहम्मद मैराज का आरोप है कि विजिलेंस टीम की कार्रवाई के दौरान पिता घबरा गए थे और अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों का कहना है कि उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं संबंधित मामले में अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई भी नहीं की गई है। फिलहाल घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराया है।

उधर इस घटना से क्षेत्र के लोगों में भय व्याप्त है ,क्यूंकि विजिलेंस द्वारा लगातार सरकारी आदेशों का उल्लंघन किया जा रहा है विगत दिनों सदर विधायक महबूब अली ने बिजली विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट कहा था कि आप चेकिंग का समय सुबह छह बजे से शाम सात बजे के बीच करें, अधिकारीयों ने सदर विधायक को विश्वास दिलाया था परन्तु आज दानिशमंदान क्षेत्र में लग भाग तीन दर्जन मकानों की चेकिंग रात तीन बजे की गई ,और उस के बाद छंगा दरवाजा और दरबार कलां में सुबह चार बजे से चेकिंग अभियान चलाया जिस के बाद यह घटना हो गई। बताया जा रहा है कि मामला ऊपर तक पहुँच गया है।




# कृषि कर्मचारियों को नैनो उर्वरकों के वैज्ञानिक उपयोग का दिया गया प्रशिक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** उप कृषि निदेशक (शोध) कार्यालय के अंतर्गत संभागीय कृषि परीक्षण एवं प्रदर्शन केंद्र, बिलवा में मंगलवार को समस्त कर्मचारियों के लिए नैनो उर्वरकों के वैज्ञानिक उपयोग विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप कृषि निदेशक (शोध) पवन कुमार प्रजापति तथा विशिष्ट अतिथि वानस्पतिविद डॉ. नरेन्द्र प्रताप रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ इफको बरेली के क्षेत्र अधिकारी कार्तिक सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत एवं अभिनंदन कर किया अपने संबोधन में कार्तिक सिंह ने इफको के नैनो उर्वरकों–नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी–की प्रयोग विधि, कार्यप्रणाली और कृषि में उनकी उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने संभागीय कृषि परीक्षण एवं प्रदर्शन केंद्र, बिलवा फार्म पर चल रहे नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के प्रदर्शन कार्यों की जानकारी देते हुए उनके उद्देश्यों से कर्मचारियों को अवगत कराया मुख्य अतिथि पवन कुमार प्रजापति ने अपने संबोधन में सभी कर्मचारियों से इफको द्वारा संचालित नैनो उर्वरक प्रयोगों को सफल बनाने तथा किसानों तक वैज्ञानिक खेती की नवीन तकनीकों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने का आह्वान किया प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नैनो उर्वरकों के वैज्ञानिक उपयोग, संतुलित पोषण प्रबंधन तथा कृषि उत्पादन बढ़ाने में उनकी भूमिका पर विस्तृत चर्चा की कार्यक्रम में बीज परीक्षण प्रभारी कृतज्ञ गंगवार, परीक्षण प्रभारी संजीव कुमार, फार्म अधीक्षक हेमंत गंगवार, जैव उर्वरक प्रभारी विकास कुमार सहित केंद्र के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।



**मिला स्थाई कार्यालय** | 7 करोड की लागत से 0.518 हेक्टेयर भूमि पर निर्मित है यह आधुनिक कार्यालय

# 15 बर्ष के लम्बे इंतजार के बाद जिला पंचायत को मिला स्थाई कार्यालय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (दिनेश सक्सेना )।** जनपद सम्भल में विकास कार्यों को नई गति देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री जेपी एस राठौर ने नवनिर्मित जिला पंचायत कार्यालय का विधि-विधान से हवन-पूजन के साथ लोकार्पण किया। करीब 7 करोड़ रुपये की लागत से 0.518 हेक्टेयर भूमि पर निर्मित यह आधुनिक कार्यालय अब जिला पंचायत के कार्यों को अधिक सुव्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संचालित करने में सहायक होगा।






लोकार्पण के बाद प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में विकास एवं कानून-व्यवस्था सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने जिला सूचना कार्यालय का भी निरीक्षण किया, जहां हाल ही में पुस्तकालय, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग कक्ष एवं भंडारण कक्ष का निर्माण और जीर्णोद्धार कराया गया है। कार्यालय की आधुनिक व्यवस्था और सुविधाओं को देखकर उन्होंने कहा कि "मैंने आज तक इतना सुंदर और व्यवस्थित सूचना कार्यालय नहीं देखा। इसके लिए जिला सूचना अधिकारी और जिलाधिकारी बधाई एवं धन्यवाद के पात्र हैं।"

प्रभारी मंत्री की इस सराहना से जिला सूचना विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# दो बाइकों की भिड़ंत में एक किशोर सहित तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी )।** जनपद के थाना मंडी धनौरा अंतर्गत देर रात हुई दो बाइकों की भिड़ंत में एक किशोर सहित तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर घायल हो गया।यह जानकारी प्रभारी निरीक्षक मंडी धनौरा अमर पाल सिंह ने दी। उनके के अनुसार सोमवार की देर रात लग भाग साढ़े दस बजे चाँद पुर मार्ग पर स्थित पेट्रोल पम्प के निकट आमने सामने दो बाइकें टकरा गयी जिस में चुचैला कलां निवासी कुणाल (22 )चांदपुर महमूद पुर निवासी मोहसिन (22 )तथा शिव पुरी धनौरा निवासी लकी (14 ) की मौत हो गई जबकि मोहसिन का साथी ग्राम अतर पुरा निवासी फैजान गंभीर घायल हो गया, जिस को उपचार हेतु सरकारी अस्पताल भेजा गया। उस ने बताया कि वह रात्रि में अपने मौसा मोहसिन के साथ बाइक द्वारा धनौरा से चांदपुर जा रहा था,कि यह हादसा हो गया उधर कुणाल के परिजनों ने बताया कि वह खाना खाकर बाइक पर घूमने निकला था उस के साथ 14 वर्षीय लकी भी था ,जब यह चांदपुर रोड पर स्थित पेट्रोल पम्प के पास पहुंचे तो चाँद पुर की और जा रही तेज रफ्तार बाइक इन की बाइक से टकरा गई दोनों बाइकों की रफ्तार तेज होने के कारण दोनों बाइकें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं । घटना की सूचना पाकर संबंधित परिजन मौके पर पहुंच गए थे।एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया की चांदपुर की और जाने वाली बाइक की गति बहुत तेज थी एक ट्रक कोओवर टेक करते समय सामने से आने वाली बाइक से जा भिड़ी।दोनों बाइकों के सवारों ने हेलमेट नहीं पहना था जिस कारण मौके पर तीन मौतें हो गई।पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम को भेजा है।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# स्कूली बच्चों को ढोने वाले ई रिक्शाओं पर लगे अवैध पायदान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** जनपद में यातायात पुलिस व परिवहन विभाग की अनदेखी और जिम्मेदार अभिभावकों की लापरवाही से नौनिहाल जोखिम भरा सफर कर रहे हैं।

स्कूली बच्चों को ढ़ोने वाले तमाम ई-रिक्शा ऐसे हैं, जिन पर पीछे पाइप लगाकर बाकायदा सीट बना दी गई है और पायदान भी लगा दिए हैं। मंगलवार को पड़ताल की तो सामने आया कि दोपहर 1:20 बजे चौधरी सराय चौराहा से होकर दो ई-रिक्शा गवां मार्ग की तरफ गुजरे। इन रिक्शाओं में अंदर सात से अधिक बच्चे बैठे हुए थे, जबकि तीन-तीन बच्चे पीछे पायदान पर बैठकर सफर कर रहे थे। वहीं दोपहर करीब 1:30 बजे हल्लू सराय से पंजाब नेशनल बैंक मार्ग गुजर रहे ई-रिक्शा में भी तीन बच्चियां पीछे बैठी हुई थीं। न तो अभिभावक इस तरफ ध्यान दे रहे हैं और न ही जिम्मेदार अधिकारी कोई सख्त कदम उठा रहे हैं, आखिर कब तक मासूम बच्चे इसी तरह जोखिम भरा सफर करते रहेंगे। वहीं यातायात प्रभारी जगरोशन ने बताया कि अभिभावक भी जागरूक बनें और बच्चों को पीछे नहीं बैठाएं, अगर इस तरह बच्चे सफर कर रहे हैं, तो अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

# मथुरा में साइबर अपराधियों पर पुलिस का बड़ा एक्शन, 15 से अधिक टीमों की छापेमारी में 50 से ज्यादा संदिग्ध गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर मथुरा पुलिस ने मंगलवार तड़के साइबर अपराधियों और ऑनलाइन ठगी करने

**एसएसपी श्लोक कुमार के नेतृत्व में सुबह 5 बजे शुरू हुआ ऑपरेशन; ड्रोन और आधुनिक तकनीक की मदद से साइबर हॉटस्पॉट गांवों में कार्रवाई, मोबाइल-लैपटॉप समेत डिजिटल साक्ष्य बरामद**

वाले गिरोहों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सुबह करीब 5 बजे पुलिस की 15 से अधिक टीमों ने जिले के विभिन्न साइबर हॉटस्पॉट गांवों में एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 50 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। उनके कब्जे से बड़ी संख्या में मोबाइल फोन, लैपटॉप तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान आधुनिक तकनीकी संसाधनों के साथ ड्रोन कैमरों का भी उपयोग किया गया। पुलिस ने मौके से साइबर अपराध में इस्तेमाल होने वाले कई महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य एकत्र किए हैं। बरामद मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की तकनीकी जांच की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि हिरासत में लिए गए संदिग्धों से गहन पूछताछ जारी है। अभियान अभी समाप्त नहीं हुआ है और पुलिस पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधियों के खिलाफ यह विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा ऐसे अपराधों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।





**वर्जन**

एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि साइबर अपराध से आम जनता को सुरक्षित रखने और अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई के उद्देश्य से जिले के चार थाना क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले कई गांवों को साइबर हॉटस्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया था। इन्हीं स्थानों पर पुलिस की विशेष टीमों ने समन्वित अभियान चलाया।

# सैफी संघर्ष समिति का कुनबा बढ़ाओ अभियान जारी, नए पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** सैफी संघर्ष समिति (पंजीकृत) द्वारा संगठन विस्तार के तहत चलाए जा रहे ह्यकुनबा बढ़ाओ अभियान के अंतर्गत सोमवार को खरखौदा क्षेत्र के ग्राम अतराडा में हाजी शब्बीर सैफी ठेकेदार के आवास पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हसीन अहमद सैफी ने संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से मंजूर सैफी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का उपाध्यक्ष, शराफत अली सैफी को जिला हापुड़ का मीडिया प्रभारी तथा इमरान सैफी को जिला मेरठ का आईटी सेल प्रभारी नियुक्त करते हुए नियुक्ति पत्र प्रदान किए।



इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों एवं समाज के लोगों ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में स्वालिन सैफी, डॉ. इमरान सैफी, चांद सैफी, इकराम सैफी, नदीम सैफी, आरिफ सैफी, डॉ. शकील सैफी, डॉ. नवाब सैफी, अनवर सैफी, गुल मोहम्मद सैफी, वसीम सैफी, सरफराज सैफी, मोहसिन सैफी, रहीसुद्दीन खान, हाजी शब्बीर सैफी, कादिर सैफी, इरशाद सैफी, शम्मी सैफी, राजू सैफी, आसिफ सैफी और साजिद सैफी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा सैफी समाज को एकजुट करने का संकल्प लिया। समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. नवाब सैफी ने बच्चों की शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षित समाज ही मजबूत राष्ट्र की नींव रखता है। बैठक की अध्यक्षता रहीसुद्दीन खान ने की। उन्होंने समाज में एकता, भाईचारे और शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए सभी से संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

# एल एम इटंर कालेज में किया पौधारोपण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद (फैजान अली)।** कुंदरकी नगर के जे एल एम इटंर कालेज में पौधारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत पौधारोपण किया गया दावत-ए-इस्लामी हिंद के डिपार्टमेंट GNRF के तहत बड़े पैमाने पर पौधारोपण कार्यक्रम का आगाज किया गया है जिसमें एक जुलाई से पंद्रह जुलाई तकदावत-ए-इस्लामी हिंद के वेलफेयर डिपार्टमेंट GNRF के तहत पूरे हिंदुस्तान में पौर्धारोपण अभियान के अन्तर्गत पौधे लगाए जायेंगे। इस मुहिम का मकसद पर्यावरण को बेहतर बनाना,प्रदूषण को कम करना और मुल्क को ज्यादा हरा-भरा बनाना है।

इस मुहिम के दौरान मुख़्तलिफ शहरों, कसबों, स्कूलों, कॉलेजों, सड़कों के किनारे और दीगर अवामी मकामात पर हजारों सायादार और फलदार पौधे लगाए जाएंगे। साथ ही इन पौधों की हिफाजत, देखभाल और पानी का भी इंतजाम किया जाएगा ताकि ये पौधे बड़े होकर मजबूत पेड़ बन सकें। जी एन आर एफ के नगर अध्यक्ष अरकान कादरी का कहना है कि दरख़्त हमारी ज़िंदगी, सेहत और साफ माहौल के लिए बेहद जरूरी हैं। उन्होंने अवाम से अपील की है कि वो इस मुहिम में भरपूर हिस्सा लें और कम से कम एक पौधा लगाकर माहौल की बेहतरी में अपना किरदार अदा करें।




इस्लाम के आखिरी पैगंबर हजरत मुहम्मद मुस्तफा ने इर्शाद फरमाया अगर कियामत कायम हो रही हो और तुम्हारे हाथ में एक पौधा हो, और तुम इसके लगाने पर कादिर (सक्षम) हो, तो जरूर इसे लगा दो।इस अवसर पर गुलाम नबी अत्तारी मास्टर तसलीम खान हाजी रियाजउद्दीन अत्तारी कारी अब्दुल वकील अत्तारी कारी आरिफ अत्तारी आदि मौजूद रहे।

# मुजाहिदपुर सराय में बाल विवाह के खिलाफ बच्चों ने ली शपथ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौहम्मद फिरोज )।** जनपद में बाल अपराधों की रोकथाम के लिए चल रहे व्यापक अभियान जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के तहत सोमवार को प्राथमिक विद्यालय मुजाहिदपुर सराय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला प्रशासन, प्रयत्न संस्था के संयुक्त प्रयासों से चल रहे इस अभियान में बच्चों को बाल विवाह, बाल मजदूरी और बाल तस्करी जैसे गंभीर अपराधों से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली। छात्रों से कहा गया कि वे अपने आसपास होने वाले किसी भी संदिग्ध बाल विवाह की सूचना तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या पुलिस आपातकालीन नंबर 112 पर दें, ताकि ऐसे प्रयासों को समय रहते रोका जा सके। कार्यक्रम में संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने बच्चों को बाल अपराधों के विभिन्न रूपों के बारे में जानकारी दी और बताया कि 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब समाज का हर वर्ग आगे आएगा। बच्चों को जागरूकता की सबसे मजबूत कड़ी बताते हुए उन्होंने उनसे बाल विवाह के खिलाफ आवाज बुलंद रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर फील्ड को ऑर्डिनेटर सिराज अहमद, विद्यालय इंचार्ज जावेद हुसैन ,आंगनवाड़ी सुमन ,सहित विद्यालय का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के माध्यम से बाल अपराध मुक्त सम्भल के लक्ष्य को मजबूत आधार देने का सदेश दिया गया।




# एमजीएम पी.जी.कॉलेज में छात्र छात्राओं को विभिन्न प्रजातियों के पौधे वितरित किए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास)।** एमजीएम पी.जी. कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर अभियान के अंतर्गत पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.डॉ. योगेंद्र सिंह , शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने छात्र छात्राओं को विभिन्न प्रजातियों के पौधे वितरित किए। साथ ही उन्हें अपने घर, मोहल्ले अथवा आसपास के क्षेत्र में पौधे लगाकर उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. डॉ. योगेंद्र सिंह ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण हेतु समाज के प्रत्येक वर्ग को इसमें अपनी भागीदारी निभानी होगी। यह अभियान केवल एक दिन का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सतत जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। डा दुष्यंत मिश्र ने कहा कि पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का सबसे सरल, प्रभावी और आवश्यक उपाय है। पेड़-पौधे पृथ्वी को हरित बनाकर जीवन के लिए आवश्यक ऑक्सीजन प्रदान करते हैं तथा कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर वायु को शुद्ध करते हैं। वे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने, वर्षा चक्र को संतुलित रखने, मिट्टी के कटाव को रोकने तथा जैव विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं कार्यक्रम में डॉ. दिलदार हुसैन, मुन्नन तथा सुमंत सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने तथा हरित वातावरण के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प व्यक्त किया कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और वितरित किए गए पौधों को लगाकर उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।



# जिला अध्यक्ष पर अपमान का आरोप लगाकर कांग्रेस जिला सचिव ने दिया इस्तीफा, संगठन में मची हलचल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (दानिश अली )।** जनपद सम्भल में कांग्रेस संगठन के भीतर उस समय हलचल मच गई जब कांग्रेस के जिला सचिव मोहम्मद शफी ने जिला सचिव पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने इस्तीफे में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आरिफ तुर्की पर कार्यकर्ताओं को अपमानित करने और उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार न करने का आरोप लगाया है। इस्तीफे के बाद जिले की राजनीतिक गतिविधियों में इस मामले को लेकर चचाओं का दौर शुरू हो गया है।

मंगलवार को मोहम्मद शफी ने अपना इस्तीफा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को भेजा। इस्तीफा पत्र में उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष आरिफ तुर्की का कार्यकर्ताओं के प्रति व्यवहार उचित नहीं है। उनका आरोप है कि संगठन में सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मान देने के बजाय उन्हें अपमानित किया जाता है, जिससे



कार्यकर्ताओं का मनोबल प्रभावित हो रहा है। उन्होंने लिखा कि ऐसी परिस्थितियों में जिला सचिव के रूप में कार्य करना उनके लिए संभव नहीं रह गया है, इसलिए वह अपने पद से त्यागपत्र दे रहे हैं।हालांकि मोहम्मद शफी ने अपने पत्र में यह भी स्पष्ट किया है कि उनका इस्तीफा केवल जिला सचिव पद से है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की नीतियों तथा संगठन के प्रति अपनी आस्था दोहराते हुए कहा कि वह पार्टी के एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में आगे भी जुड़े रहेंगे और कांग्रेस की नीतियों के प्रचार-प्रसार के लिए कार्य करते रहेंगे। जिला सचिव के इस्तीफे के बाद कांग्रेस संगठन में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि संगठन के भीतर उठे असंतोष को समय रहते दूर नहीं किया गया तो इसका असर पार्टी की संगठनात्मक मजबूती पर पड़ सकता है। वहीं पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच भी इस घटनाक्रम को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। फिलहाल इस मामले में जिला अध्यक्ष आरिफ तुर्की की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। अब प्रदेश नेतृत्व इस पूरे प्रकरण को किस तरह से देखता है और संगठनात्मक स्तर पर क्या कदम उठाए जाते हैं, इस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी प्रदेश नेतृत्व के निर्णय का इंतजार है।

# बाबा कहकर चिढ़ाने पर की थी युवक की हत्या, 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** निवाड़ी थाना क्षेत्र के गांव पूठरी में सोमवार सुबह गन्ने के खेत से मिले एक युवक के शव के मामले की बुद्धि पुलिस ने हत्या के मंत्र 24 घंटे के भीतर सुलझा ली है। हत्या के इस मामले में पुलिस ने गांव के ही एक युवक को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त दरांती और मृतक का मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार पूठरी गांव निवासी तरुण उर्फ नामित कुमार रविवार शाम अपने पिता को लेने के लिए निवाड़ी कस्बे गया था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन सोमवार सुबह गांव के निकट गन्ने के खेत में उसका रक्तरंजित शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव पर गर्दन, सिर और आंख के पास गंभीर चोटों के निशान मिले थे।



प्रारंभिक जांच में हत्या की आशंका जताई गई थी। घटना की सूचना पर पुलिस, फॉरेंसिक टीम और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर गांव निवासी निरांचल को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने हत्या करना स्वीकार कर लिया। एसीपी भास्कर वर्मा के अनुसार हत्यारोपी ने बताया कि मृतक और उसके कुछ साथी उसे अक्सर बाबा कहकर चिढ़ाते थे। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और गुस्से में आकर उसने दरांती से हमला कर तरुण की हत्या कर दी।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। वहीं घटना के बाद गांव में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

**उठाई मांग**

## भूतेश्वर से निकली सद्बुद्धि पदयात्रा का जन्मभूमि गेट पर हुआ समापन; जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर बोले- हाईकोर्ट के सिटिंग जज से हो निष्पक्ष जांच

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि गेट पर हनुमान चालीसा के साथ कांग्रेस का प्रदर्शन, राम मंदिर चढ़ावे की जांच की उठाई मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मंगलवार को मथुरा जिला कांग्रेस कमेटी ने जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर के चढ़ावे एवं कथित वित्तीय अनियमितताओं के मुद्दे को लेकर सद्बुद्धि पदयात्रा निकाली। पदयात्रा का शुभारंभ भूतेश्वर स्थित श्रीजी बाबा आश्रम हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्रीकृष्ण जन्मभूमि गेट पर हनुमान चालीसा का पाठ कर पदयात्रा का समापन किया।







पदयात्रा का नेतृत्व करते हुए जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने आरोप लगाया कि श्रीराम मंदिर के चढ़ावे और चंदे से जुड़ी कथित वित्तीय अनियमितताओं की खबरों से करोड़ों राम भक्तों की आस्था आहत हुई है। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच माननीय उच्च न्यायालय के सिटिंग जज से कराई जाए। साथ ही संबंधित ट्रस्ट को भंग कर इसकी जिम्मेदारी चारों पीठों के शंकराचार्यों एवं श्रीराम मंदिर के सम्मानित महंतों को सौंपी जाए।

उन्होंने आरोप लगाया कि आम जनता, किसानों, मजदूरों, व्यापारियों और संतों द्वारा भगवान श्रीराम मंदिर में दिए गए चंदे का दुरुपयोग किया गया है, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सत्य सामने आना चाहिए ताकि श्रद्धालुओं का विश्वास कायम रह सके।पदयात्रा में कांग्रेस नेताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ कर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम में लता चौहान, पुनीत बघेल, अबरार कुरेशी, रूपा लवानिया, शालू अग्रवाल, नीलम कुलश्रेष्ठ, गीता दिवाकर, अनाम धन्य तिवारी, प्रवीण ठाकुर, विपुल पाठक, हर्ष चौरसिया, काशन रिजवी, प्रेम शंकर शर्मा, आशीष अग्रवाल, गौरांग अग्रवाल, संदीप चौधरी, कुंवर सिंह निषाद, करन निषाद, रमेश कश्यप, जिलानी कादरी, अमित राज, विनोद दिवाकर, मुस्लिम कुरैशी, शैलेंद्र चौधरी, धीरू चौधरी, बलबीर सिंह, भगवान सिंह, राकेश शर्मा, रूपेश धनगर, पीयूष अग्रवाल, सुशील गौतम, दीपक सिंह, कृष्णवीर शर्मा, पूरन सिंह, नितिन वार्ष्णेय, महेश चौबे, अनिल खरे, अनुज गुप्ता, तपेश गौतम, धर्मेंद्र सिंह, गौरी शंकर यादव, खुशीराम पटेल, पंकज चौधरी, दिलशाद, हर्ष कुमार, मंजू देवी, ललिता देवी, लक्ष्य गौड़, चंद्र प्रकाश सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दबोई में अवैध कब्जेदारों पर कसेगा प्रशासन का शिकंजा, असमोली पुलिस व पीडब्ल्यूडी ने 45 लोगों को थमाया नोटिस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**असमोली/ संभल (मोनू सिंह)।** गंगा एक्सप्रेस-वे को जोड़ने वाले महत्वाकांक्षी फोरलेन मार्ग के निर्माण



में रुकावट बनने वालों के खिलाफ प्रशासन का तेवर सख्त हो गया है। थाना असमोली पुलिस के सहयोग से लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने ग्राम दबोई में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग ने गांव के 45 लोगों को बेदखली का नोटिस थमाकर खलबली मचा दी है। दरअसल, संभल-जोया मार्ग से ऐचोड़ा कम्बोह कल्कि धाम होते हुए खिरनी इंटरचेंज गंगा एक्सप्रेस-वे तक बनने वाला यह फोरलेन मार्ग शासन की प्राथमिकता में है, लेकिन दबोई में सड़क के किनारे 1.80 मीटर तक अवैध कब्जा होने से निर्माण कार्य में भारी बाधा आ रही है। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता (तृतीय) द्वारा जारी नोटिस में चेतावनी दी गई है कि नोटिस मिलने के मात्र 3 दिनों के भीतर ग्रामीण स्वयं अतिक्रमण हटा लें। यदि तय समय सीमा में कब्जा नहीं हटाया गया, तो प्रशासन बिना किसी पूर्व सूचना के कार्रवाई करेगा। साथ ही, सरकारी काम में बाधा डालने और आदेश की नाफरमानी करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 52 के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी स्वयं अतिक्रमणकारियों की होगी।

# मुरादाबाद में ईएसआई अस्पताल के निर्माण का रास्ता साफ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** ईएसआई के अधिकारी सौ बेड का अस्पताल निर्माण के लिए राज्य सरकार से एक साल से जमीन मिलने का इंतजार कर रहे थे। जिला प्रशासन ने वेब सिनेमा के पीछे जमीन चिह्नित की थी। अब कैबिनेट से जमीन के

**कैबिनेट की मुहर लगने के बाद बनेगा अस्पताल, 82 हजार परिवारों को स्वास्थ्य सुविधा का मिलेगा लाभ**

लिए मंजूरी मिलने के बाद निर्माण का रास्ता साफ हो गया है।

कानपुर स्थित ईएसआई के क्षेत्रीय निदेशक केसी झा ने पिछले साल चिह्नित जमीन का मुआयना करने के लिए एक टीम भेजी थी। टीम ने जमीन को सौ बेड अस्पताल के लिए उपयुक्त माना था। बताया था कि अस्पताल के लिए 150 करोड़ रुपये स्वीकृति मिल चुकी है। कैबिनेट में प्रस्ताव आने के बाद मुख्यमंत्री ने ग्राम हरथला राम गंगा विहार वेब सिनेमा के पीछे स्थित 2.25 हेक्टेयर जमीन को अस्पताल बनाने के लिए मंजूरी दे दी है।ईएसआई की टीम में शामिल निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम की अस्पताल को लेकर एक बैठक हुई थी। जमीन मिलने के बाद अब निर्माण का रास्ता साफ हो गया है।

ईएसआई अब 100 बेड के अस्पताल के निर्माण के लिए टेंडर कराएगी।82 हजार कर्मचारियों के परिवारों को मिलेगा लाभःजिले के 82217 कर्मचारी ईएसआई (इंप्लाइज स्टेट इंश्योरेंस) में पंजीकृत हैं। इनमें अधिकतर कर्मचारी



पीतल उद्योग से जुड़े हुए हैं। अभी कटघर क्षेत्र स्थित खंडहरनुमा मकान में ईएसआई का अस्पताल संचालित है। यहां एक डॉक्टर और फार्मासिस्ट तैनात हैं। यहां प्राथमिक उपचार की सुविधा है लेकिन मरीजों को भर्ती करने के लिए आवश्यक सुविधा मौजूद नहीं है। नए अस्पताल का निर्माण होने से 82 हजार परिवारों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा।

ईएसआई अस्पताल के निर्माण स्थल पर अब भी पानी भरा हुआ है। इस जमीन पर सरकारी संपत्ति का बोर्ड लगा है। मैदान में घास उगने के कारण पशुओं के लिए खाली मैदान चारागाह बन गया है। एमडीए इस जमीन के इर्द-गिर्द सड़क का निर्माण करा रहा है।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** प्रदेश सरकार की ओर से 8 जुलाई सुबह 10:00 बजे वाराणसी स्थित व्यापार

**कांठ तहसील सभागार में कार्यक्रम का होगा लाइव प्रसारण, 50 शिक्षक शिक्षिकाओं को किया गया आमंत्रित**

केंद्र सभागार से एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने कर कमलों से मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना, डीबीटी (डीबीटी) वितरण तथा स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।




अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि कार्यक्रम का जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में जनपद, तहसील एवं विद्यालय स्तर पर लाइव प्रसारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावक और आमजन इस कार्यक्रम का लाभ प्राप्त कर सकें। कांठ तहसील सभागार में इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा' नगर एवं क्षेत्र के इस योजना में शामिल 50 शिक्षक शिक्षिकाओं को आमंत्रित किया गया है।

# टूटा वॉल्व जुड़ा, कुन्दरकी के नलों में फिर गूंजी पानी की कलकल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** सोमवार की शाम जिस पैठ बाजार ने बिन बरसात के पानी का सैलाब देखा । मंगलवार की सुबह उसी पैठ बाजार ने राहत की सांस ली। ओवरहेड टैंक का फटा हुआ सप्लाई वॉल्व जोड़ दिया गया है और नगर में पेयजल सप्लाई पूरी तरह बहाल हो चुकी है।

**क्या हुआ था कल ?**
नगर के पैठ बाजार में स्थित ओवरहेड टैंक के सप्लाई वॉल्व ने अचानक दम तोड़ दिया। पलभर में तेज प्रेशर से पानी का फव्वारा फूट पड़ा। मुख्य सड़क से लेकर गली-कूचे तक पानी ही पानी नजर आने लगा। बिना बारिश के ही हालात तालाब जैसे हो गये । हजारों लीटर कीमती पानी यूं ही सड़कों पर बहकर बर्बाद हो गया।





मगर गर्मी से परेशान बच्चे जरूर सड़क पर बने स्विमिंग पूल में नहाकर खुश हो गए, पर बड़ों के माथे पर चिंता की लकीरें थीं।

**फिर क्या हुआ रात में ?**
टैंक का पानी खाली होते ही ह्यऑपरेशन वॉल्व शुरू हुआ। नगर पंचायत की टीम टॉर्च की रोशनी में वॉल्व से भिड़ गई। देर रात तक हथौड़े चले, पाना कसा गया, लीकेज रोकी गई। साथ-साथ पूरी पाइप लाइन को चेक किया गया कि कहीं और से धोखा न मिल जाए।

**और सुबह क्या मिला ?**
मंगलवार की सुबह पहला नल खोला गया -और सुर्रर्र से पानी की धार आने लगी। पेयजल आपूर्ति सुचारू हो गई है।

# निगम ने शुरू किया वार्ड गजेटियर सर्वे: भविष्य की "विकास योजनाओं एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार का आधार बनेगा "गजेटियर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** मुरादाबाद नगर निगम ने शहर के प्रत्येक वार्ड का प्रामाणिक वार्ड गजेटियर तैयार करने की दिशा में व्यापक सर्वे अभियान शुरू कर दिया है। नगर आयुक्त के निर्देश पर विभिन्न वार्डों में अधिकारियों और कर्मचारियों ने पहुंचकर तथ्यात्मक जानकारी एकत्र की। यह गजेटियर भविष्य की विकास योजनाओं
और नागरिक सुविधाओं के विस्तार का आधार बनेगा।
नगर निगम के अनुसार मंडलायुक्त के निर्देश पर तैयार किए जा रहे इस दस्तावेज में प्रत्येक वार्ड की भौगोलिक, जनसंख्या, सामाजिक, आर्थिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आधारभूत संरचना से जुड़ी जानकारियां शामिल की जाएंगी। इसके अलावा उपलब्ध संसाधनों, समस्याओं, स्थानीय



आवश्यकताओं और भविष्य की विकास संभावनाओं का भी
आकलन किया जाएगा। वार्ड संख्या 3, 8, 19, 22, 23, 38, 48, 50, 51 और 67 में सर्वे कराया गया।इस दौरान संबंधित वार्ड पार्षदों, स्थानीय नागरिकों और राजस्व निरीक्षकों की मौजूदगी में निर्धारित प्रारूप के अनुसार जानकारी जुटाई गई। निगम अधिकारियों ने बताया कि वार्ड गजेटियर मंडलीय गजेटियर का ही हिस्सा है। यह केवल एक रिकॉर्ड नहीं, बल्कि प्रत्येक वार्ड का जीवंत दस्तावेज होगा।

# हाईवे पर" हादसे में घायलों का छह निजी अस्पतालों में हो सकेगा कैशलेस इलाज"


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सड़क हादसे में घायल होने वाले मरीजों को इलाज के लिए पैसों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। जिले में हाईवे किनारे स्थित छह निजी अस्पतालों को सड़क दुर्घटना पीड़ितों के कैशलेस इलाज के लिए नामित किया गया है। दुर्घटना के बाद यदि घायल को गोल्डन ऑवर (पहले एक घंटे) के भीतर इनमें से किसी अस्पताल में पहुंचा दिया जाता है तो सात दिन तक या अधिकतम 1.50 लाख रुपये तक का इलाज पूरी तरह कैशलेस होगा।इस योजना का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में समय पर उपचार देकर मौतों की संख्या कम करना है। योजना के तहत मरीज या उसके परिजनों को भर्ती के समय कोई अग्रिम राशि जमा नहीं करनी होगी। इलाज का खर्च मोटर वाहन दुर्घटना निधि के माध्यम से वहन किया जाएगा। अस्पतालों को निर्देश दिए गए हैं कि सड़क दुर्घटना के घायलों का इलाज धन के अभाव में रोका नहीं जाएगा। दुर्घटना की सूचना मिलने पर 112 के माध्यम से भी मरीज को नामित अस्पताल तक पहुंचाया जा सकेगा। मुरादाबाद में दिल्ली रोड स्थित टीएमयू हॉस्पिटल, आरआर हॉस्पिटल और साईं हॉस्पिटल, कांठ रोड पर कोठीवाल डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर तथा कॉसमॉस हॉस्पिटल, जबकि ठाकुरद्वारा हाईवे पर स्थित तेजस हॉस्पिटल को इस सुविधा के लिए सूचीबद्ध किया गया है। इन अस्पतालों में सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल मरीजों का तत्काल उपचार किया जाएगा।सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि योजना के तहत किसी भी श्रेणी की सड़क पर मोटर वाहन दुर्घटना में घायल पात्र व्यक्ति को सात दिन तक या अधिकतम 1.50 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज मिलेगा। यह खर्च सरकार वहन करेगी।

# राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम: जिले में चिह्नित हुए 55 नए कुष्ठ रोगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिले में राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत अप्रैल से जून 2026 के बीच 55 नए कुष्ठ रोगी चिह्नित किए गए हैं। नये व पुराने को मिलाकर जिले में इस समय 229 कुष्ठ रोगियों का निशुल्क इलाज किया जा ना रहा है। इनमें 40 पीबी तथा 189 एमबी श्रेणी के मरीज शामिल हैं। अप्रैल से जून के बीच 20 कुष्ठ रोगियों ने इलाज का कोर्स पूरा किया। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल का कहना है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के शुरूआती तीन महीने अप्रैल से जून के बीच 55 नए का कुष्ठ रोगी चिह्नित किए गए हैं। जिसमें से 13 मरीजों को 6 माह (पीबी), 40 पीबी तथा 189 एमबी श्रेणी के मरीज, 20 ने पूरा किया उपचार 42 रोगियों को एक वर्ष (एमबी) की मल्टी ड्रग थेरेपी (एमडीटी) के द्वारा जो कि पूरे देश में एक समान दवा दी जा रही है'जिला कुष्ठ रोग परामर्शदता के अनुसर यदि किसी व्यक्ति में कुष्ठ रोग के लक्षण दिखाई तो तुरंत अपने नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच करानी चाहिए। कुष्ठ रोग का समय पर इलाज पूरी तरह




संभव है और सभी सरकारी अस्पतालों में एमडीटी दवा निःशुल्क उपलब्ध है। कुष्ठ रोग से पीड़ित किसी व्यक्ति में इलाज में देरी के कारण यदि विकलांगता उत्पन्न हो गई है तो उसके लिए सरकार ने रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी का निशुल्क प्रावधान है। जिसमें रोगी का कोई भी पैसा खर्च नहीं होता है। सर्जरी कराने वाले कुष्ठ रोगी को सरकार द्वारा 12,000 की राशि भी दी जाती है। सर्जरी न कराने पर विकलांगता की स्थिति में विकलांग व्यक्ति को 3000 महीने पेंशन सरकार प्रदान करती है।यह हैं कुष्ठ रोग के लक्षणःशरीर पर त्वचा के रंग से हल्के या गहरे रंग के चकत्ते हों। दाग जिनमें सुन्नपन हो (स्पर्श का एहसास न हो) पसीना न आए। नजरअंदाज न करें प्रभावित स्थान के बाल झड़ जाएं आदि लक्षण है 'डॉ. भास्कर अग्रवाल के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले में कुल 268 नए कुष्ठ रोगी मिले थे। जिसमें से 75 पीबी और 193 एमबी श्रेणी के मरीज शामिल थे। मार्च 2026 तक जिले की व्यापकता दर (पीआर रेट) 0.68 प्रति 10 हजार आबादी रही। जबकि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य इसे 1 प्रति 10 हजार से नीचे बनाए रखना है। उन्होंने बताया कि "कुष्ठ रोगी खोजी अभियान" के दौरान भी 74 नए मरीजों की पहचान की गई थी। जिनमें 19 पीबी और 55 एमबी श्रेणी के रोगी शामिल थे।

# कुन्दरकी की उम्मीद लखनऊ पहुंची, विधायक ने जगाई बिजली की आस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** लखनऊ विधान भवन के सभागार में जब कुन्दरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने अपनी बात रखनी शुरू की, तो पूरे सदन ने महसूस किया यह सिर्फ एक विधायक की मांग नहीं, लाखों लोगों की उम्मीद है। सोमवार को सभापति राजीव सिंह उर्फ बब्बू भैया' की अध्यक्षता में हुई प्रतिनिहित विधायन समिति की बैठक में समिति सदस्य ठाकुर रामवीर सिंह ने कुन्दरकी विधानसभा की बिजली समस्या को पूरे सम्मान और तथ्यों के साथ रखा।

**"अंधेरा नहीं, अधिकार चाहिए" - विधायक ने रखा पक्ष**
विधायक ने बेहद विनम्रता से लेकिन दृढ़ता से कहा कि कुन्दरकी नगर, भैंसोड़, नानपुर और सरकड़ा खास के बिजलीघर आज की तारीख में क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप नहीं हैं। जनसंख्या बढ़ी है, नए घर बने हैं, व्यापार बढ़ा है, खेतों में नई तकनीक आई है पर बिजली व्यवस्था वही पुरानी है।



**नतीजा सबके सामने है:**
बार-बार ट्रिपिंग, लो वोल्टेज, ओवरलोडिंग। किसान परेशान, छात्र परेशान, व्यापारी परेशान है। इसीलिए 18 गांवों - लालपुर हमीर, नानपुर, भीतखेड़ा, सरकड़ा खास, दलपतपुर सब स्टेशन से जुड़े क्षेत्रों में 25 केवीए के ट्रांसफार्मर को63 केवीए में अपग्रेड करना समय की मांग है।

**सभापति का संवेदनशील रुखः "ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश**
विधायक की बात सुनकर सभापति राजीव कुमार सिंह ने तत्काल ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कुन्दरकी की विद्युत समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण किया जाए।

# धर्मशाला की दुआ वहांपुर की मिट्टी तक दलाई लामा के जन्मदिन पर बच्चों ने रोप दी करुणा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** धर्मशाला में जलता अहिंसा का दीया मंगलवार को कुन्दरकी के गांव वहांपुर में हरियाली बनकर लहरा उठा। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा के 89वें जन्मदिन पर नवभारत

**नवभारत पब्लिक स्कूल बना शांति-वाटिका औषधीय पौधों से दी 89 साल के संत को उम्र की दुआ**

पब्लिक जूनियर स्कूल के नन्हे फरिश्तों ने कलम के साथ कुदाल उठाई और स्कूल के आंगन को संजीवनी वाटिका बना दिया।

**नजारा भावुक कर देने वाला था**
कक्षा एक से पांच तक के बच्चे अपनी नन्ही हथेलियों में तुलसी, नीम, गिलोय, अश्वगंधा, एलोवेरा के पौधे थामे खड़े थे। एक-एक पौधा जमीन में उतरता गया और हर रोपण के साथ हवा में गूंजता गया दलाई लामा जिंदाबाद, पेड़ हमारे साथी। ये सिर्फ पौधे नहीं थे, ये शांति की चिट्ठी थी जो धर्मशाला भेजी जा रही थी।



प्रबंधक हबीबुर्रहमान, प्रधानाचार्य अतिकुर्रहमान और शिक्षक शिव प्रकाश की आंखें नम थीं। सबने हाथ उठाकर दुआ मांगी करुणा के इस समंदर को शतायु कर मौला, इनकी सांसों से दुनिया में अमन रहे।


**प्रबंधक हबीबुर्रहमान का एक-एक लफ्ज दिल चीर गया:**
आज के दिन हमने बच्चों को बताया कि मजहब से बड़ा मुल्क होता है, और मुल्क से बड़ी इंसानियत। दलाई लामा ने 60 साल से घर छोड़ा हुआ है, पर दिल में नफरत नहीं पाली। हमने बच्चों के हाथ में कुदाल इसलिए दी ताकि वो समझें नफरत से कुछ नहीं उगता, मोहब्बत बोओगे तो पेड़ उगेगा, छांव मिलेगी।


यह आयोजन अखिल भारत रचनात्मक समाज उत्तर प्रदेश की सोच का नतीजा था। राष्ट्रीय अध्यक्ष विभूति कुमार मिश्रा और प्रदेश अध्यक्ष हबीबुर्रहमान ने विद्यालय को भेजे संदेश में कहा वहांपुर ने आज किताबी बात को जमीन पर उतार दिया। दलाई लामा सिर्फ तिब्बत के नहीं, पूरी दुनिया के हैं।

# पहली बारिश में नगर पंचायत कांठ के इंतजामों की" खुली पोल " जगह-जगह जल भराव होने से "नागरिकों को हुई भारी परेशानी "

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील क्षेत्र में मंगलवार को जमकर बारिश हुई' इस बारिश से तापमान में गिरावट आई और किसानों के चेहरे खिल गए' नगर पंचायत में हुई बारिश से जगह-जगह जल भराव होने से नालों में उफान आ गया और सड़क पर पानी वहने से नगर पंचायत के इंतजामों की पोल खुल गई' इस मौसम की मंगलवार को पहली बारिश हुई बारिश होने से पुराने बस स्टैंड, स्टेशन रोड, रामलीला मैदान आदि स्थान पर जल भराव होने से नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा' सड़क के दोनों







किनारो स्थित नालों में गंदगी जमा होने के कारण पानी सड़क पर बहने लगा' अनेक नालो की बरसात से पूर्व सफाई नहीं की गई है' जगह-जगह जल भराव होने से नगर पंचायत की पोल खुल गई है' बता दे की नगर पंचायत के अनेक नालें अभी गंदगी से भरे पड़े हैं ।

**पौधारोपण** एक जुलाई से पंद्रह जुलाई तक चलेगा पौधा लगाओ-पेड़ बनाओ अभियान

# जेएलएम इंटर कॉलेज में दावत-ए-इस्लामी के जीएनआरएफ ने किया पौधारोपण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** पौधा लगाओ, पेड़ बनाओ के असली मायने को जमीन पर उतारते हुए दावत-ए-इस्लामी हिन्द के जनकल्याण विभाग जीएनआरएफ ने कुन्दरकी से हरियाली की मुहिम का आगाज कर दिया है। नगर के जेएलएम इंटर कॉलेज में मंगलवार को बड़े पैमाने पर पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

एक जुलाई से पंद्रह जुलाई तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत जीएनआरएफ पूरे हिन्दुस्तान में हजारों छायादार और फलदार पौधे लगाएगा। उद्देश्य साफ है पर्यावरण को बेहतर बनाना, प्रदूषण को कम करना और मुल्क को ज्यादा हरा-भरा बनाना।

कॉलेज परिसर में नीम, पीपल, जामुन, अमरूद जैसे पौधों का रोपण किया गया। खास बात ये रही कि सिर्फ पौधे लगाए नहीं गए, बल्कि उनकी सुरक्षा, देखभाल और रोज पानी देने का संकल्प भी लिया गया,ताकि ये नन्हे पौधे कल को मजबूत पेड़ बन सकें। जीएनआरएफ के नगर अध्यक्ष अरकान कादरी ने कहा,वृक्ष हमारी







जिंदगी, सेहत और साफ वातावरण के लिए बेहद जरूरी हैं। ये प्राणवायु की खान हैं। हम जनता से अपील करते हैं कि इस मुहिम में भरपूर हिस्सा लें और कम से कम एक पौधा लगाकर वातावरण की बेहतरी में अपना योगदान दें।इस्लाम का हवाला देते हुए उन्होंने बताया,इस्लाम के आखिरी पैगंबर हजरत मुहम्मद मुस्तफा ने फरमाया झ अगर प्रलय आ रही हो और तुम्हारे हाथ में एक पौधा हो, और तुम इसे लगाने में सक्षम हो, तो जरूर इसे लगा दो। इससे बड़ा पर्यावरण का संदेश और क्या होगा? इस अवसर पर गुलाम नबी अत्तारी, आचार्य तसलीम खान, हाजी रियाजउद्दीन अत्तारी, कारी अब्दुल वकील अत्तारी, कारी आरिफ अत्तारी समेत कई जिम्मेदार मौजूद रहे।

# छात्रों को रौंदने का "आरोपी डंपर चालक गिरफ्तार"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मझोला पुलिस ने टीएमयू के छात्र और उसके तहेरे भाई को कुचलने के आरोपी डंपर चालक को नया मुरादाबाद से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ से पता चला कि चालक उत्तराखंड से रेत लादकर नया मुरादाबाद क्षेत्र में आ रहा था। अचानक बाइक सामने आने पर हादसा हो गया।

बिहार प्रांत के सहरसा जिला के पतरघाट निवासी ओम कुमार (22) अपने तहेरे भाई प्रिंस कुमार शाहू को नोएडा में टीईटी की परीक्षा दिलाने गया था। ओम मुरादाबाद से बीएससी एजी कर रहा था। लौटते वक्त निवार देर रात करीब एक बजे नया मुरादाबाद सेक्टर 13 स्थित विद्युत उप केंद्र के सामने गोल चक्कर पर डंपर ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी थी। हादसे में दोनों की मौत हो गई थी। ओम के रिश्तेदार सतीश कुमार ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी रवींद्र कुमार ने बताया कि



सीसीटीवी फुटेज के आधार पर डंपर चालक को नया मुरादाबाद से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चालक मुशाहिद भोजपुर थाना क्षेत्र के गणेशपुर देवी का रहने वाला है। चालक ने बताया कि डंपर में रेता लदे होने के कारण ब्रेक नहीं लग सका। पुलिस का कहना है कि चालक को जमानत मिल गई है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# दुल्हन जैसी सजीं शनाया कपूर, मानसून के दिनों में शेयर कीं तस्वीरें



अभिनेत्री शनाया कपूर ने मानसून के दिनों में सोशल मीडिया पर अपनी बेहतरीन तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में वह दुल्हन जैसी लग रही हैं। तस्वीरों के साथ उन्होंने एक बेहतरीन कैप्शन लिखा है। उनकी तस्वीरों पर उनकी मां समेत कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं।

शनाया कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि उन्होंने लहंगा और टॉप पहना है। उन्होंने गहने पहने हैं। एक हाथ में भर कर चूड़ियां पहनी हैं। उनकी मांग का टीका उनकी खूबसूरती को और बढ़ा रहा है। तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा बारिश के दिनों में धूप जैसी चमको। शनाया की तस्वीरों पर उनकी मां ने दिल और नजर वाला इमोजी कमेंट किया है, ताकि उन्हें नजर ना लगे। भावना पांडे ने उन्हें खूबसूरत लड़की कहा है। एक और यूजर ने लिखा आप बहुत ही सुंदर हैं।

शनाया कपूर को आखिरी बार फिल्म तू या मैं में देखा गया था। इस फिल्म में उनके साथ आदर्श गौरव थे। बिजॉय नांबियार के निर्देशन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा नहीं कर सकी थी। शनाया 2025 में विक्रांत मैसी के साथ आंखों की गुस्ताखियां में नजर आ चुकी हैं।

# रणवीर सिंह प्रलय से तबाही लाने को तैयार, होगी उनके करियर की सबसे महंगी फिल्म

रणवीर सिंह की पिछली रिलीज फिल्म धुरंधर फ्रैंचाइजी को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया। अब अभिनेता अपनी अगली परियोजना में तन और मन से जुटने के लिए तैयार हैं, जिसकी चर्चा पिछले साल से है। आने वाले दिनों में उन्हें फिल्म निमार्ता जय मेहता की महत्वाकांक्षी जॉम्बी थ्रिलर फिल्म प्रलय में देखा जाएगा। इस परियोजना को एक बड़े पैमाने पर सर्वाइवल ड्रामा के रूप में तैयार किया जा रहा है। अब फिल्म से जुड़ी रोमांचक जानकारी सामने आई है।



रिपोर्ट के मुताबिक, प्रलय की शूटिंग सितंबर, 2026 से शुरू कर दी जाएगी। फिल्म का एक बड़ा हिस्सा ऑस्ट्रेलिया में शूट किया जाएगा। एक सूत्र ने कहा, रणवीर ने फिल्म की तैयारियां शुरू कर दी हैं और पूरी तरह से इसकी दुनिया को बनाने में जुटे हैं। वह 2026 की दूसरे छमाही से इस परियोजना की शूटिंग शुरू करेंगे। फिल्म के पैमाने और शैली को देखते हुए, इसके लिए उन्हें गहन शारीरिक और भावनात्मक तैयारी की जरूरत है।

सूत्र ने कहा, प्रलय में विजुअल इफेक्ट्स का भरपूर इस्तेमाल होगा। जय और उनकी टीम पटकथा, विजुअल डिटेलिंग और जॉम्बी की दुनिया पर सक्रिय रूप से काम कर रही है। रणवीर भी रोजाना रचनात्मक चचाओं में शामिल हैं। लगभग 300 करोड़ रुपये के बजट में बन रही प्रलय को रणवीर के करियर की अब तक की सबसे महंगी एकल फिल्म बताया जा रहा है, जिसके लिए फैंस भी काफी उत्साहित हैं। कल्याणी प्रियदर्शन इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी।

# फीमेल एक्टर्स को हल्के में लिया जाता है..., कृति सेनन ने फिल्म इंडस्ट्री के जेंडर बायस पर तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन इन दिनों अपनी फिल्म कॉकटेल 2 को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं. फिल्म में उनकी एक्टिंग की खूब तारीफ हो रही है. अब इस बीच कृति अपने एक इंटरव्यू को लेकर चर्चा में आ गई हैं. एक्ट्रेस ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के साथ होने वाले जेंडर बायस पर खुलकर अपनी राय रखी है.

कृति सेनन ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने साथ हुए जेंडर बायस के बारे में बात की है. उन्होंने बताया कि फीमेल एक्टर्स को अक्सर उनके मेल काउंटरपार्ट्स से अलग तरह से जज किया जाता है. कृति ने इंडस्ट्री में



काम करने के स्ट्रगल के बारे में बात की और बताया कि असिस्टेंट डायरेक्टर्स अक्सर मेल स्टार्स से डरते हैं, जबकि फीमेल एक्टर्स को अक्सर हल्के में लिया जाता है.


कृति ने बताया कि अगर कोई एक्ट्रेस अपने किरदार या सीन को लेकर सवाल पूछती है तो उसे जरूरत से ज्यादा सवाल करने वाली समझ लिया जाता है, जबकि यही काम कोई मेल स्टार करे तो उसकी तारीफ होती है. एक्ट्रेस ने कहा, जब कोई फीमेल एक्टर सवाल पूछती है, तो ऐसा होता है, कितने सवाल पूछती है ये, अरे 50 सवाल शुरू हो जाएंगे. मुझे लगता है कि इस तरह की बातचीत होती है. इसके उलट, जब कोई मेल स्टार सवाल पूछता है, तो उसे बहुत इन्वॉल्व्ड कहा जाता है. मेरे साथ भी ऐसा हुआ है. जब मैंने वही सवाल पूछे, तो मुझसे कहा गया, इसे ओवरएनालाइज मत करो. लेकिन जब ये बात उस लड़के की तरफ से आई, तो उन्होंने कहा, ठीक है, ये किया जा सकता है। कृति ने आगे कहा, कई बार ये छोटी-छोटी बातें होती हैं जैसे मेल एक्टर को कैसी कार या कमरा दिया गया और मुझे कैसा कमरा दिया गया. मेरा मतलब है कि मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता, भले ही मुझे छोटा कमरा या कार मिले, लेकिन इससे मुझे कम महसूस नहीं होता.


वर्क फ्रंट की बात करें तो कृति हाल ही में फिल्म कॉकटेल 2 में नजर आई थीं. इस फिल्म में उनके साथ शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना लीड रोल में हैं. होमी अदजानिया के निर्देशन में बनी इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला।

# अक्षय कुमार पर नया दांव लगाएंगे निर्देशक प्रियदर्शन, कॉमेडी थ्रिलर से मचाएंगे धमाल

अक्षय कुमार और प्रियदर्शन ने मिलकर हेरा फेरी और भूल भुलैया जैसी कई शानदार फिल्में कीं। इस साल दोनों ने हॉरर कॉमेडी भूत बंगला के साथ वापसी की जिसे दर्शकों से बेशुमार प्यार हासिल हुआ। ताजा अपडेट है कि निर्देशक एक बार फिर अक्षय के साथ फिल्म के लिए जुड़ने वाले हैं। बताया जा रहा है कि यह एक कॉमेडी थ्रिलर फिल्म होगी जिसकी कहानी प्रियदर्शन ने खुद लिखी है। शूटिंग भी इसी साल से शुरू हो जाएगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रियदर्शन ने हेरा फेरी 3 के निर्देशन से खुद को अलग कर लिया है, जिसके बाद नई परियोजना के लिए उन्हें समय मिल गया। सूत्र ने कहा, प्रियदर्शन ने कहानी लिखी है, जो मनोरंजन और रोमांच का मिश्रण है। फिल्म की





शूटिंग साल के अंत तक, शायद दिसंबर में शुरू हो जाएगी। अक्षय और वे इस परियोजना को लेकर उत्साहित हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि यह एक ऐसी शैली है, जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं आजमाया।

भूत बंगला के बाद, फिलहाल अक्षय और प्रियदर्शन आगामी फिल्म हैवान को लेकर भी चर्चा में हैं। यह 2026 की बहुप्रतीक्षित सस्पेंस थ्रिलर है, जिसमें सैफ अली खान भी मुख्य किरदार में नजर आएंगे। वह एक दृष्टिहीन व्यक्ति के किरदार में होंगे, जबकि अक्षय खतरनाक विलेन बने हैं। यह फिल्म प्रियदर्शन की ही 2016 की हिट मलयालम फिल्म ओप्पम की हिंदी रीमेक है, जिसमें मोहनलाल थे। हैवान 11 सितंबर, 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 1313 सेवा समिति ट्रस्ट पिछले चार वर्षों से कर रही है निःशुल्क लंगर सेवा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**साहिबाबाद (गाजियाबाद)।** 1313 सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा ईएसआई अस्पताल, शालीमार गार्डन, साहिबाबाद (गाजियाबाद) में साहब श्री गुरु नानक देव जी के नाम से प्रतिदिन निःशुल्क लंगर सेवा संचालित की जा रही है। समिति की यह सेवा पिछले चार वर्षों




से लगातार बिना किसी व्यवधान के जारी है, जिससे अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों, जरूरतमंदों एवं अन्य लोगों को प्रतिदिन भोजन उपलब्ध कराया जाता है।

समिति केवल लंगर सेवा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि विभिन्न सामाजिक एवं मानवीय सेवाओं में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। 1313 सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंद परिवारों के लिए निःशुल्क मोर्चरी बॉक्स (शव संरक्षण बॉक्स) की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है।

इसके अलावा, किसी परिवार में मृत्यु होने पर उस दिन भोजन नहीं बन पाने की स्थिति को देखते हुए समिति द्वारा शोकाकुल परिवार के लिए निःशुल्क भोजन एवं चाय की व्यवस्था भी की जाती है। समिति का उद्देश्य मानव सेवा को सर्वोच्च मानते हुए जरूरतमंद लोगों की हर संभव सहायता करना है। समिति के अध्यक्ष हरदीश सिंह मन्नी ने बताया कि भविष्य में भी समाज सेवा के ऐसे कार्य निरंतर जारी रहेंगे तथा अधिक से अधिक लोगों को इन सेवाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

# कुछ कपड़े समय के साथ क्यों हो जाते हैं मुलायम ? जानिए इससे जुड़ी सही जानकारी

कई लोग यह मानते हैं कि कपड़े समय के साथ नरम हो जाते हैं। इसका कारण यह है कि जब हम कपड़ों को बार-बार धोते हैं तो उनमें मौजूद धागे ढीले हो जाते हैं और इससे कपड़े मुलायम महसूस होते हैं। हालांकि, क्या सच में ऐसा ही होता है या नहीं? आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं और समझते हैं कि क्या सच में कपड़े समय के साथ नरम हो जाते हैं या नहीं।



**कपड़े धोने का तरीका**

कपड़ों की नरमी का एक प्रमुख कारण है उन्हें धोने का तरीका। अगर आप कपड़ों को गर्म पानी में धोते हैं तो इससे उनके धागे ढीले हो जाते हैं और कपड़े मुलायम महसूस होते हैं। इसके अलावा, साबुन भी इस प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाते हैं। अगर साबुन बहुत कठोर हो तो वह कपड़ों को नुकसान पहुंचा सकता है और उनकी चमक भी कम कर सकता है। इसलिए, सही साबुन का चयन करना जरूरी है।

**सुखाने का तरीका**

सुखाने का तरीका भी कपड़ों की नरमी पर असर डालता है। जब कपड़े मशीन में सूखते हैं तो उनके धागे की संरचना बदल जाती है और इससे वे मुलायम महसूस होते हैं। हालांकि, अगर आप मशीन का अधिक उपयोग करते हैं तो इससे कपड़ों की गुणवत्ता खराब हो सकती है और वे जल्दी फट सकते हैं। इसलिए, मशीन का उपयोग करते समय सावधानी बरतें और जरूरत पड़ने पर ही इसका इस्तेमाल करें।

**धागे की गुणवत्ता**

कपड़े के धागे की गुणवत्ता भी उनकी नरमाहट पर असर डालती है। अच्छी गुणवत्ता वाले धागे, जैसे सूती या लिनन अधिक समय तक मुलायम रहते हैं, जबकि निम्न गुणवत्ता वाले धागे जल्दी ढीले हो जाते हैं। इसलिए, जब भी आप नए कपड़े खरीदें तो उनके धागे की गुणवत्ता पर ध्यान दें, ताकि वे लंबे समय तक मुलायम बने रहें। इसके अलावा अच्छे धागे वाले कपड़े पहनने और धोने पर भी अपनी नरमाहट बनाए रखते हैं।

**उपयोग और देखभाल**

कपड़ों का सही उपयोग और देखभाल करना भी अहम है, ताकि वे लंबे समय तक मुलायम बने रहें। अगर आप कपड़ों को सही तरीके से नहीं रखते या नहीं धोते तो इससे उनकी नरमाहट कम हो सकती है। उदाहरण के लिए, अगर आप हर बार धोने पर कपड़ों को मोड़कर रखते हैं तो इससे उनके धागे की संरचना खराब हो सकती है और वे कठोर महसूस होंगे। इसलिए, हमेशा कपड़ों को सही तरीके से सुखाएं और स्टोर करें।

मौसम भी कपड़ों की नरमाहट पर असर डाल सकता है। गर्मियों में अधिक पसीना आने के कारण कपड़े अधिक गंदे हो जाते हैं, जिन्हें बार-बार धोना पड़ता है, जिससे धागे ढीले हो जाते हैं। वहीं, सर्दियों में कम पसीना आता है, इसलिए कपड़े कम धोने पड़ते हैं। इससे उनकी मुलायम बनावट भी बिगड़ सकती है। इस प्रकार यह कहना गलत होगा कि कपड़े समय के साथ अपने आप नरम हो जाते हैं।

# बाबरी पर घड़ियाली आंसू बहाने वाले कर रहे आस्था की बात', सीएम योगी का कांग्रेस-सपा पर हमला



**प्रतापगढ़ (आरएनएस) ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतापगढ़ से कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखा राजनीतिक हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि दोनों दल आज जाति और आस्था के नाम पर समाज को बांटने की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भगवान राम और भगवान कृष्ण के अस्तित्व पर सवाल उठाए, जबकि समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं। ऐसे दलों को आस्था पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को प्रतापगढ़ के विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्र में 384 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 111 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के पास जनता के सामने रखने के लिए केवल दो मुद्दे बचे हैं- जाति के नाम पर विभाजन और सनातन आस्था पर प्रहार। हाल के दिनों में इन दलों ने भारत की सनातन परंपरा और धार्मिक आस्था पर हमला करने की कोशिश की है, लेकिन जनता उनकी मंशा को अच्छी तरह समझ चुकी है। सीएम योगी ने कहा, "जो कांग्रेस कभी कहती थी कि भगवान राम और भगवान कृष्ण का अस्तित्व ही नहीं था, वही आज अयोध्या और आस्था की बात कर रही है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने कभी बाबरी ढांचे का समर्थन किया और उस पर घड़ियाली आंसू बहाए। अब ये गिरगिट की तरह रंग बदलकर आस्था की राजनीति कर रहे हैं।" उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस पार्टी ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं, उसे आस्था की बात करने का कोई अधिकार नहीं है। रामभक्त अगर अयोध्या की आस्था की बात करें तो वह स्वाभाविक है, लेकिन जिन दलों ने भगवान राम के अस्तित्व को नकारा या रामभक्तों का दमन किया।

# प्राथमिक विद्यालय नगला सुमाली को मिली 'उत्कृष्ट' पहचान, बीटेक छात्रा ने शिक्षण व्यवस्था की सराहना

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**डिबाई (केपी सिंह चौहान)।** विकास खंड डिबाई के प्राथमिक विद्यालय नगला सुमाली को एक और उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त हुई है। केआईईटी इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद (एनसीआर दिल्ली) की बीटेक अंतिम वर्ष की छात्रा एवं जेईई मेन उत्तीर्ण ज्योति ने अपने अंतिम वर्ष की परियोजना (फाइनल ईयर प्रोजेक्ट) के लिए विद्यालय का चयन किया।

विद्यालय के भौतिक सत्यापन के दौरान छात्रा ने विद्यालय के स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण, अनुशासित व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रणाली, स्मार्ट क्लास तथा मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस दौरान छात्रा ने कक्षा 4 एवं 5 के विद्यार्थियों को स्वयं भी पढ़ाया। बच्चों द्वारा दिए गए सटीक उत्तर, अनुशासन और सीखने की लगन से वह अत्यंत प्रभावित हुईं। उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक वातावरण को प्रेरणादायक बताते हुए इसकी सराहना की। परियोजना कार्य में सहयोग के लिए छात्रा ज्योति ने विद्यालय के समस्त स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं विद्यालय परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफलता की कामना करते हुए स्मृति-चिह्न स्वरूप विद्यालय का कैलेंडर भेंट कर सम्मानित किया।

# डॉ. रियाज सैफी के नेतृत्व में दो दर्जन लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**खुर्जा।** एनसीपी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रियाज सैफी के नेतृत्व में करीब दो दर्जन लोगों ने बुधवार को अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के कार्यालय में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने सभी नए सदस्यों का पार्टी में स्वागत करते हुए उन्हें कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में खुर्जा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बिजेंद्र वाल्मीकि भी शामिल रहे। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नए साथियों के जुड़ने से संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। डॉ. रियाज सैफी ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा और जनहित की नीतियों से प्रभावित होकर लोग बड़ी संख्या में पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी कार्यकर्ता संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# 12 जुलाई तक 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य हर हाल में पूरा करें : ए.के. शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश में वृक्षारोपण महाअभियान-2026 के अंतर्गत 12 जुलाई तक 35 करोड़ पौधरोपण के लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए आज संगम सभागार,

**वृक्षारोपण को जनआंदोलन बनाएं, मंदिरों में प्रसाद के साथ पौधे वितरित करने की अभिनव पहल पर करें विचार**



लखनऊ में नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस बार लाख नगर विकास को 45 लाख एवं ऊर्जा विभाग को 06 लाख पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया है।बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने की। बैठक में वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना भी उपस्थित रहे।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक सरकारी कार्यक्रम न रहकर जन-जन का अभियान बनना चाहिए। इसके लिए लोगों को पर्यावरण संरक्षण से भावनात्मक रूप से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लगाए गए पौधों का संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना उनका रोपण।मंत्री श्री शर्मा ने सुझाव दिया कि शहरों में अधिक से अधिक ग्रीन कैनोपी विकसित की जाए, जहां घने वृक्षों की छाया में नागरिकों के बैठने एवं विश्राम की समुचित व्यवस्था हो। इससे शहरों का पर्यावरण बेहतर होगा और नागरिकों को हरित एवं स्वच्छ सार्वजनिक स्थल उपलब्ध होंगे। श्री शर्मा ने एक अभिनव सुझाव देते हुए कहा कि जिस प्रकार मंदिरों में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाता है, उसी प्रकार पर्यावरण विभाग मंदिरों को पौधे उपलब्ध कराए, ताकि श्रद्धालुओं को प्रसाद के साथ एक पौधा भी मिले। श्रद्धा के साथ घर ले जाकर लोग उन पौधों का रोपण एवं संरक्षण करेंगे और वृक्षारोपण अभियान स्वतः जनआंदोलन का रूप ले लेगा।श्री शर्मा ने यह भी कहा कि प्रमुख चौराहों, पार्कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर यहाँ निःशुल्क पौधे उपलब्ध हैं।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान : कांठ एवं ठाकुरद्वारा की प्रगति मिली खराब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** कलेक्टर सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर हुई बैठक में कांठ, ठाकुरद्वारा की प्रगति खराब मिली। वहीं एएनएम व आशा वर्कर ओरियंटेशन कार्य में भोजपुर और ठाकुरद्वारा की प्रगति कम पाई गई। जिसपर डीएम ने सुधार लाने के निर्देश दिए। डीएम डॉ. राजेंद्र पैसिया ने कहा कि संचारी रोगों से संबंधित पूरी जानकारी आशा और आंगनबाड़ी वर्करों को उपलब्ध हो। साथ ही उन्हें रोगों से बचाव व जागरूकता संबंधी मैटेरियल भी उपलब्ध कराया जाए। डीएम ने सीएमओ से कहा कि संचारी एवं दस्तक रोगों से बचाव को लेकर प्रतिदिन शपथ दिलाई जाए। जहां भी




एंटी लार्वा का छिड़काव करें वहां अनाउंसमेंट भी कराया जाए। इस दौरान सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल, परियोजना निदेशक, डीपीओ, एमओआईसी, अधिशासी अधिकारी, सीडीपीओ आदि मौजूद रहे।

# ठंडी कोठी चौराहे पर जलभराव से राहगीर परेशान, गंदे पानी से होकर निकलने को मजबूर

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**सम्भल (मौहम्मद फिरोज)।** सम्भल के दीपा सराय स्थित ठंडी कोठी चौराहे पर बारिश के बाद भारी जलभराव हो गया है। सड़क पर गंदा पानी जमा होने से राहगीरों, महिलाओं, बच्चों और दुकानदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को मजबूरी में गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जबकि कई राहगीर पानी देखकर वापस लौट जाते हैं।

सुपरवाइजर सुनील ने बताया कि क्षेत्र में लगे ट्रांसफॉर्मर और बिजली के खंभों के आसपास करंट फैलने का खतरा बना रहता है। इसी डर के कारण सफाईकर्मी भी पानी में उतरकर सफाई करने से घबराते हैं।

वहीं, फेरी लगाकर कपड़े बेचने वाले एक व्यक्ति एहसान ने बताया कि पिछले करीब पांच वर्षों से यह समस्या बनी हुई है। हर बारिश में नालों का गंदा पानी सड़क पर भर जाता है, जिससे आने-जाने में भारी दिक्कत होती है और कारोबार भी प्रभावित होता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है। उनका कहना है कि स्थायी समाधान के लिए नालों का निर्माण और जल निकासी की उचित व्यवस्था कराई जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार शिकायतें भी की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका और संबंधित अधिकारियों से जल्द से जल्द जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# कांठ की विद्युत आपूर्ति रात्रि 9:30 बजे तक ठप्प" रहने से नागरिक हुए परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर पंचायत कांठ की विद्युत आपूर्ति पूरे दिन बंद रहने से नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा' रात 9:30 बजे तक नगर की विद्युत आपूर्ति ठप्प पड़ी थी' उपखंड अधिकारी सचिन रस्तोगी ने" बुलंद संदेश" को बताया देर रात को बिजली आपूर्ति सुचारू हो




जाएगी' तेज आंधी तूफान और बारिश के कारण कांठ की 33 केवी लाइन ब्रेकडाउन में आ गई थी ' बारिश की वजह से जगह-जगह जंगलों में पानी भर गया जिस कारण पेट्रोलिंग करने और फाल्ट ढूंढने में बड़ी समस्या रही है। विभाग द्वारा बताया गया कि 33 केवी लाइन शाम को सुचारु होने की संभावना है।मतलबपुर के पास गन्ने के खेत में 33 केवी लाइन का तार टूटा हुआ मिला जिसको कर्मचारी देर शाम तक ठीक करने में लगे हुए थे ' रात्रि 9:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद थी जिसको लेकर नागरिक परेशान रहे।

**कार्यक्रम** 12 जुलाई को जिले में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजित होगा

# जिले में 1264700 विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किये जायेंगे: कविता मीना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सभी एक पेड़ मां के नाम रोपित कर पर्यावरण संरक्षण करने में सहयोग करें**

**हापुड़।** जिलाधिकारी कविता मीना ने कहा कि आगामी 12 जुलाई को जिले में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सभी विभागों द्वारा जिले में विभिन्न प्रजातियों के 1264700 पौधे रोपित किये जायेंगे।

मंगलवार को जिलाधिकारी कविता मीना जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रही थी। प्रभागीय वनाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि जनपद में इस वर्ष 12,64,700 पौधे रोपित किये जाने है। 12 जुलाई 2026 को एक ही दिन में किये जाने वाले वृक्षारोपण समस्त विभागों द्वारा गढड़ा खुदान तथा पौध की मांग पूर्ण कर ली है। वन विभाग द्वारा समस्त विभागों को पौधशालओं से इण्डेट जारी कर दिये गये है। समस्त विभाग पौधशालाओं से पौध उठान कर रहे है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये गये कि सड़क के किनारे एक ही प्रजाति के पौधों का रोपण किया जायें।



सभी विभाग एक पेड़ मॉ के नाम तथा हर मेड पर पेड थीम के अन्तर्गत जनसहभागिता के सहयोग से वृक्षारोपण कराया जायें। ब्लूटूथ स्पीकर पर देशभक्ति के गीत चलाये जायें। बाऊंड्री वॉल न हो तो बॉस व करौंदा के पेड लगाये जायें। वृक्षारोपण कार्यक्रम कराकर फोटोग्राफी/वीडियोंगाफी की जायें। गौशाला में ट्रीगार्ड के साथ कंजी के पौधें रोपित किये जायें। सभी लोग अपने परिवार के साथ वृक्षारोपण करें जिससे पर्यावरण को बचाया जा सके। प्रत्येक स्कूल में पौधारोपण की मॉनिटरिंग करें। बैनर लगाकर वृक्षारोपण कराया जायें। वृक्षारोपण के दिन ग्रीन ड्रेस कोड में वृक्षारोपण किया जाये। कार्यक्रम में विभागीय मंत्री को वृक्षारोपण कार्यक्रम में आमंत्रित किया जायें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, श्रुति शर्मा मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी गढमुक्तेश्वर, मनोज कुमार उपजिलाधिकारी धौलाना, गौतम सिंह प्रभागीय वनाधिकारी, डा0 ओ0पी0 मिश्रा मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, छवि सिंह, सहायक सम्भागीय अधिकारी,जिला उद्यान अधिकारी डा0 हरित कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।




मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267